
संस्करण : प्रयागराज
वर्ष : 15
अंक : 190
पृष्ठ : 6
मूल्य : 2.0
शनिवार 12 सितम्बर 2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
www.pratahkalexpress.in
# प्रात:काल एक्सप्रेस
सच से रुबरु

प्रयागराज से प्रकाशित एवं कौशाम्बी, प्रतापगढ़, अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, झांसी, बिजनौर में प्रसारित



## मोदी ने 9/11 हमले के पीड़ितों को दी श्रद्धांजलि, कहा–
# आतंकवाद के खिलाफ भारत का संकल्प अडिग

नयी दिल्ली,एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका में 11 सितंबर, 2001 को हुए आतंकवादी हमलों की 25वीं बरसी पर शुक्रवार को पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी और कहा कि भारत का रुख आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के खिलाफ ष्अडिगष है। श्री मोदी ने अमेरिका में हमलों में मारे गए लोगों को याद करते हुए कहा कि दुनिया को पीड़ितों का सम्मान करना चाहिए और उन परिवारों के साथ खड़ा होना चाहिए, जिनकी जिंदगी इन घटनाओं की वजह से भयावह हो गयी है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 9/11 हमलों के 25 साल पूरे होने पर हम पीड़ितों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि देते हैं तथा उन परिवारों के साथ एकजुटता से खड़े हैं, जिनकी इस हमले के बाद जिंदगी हमेशा



के लिए बदल गई। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद ने दुनियाभर में अनगिनत लोगों की जान ली है और इसके दंश से निपटने में भारत का लम्बा अनुभव रहा है, खासकर सीमा पार आतंकवाद के संदर्भ में। श्री मोदी ने कहा, ष्सीमा पार आतंकवाद के पीड़ित देश के रूप में भारत कई दशकों से इस लड़ाई में अग्रिम मोर्चे पर रहा है।ष उन्होंने कहा कि आतंकवादी खतरा लगातार बदल रहा है, ऐसे में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बनाए रखना और सामूहिक रूप से दृढ़ प्रतिक्रिया देना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा, खतरा लगातार हालांकि बदल रहा है लेकिन आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के खिलाफ हमारा संकल्प और विरोध अडिग है। हम इस संकट से निपटने के सभी प्रयासों के साथ एकजुटता से खड़े हैं। श्री मोदी ने अपने संदेश के साथ 2014 में न्यूयॉर्क स्थित 9/11 मेमोरियल एंड म्यूजियम की अपनी यात्रा की कुछ तस्वीरें भी साझा कीं और हमलों के पीड़ितों को समर्पित इस स्थल के साथ अपने जुड़ाव को याद किया। उल्लेखनीय है कि अमेरिका में 11 सितंबर, 2001 के हमले चार यात्री विमानों के अपहरण के जरिए किए गए थे, जिनमें करीब 3,000 लोगों की मौत हुई थी। इन हमलों ने वैश्विक सुरक्षा व्यवस्था को हिला कर रख दिया था। इसके बाद आतंकवाद के खिलाफ व्यापक अंतरराष्ट्रीय अभियान शुरू हुआ और दुनियाभर में आतंकवाद–रोधी तथा सुरक्षा नीतियों में बड़े बदलाव किए गए। श्री मोदी ने कहा भारत दशकों से आतंकवाद और सीमा पार हिंसा की लगातार चुनौती का सामना करता रहा है, यह बरसी वैश्विक स्तर पर समन्वित प्रतिक्रिया की उसकी बार–बार की गई अपील को भी रेखांकित करती है। नई दिल्ली लगातार आतंकवादी संगठनों, उनके वित्तीय नेटवर्क, सुरक्षित ठिकानों और उन्हें मिलने वाले अन्य प्रकार के समर्थन के खिलाफ समन्वित अंतरराष्ट्रीय कार्रवाई की वकालत करता रहा है। प्रधानमंत्री की टिप्पणियां भारतीयों के रुख की पुनः पुष्टि करती हैं कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आतंकवाद के किसी भी रूप, स्रोत या उसके पीछे मौजूद लोगों की परवाह किए बिना, उसके खिलाफ निरंतर और दृढ़ रुख अपनाना चाहिए तथा निर्दोष लोगों की जान जाने से रोकने के लिए सामूहिक प्रयासों को मजबूत करना चाहिए।

# पर्व–त्योहारों से पहले प्रमुख मार्ग हो जाये गड्ढामुक्त–सीएम योगी

लखनऊ, संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बारिश और बाढ़ से खराब हुई सड़कों की तत्काल मरम्मत कर उन्हें आवागमन के योग्य बनाने और बरसात के बाद जरूरत के अनुसार नवीनीकरण कराने के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि बारिश अभी जारी है, इसलिए सड़कों की स्थिति पर लगातार नजर रखी जाए और बारिश से नए क्षतिग्रस्त मार्गों का भी सर्वे कराया जाए। आगामी पर्व–त्योहारों में बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन होगा। ऐसे में प्रमुख मार्गों पर आवागमन में किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने पर्वों से पहले आवश्यक मरम्मत और नवीनीकरण के काम पूरे करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि गड्ढामुक्ति का काम केवल पैचवर्क तक सीमित



न रहे। जहां सड़क तत्काल खराब स्थिति में है, वहां उसे अभी मोटरेबल बनाया जाए और बरसात समाप्त होने के बाद जरूरत के अनुसार स्थायी नवीनीकरण कराया जाए। अतिवृष्टि के साथ ही एक्सप्रेस–वे, राष्ट्रीय मार्ग, रेलवे आदि की निर्माणाधीन परियोजनाओं के कारण भारी वाहनों की आवाजाही से भी कई सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं। इन मार्गों का विभागवार सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे के आधार पर क्षतिग्रस्त सड़कों को चिन्हित कर गड्ढामुक्ति के विभागवार लक्ष्य तय किए जाएंगे।आगामी पर्वों को देखते हुए प्रदेश में 681 महत्वपूर्ण मार्ग चिन्हित किए गए हैं। इनमें गणेश चतुर्थी, विश्वकर्मा पूजा, नवरात्रि, दीपावली, छठ पूजा और कार्तिक पूर्णिमा जैसे प्रमुख पर्वों के दौरान अधिक आवागमन वाले मार्ग शामिल हैं। इन मार्गों को प्राथमिकता के आधार पर बेहतर स्थिति में रखने की तैयारी है।मुख्यमंत्री ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अधिकारियों से भी उनकी

## भाजपा नेता की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या, इलाके में मचा हड़कंप

भागलपुर, एजेंसी। बिहार में भागलपुर जिले के बबरगंज थाना क्षेत्र में अपराधियों ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के श्रीनारायण नगर मंडल अध्यक्ष उमा भूषण तांती की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस क्षेत्र के कुतुबगंज बाजार निवासी भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमा भूषण तांती (52) आज अपने घर के पास सड़क पर कुछ लोगों से बातचीत कर रहे थे, तभी मोटरसाइकिल सवार आए दो–तीन अपराधियों ने उन्हें गोली मारकर घायल कर दिया। सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों के सहयोग से भाजपा नेता को गंभीर हालत में भागलपुर के जवाहरलाल नेहरु चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। हत्या के कारणों का तत्काल पता नहीं चल पाया है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस के वरीय अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन की और अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी का निर्देश थानाध्यक्ष को दिया। पुलिस ने इस सिलसिले में अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विभिन्न हिस्सों में छापेमारी शुरु कर दी है। भागलपुर के भाजपा विधायक रोहित पांडेय एवं जिला भाजपा अध्यक्ष संतोष कुमार ने घटनास्थल का दौरा करने के बाद मृत भाजपा नेता के परिजनों से मिले। उन्होंने इस घटना में शामिल अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग पुलिस के वरीय अधिकारियों से की है।

## अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बड़ी हलचल, बीएसएफ ने पाकिस्तानी घुसपैठिए को पकड़ा, पूछताछ में खुलासे होने की संभावना

हीरानगर, एजेंसी। जम्मू–कश्मीर के कठुआ जिले के हीरानगर सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सीमा सुरक्षा बल (बी.एस.एफ.) ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को जिंदा पकड़ने में सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार पाकिस्तानी व्यक्ति ने अंतरराष्ट्रीय सीमा के तरनाह नाले क्षेत्र से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने का प्रयास किया, जिसके बाद बी.एस.एफ. जवानों ने उसे हिरासत में ले लिया। पकड़े गए पाकिस्तानी घुसपैठिए से बी.एस.एफ. द्वारा फिलहाल पूछताछ की



जा रही है। सुरक्षा एजेंसियां यह पता लगाने का प्रयास कर रही हैं कि वह भारतीय क्षेत्र में किस उद्देश्य से दाखिल हुआ और सीमा पार कर यहां तक पहुंचने के पीछे उसकी मंशा क्या थी। उसकी पहचान और अन्य विवरणों की भी जांच की जा रही है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां भी सक्रिय हो गईं। डी.एस.पी. बॉर्डर तथा थाना प्रभारी हीरानगर मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। संबंधित सुरक्षा एजेंसियों द्वारा पूरे मामले की जांच की जा रही है। गौरतलब है कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को देखते हुए सुरक्षा के लिहाज से क्षेत्र में पहले से ही सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है। अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बी.एस.एफ. और अन्य सुरक्षा एजेंसियों द्वारा विशेष सतर्कता बरती जा रही है। पाकिस्तानी नागरिक के भारतीय सीमा में प्रवेश के प्रयास के बाद सुरक्षा एजेंसियां मामले को गंभीरता से लेते हुए उसकी गहन जांच कर रही हैं। फिलहाल बी.एस.एफ. की पूछताछ और सुरक्षा एजेंसियों की जांच जारी है। जांच पूरी होने के बाद ही घुसपैठिए के भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने के वास्तविक उद्देश्य और अन्य महत्वपूर्ण तथ्यों का खुलासा हो सकेगा।

# पैक्ड फूड के लेबल विवाद पर कोर्ट सख्त, एफएसएसएआई से मांगा स्पष्टीकरण

नयी दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) से कहा है कि वह पैक खाद्य पदार्थों पर पैकेट के सामने की तरफ पोषण संबंधी चेतावनी वाला लेबल (एफओपीएल) लगाने की व्यवस्था को चरणबद्ध तरीके से लागू करने के अपने प्रस्ताव के तहत श्चिंता वाले पोषक तत्वों–जैसे वसा, चीनी और नमक के लिए प्रस्तावित चेतावनी लेबल के बारे में और अधिक स्पष्ट जानकारी दे। फ्रंट–ऑफ–पैकेज लेबलिंग (एफओपीएल) खाद्य पैकेजिंग पर दी जाने वाली पोषण संबंधी जानकारी का एक ग्राफिक स्वरूप है, जो उपभोक्ताओं को खाद्य पदार्थ खरीदने और स्वस्थ आहार का विकल्प चुनने के बारे में सुविचारित निर्णय लेने में मदद कर सकता है। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने बृहस्पतिवार को केंद्र से यह भी पूछा कि वह स्कूलों में पोषण संबंधी जागरुकता बढ़ाने की योजना कैसे बना रहा है। शीर्ष




अदालत ने कहा कि बच्चों में अस्वस्थ खान–पान की आदतें विकसित होने का गंभीर खतरा है। शीर्ष अदालत का आदेश देर रात अपलोड किया गया। मामले की अगली सुनवाई 28 सितंबर को होगी। न्यायालय सार्वजनिक धर्मार्थ ट्रस्ट श्3एस एंड अवर हेल्थ सोसाइटीश की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। याचिका में केंद्र, राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को पैक खाद्य पदार्थों पर अनिवार्य एफओपीएल लागू करने का निर्देश देने की मांग की गई है। इससे पहले एफएसएसएआई ने सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि उसने ऐसे खाद्य उत्पादों के लिए लाल रंग का एफओपीएल चेतावनी लेबल लगाने का प्रस्ताव दिया है, जिनमें अतिरिक्त संतृप्त वसा, चीनी और नमक की मात्रा अधिक है। शीर्ष अदालत में पिछले माह दाखिल अनुपालन हलफनामे में एफएसएसएआई ने कहा कि दो चरणों में लागू होने वाली व्यवस्था का उद्देश्य उपभोक्ताओं को ऐसे खाद्य उत्पादों के बारे में सरल, स्पष्ट और आसानी से समझ में आने वाली चेतावनी देना है, जिनमें चिंता वाले पोषक तत्व अधिक मात्रा में मौजूद हैं। एफएसएसएआई के हलफनामे में कहा गया है कि एफओपीएल को चरणबद्ध तरीके से लागू करने का उद्देश्य उपभोक्ताओं की स्वीकार्यता सुनिश्चित करना और खाद्य उद्योग को उत्पादों में आवश्यक बदलाव करने के लिए पर्याप्त समय देना है।

## ब्रिक्स सम्मेलन पर गृह मंत्री शाह ने भारत में वैश्विक नेताओं का किया स्वागत

नयी दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को दिल्ली में होने वाले हाई–प्रोफाइल ब्रिक्स (ब्रिक्स) शिखर सम्मेलन के लिए आ रहे वैश्विक नेताओं का स्वागत



किया। यह सम्मेलन राष्ट्रीय राजधानी में 12–13 सितंबर को आयोजित हो रहा है। गृह मंत्री ने कहा कि ब्रिक्स समिट पर दुनिया भर की मीडिया की नजर है, क्योंकि जीडीपी के आंकड़े और आर्थिक गतिविधियां पश्चिम से दक्षिण एशिया की ओर बढ़ रही हैं। इस समिट में दुनिया भर के नेता सदस्य देशों के बीच सहयोग और तालमेल बढ़ाने और बेहतर दुनिया के लिए समृद्धि को बढ़ावा देने पर चर्चा करेंगे। गृह मंत्री शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, ब्रिक्स 2026 के लिए मंच तैयार है!

## आईआरसीटीसी होटल घोटाला
## लालू यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव पर मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप तय करने का आदेश

नयी दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली की स्पेशल कोर्ट ने शुक्रवार को आईआरसीटीसी होटल घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव, पत्नी राबड़ी देवी, बेटे तेजस्वी यादव और अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) के तहत जांच शुरू की थी। यह जांच सीबीआई, नयी दिल्लीद्वारा दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर की गई थी।



सीबीआई ने तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव, पीसी गुप्ता और अन्य के खिलाफ आईपीसी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। जांच में सामने आया कि लालू प्रसाद यादव ने रेल मंत्री रहते हुए अपने पद का दुरुपयोग किया था। उन्होंने पुरी और रांची के रेलवे होटलों का ठेका मैसर्स सुजाता होटल प्राइवेट लिमिटेड को दे दिया था। इसके बदले में 2 एकड़ जमीन को कम कीमत पर मैसर्स डिलाइट मार्केटिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड को ट्रांसफर करने की डील हुई थी। यह कंपनी लालू यादव के करीबी सहयोगी प्रेम चंद गुप्ता के परिवार के नियंत्रण वाली थी। बाद में इस जमीन और कंपनी का नियंत्रण नाममात्र की कीमत पर शेयर खरीद के जरिए राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव को ट्रांसफर कर दिया गया, जिससे प्रभावी रूप से जमीन का मालिकाना हक यादव परिवार के पास आ गया। ईडी ने पीएमएलए की धारा 5 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए 44 करोड़ 75 लाख रुपए की संपत्तियों को जब्त किया था, जिसे बाद में निर्णायक प्राधिकरण ने सही ठहराया था।

# पेपर लीक, फीस और खराब इंफ्रास्ट्रक्चर...
## राहुल गांधी ने गिनाई भारत की शिक्षा व्यवस्था की कमियां, मोदी सरकार पर साधा निशाना

नयी दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि देश की वर्तमान शिक्षा व्यवस्था



युवा पीढ़ी को निराश और लोगों को नाउम्मीद कर रही है। उन्होंने 19 सितंबर को इंदौर में होने वाले छात्रों की गूंज कार्यक्रम से पहले एक्स पर पोस्ट कर यह भी कहा कि प्रश्नपत्र लीक होने, ऊंची फीस और खराब बुनियादी ढांचे जैसी समस्याओं के कारण लाखों मेहनती युवा प्रभावित हो रहे हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा, भारत की शिक्षा व्यवस्था उस पीढ़ी को ही निराश कर रही है, जिसे आगे बढ़ाने के लिए इसे बनाया गया था। कांग्रेस नेता ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार की शुरुआत उन लोगों की बात सुनने से होनी चाहिए, जो रोजाना इसकी खामियों का सामना करते हैं। गांधी ने छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से सवाल किया कि उन्होंने शिक्षा व्यवस्था से उम्मीद क्यों खो दी है? उन्होंने लोगों से अपने अनुभव, संबंधित साक्ष्य और सुझाव साझा करने की अपील की तथा कहा कि मिलकर शिक्षा व्यवस्था में फिर से उम्मीद जगाई जा सकती है। राहुल गांधी इन दिनों देश के अलग अलग हिस्सों में श्छात्रों की गूंजश कार्यक्रम कर रहे हैं जिसमें वह छात्रों और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े विषयों को उठाते हैं।

# विनेश फोगाट को बड़ा झटका: दिल्ली हाईकोर्ट ने विश्व चैंपियनशिप ट्रायल में उतरने की नहीं दी इजाजत

नयी दिल्ली, एजेंसी। भारतीय पहलवान विनेश फोगाट को 2026 सीनियर विश्व चौंपियनशिप के चयन ट्रायल से पहले बड़ा झटका लगा है। दिल्ली हाईकोर्ट ने उन्हें 14 सितंबर को होने वाले चयन ट्रायल में हिस्सा लेने की अंतरिम अनुमति देने से इनकार कर दिया है। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा कि मौजूदा पात्रता नियमों में अदालत किसी एक खिलाड़ी के लिए अलग से छूट नहीं दे सकती। हालांकि, अदालत ने इस मामले को केवल विनेश की पात्रता तक सीमित नहीं रखा है। कोर्ट ने मातृत्व और महिला खिलाड़ियों के खेल करियर के बीच संतुलन से जुड़े व्यापक सवाल पर विचार करने की बात कही है। विनेश फोगाट जुलाई 2025 में मां बनी थीं। इसके बाद वह मातृत्व अवकाश से वापस खेल में लौटीं। उनका



कहना था कि गर्भावस्था, बच्चे के जन्म और प्रसव के बाद स्वास्थ्य लाभ की अवधि के कारण वह कुछ समय तक प्रतियोगिताओं में हिस्सा नहीं ले सकीं। इसी आधार पर उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट से 2026 सीनियर विश्व चौंपियनशिप के लिए होने वाले महिला चयन ट्रायल में भाग लेने की अनुमति मांगी थी। उनकी याचिका में इस बात पर जोर दिया गया कि मातृत्व के कारण खेल से दूर रहने की अवधि को सामान्य अनुपस्थिति की तरह नहीं देखा जाना चाहिए। विनेश चाहती थीं कि इस परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए उन्हें पात्रता नियमों में विशेष राहत दी जाए। मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने महिला खिलाड़ियों के लिए मातृत्व और पेशेवर खेल के बीच संतुलन को महत्वपूर्ण मुद्दा माना। अदालत इस पहलू पर विचार करना चाहती है कि क्या किसी महिला खिलाड़ी को मां बनने और अपने खेल करियर को जारी रखने में से किसी एक विकल्प को चुनने की स्थिति में आना चाहिए। हालांकि, अदालत ने यह स्पष्ट किया है कि इस सवाल पर अभी कोई अंतिम निष्कर्ष नहीं दिया गया है। आगे की सुनवाई में मातृत्व के बाद महिला खिलाड़ियों की वापसी, प्रतियोगिताओं में उनकी पात्रता और खेल संस्थाओं के नियमों के बीच संतुलन पर विस्तार से विचार किया जाएगा। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्लयूएफआई) ने 7 सितंबर को चयन ट्रायल के लिए पात्रता से संबंधित नियम तय किए थे। इन नियमों के तहत खिलाड़ियों के लिए कुछ अनिवार्य प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना जरूरी है। हाईकोर्ट ने अंतरिम स्तर पर कहा कि ये नियम सभी पहलवानों पर समान रूप से लागू होते हैं।

## संपादकीय

# नस्लीय नफरत का शिकार समाज

भारत जैसे उदार समझे जाने वाले देश में नफरत को इस कदर बढ़ावा दिया जा चुका है कि आम जनता के बीच से ही कुछ लोग हत्या जैसे जघन्य अपराध को करने में नहीं झिझक रहे हैं। राजधानी दिल्ली में बीते दिन मणिपुर के चर्चित गिटारिस्ट और संगीत शिक्षक चोंगथाम विक्रम सिंह की पीट–पीटकर हत्या करने का मामला इसका ताजा उदाहरण है। चोंगथाम विक्रम सिंह का कसूर केवल इतना था कि उन्होंने अपने घर के पास शोर मचा रहे कुछ लोगों को टोका। हो सकता है टोकने का यह मामला हत्या तक नहीं पहुंचता, लेकिन चोंगथाम विक्रम सिंह का पूर्वोत्तर से होना क्या इस हत्या का एक अहम कारक बना है, इस सवाल पर गंभीरता से सोचना होगा। राज्य और केंद्र की सत्ता पर बैठी भाजपा सरकार ने तो इसमें नस्लीय नफरत के नजरिए तो फौरन खारिज कर दिया है। संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू, जो खुद पूर्वोत्तर से आते हैं, का कहना है कि इस मामले में राजनीति नहीं करनी चाहिए, चोंगथाम विक्रम सिंह पूर्वोत्तर से हैं, ऐसा न देखकर ये देखना चाहिए कि वे भारतीय थे। ऐसी बात सुनने में तो बहुत आदर्शवादी लगती है और कायदे से होना भी यही चाहिए, लेकिन किरण रिजिजू को ईमानदारी से बताना चाहिए कि क्या मोदी सरकार में ऐसा ही होता है। क्योंकि दिल्ली समेत देश के कई राज्यों में पूर्वोत्तर के लोगों को लगातार नस्लीय हिंसा या उत्पीड़न का शिकार होना पड़ता है। उत्तराखंड में ही पिछले साल 9 दिसंबर को त्रिपुरा के छात्र एंजेल चकमा को चाइनीज और मोमो जैसे अपमानजनक शब्द कहते हुए पीट–पीट कर मार दिया गया था। इसलिए विक्रम सिंह मामले में यह पड़ताल भी करनी ही चाहिए कि इसके पीछे नस्लीय हिंसा थी या नहीं। मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा ने कहा कि दिल्ली में मणिपुर के संगीतकार चोंगथाम विक्रम सिंह की दुखद मौत के लिए जिम्मेदार हमले की घटना से हम लोग बहुत परेशान हैं। इस घटना ने राजधानी में उत्तर–पूर्वी लोगों द्वारा झेली गई क्रूरता के दर्दनाक घावों को एक बार फिर से हरा कर दिया है। इसी तरह मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने इस मामले में दिल्ली पुलिस से गहन जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी समेत सामने आ रहे सबूतों के आधार पर आरोपियों के खिलाफ तेजी से उचित कार्रवाई होनी चाहिए और पीड़ित को जल्द न्याय मिलना चाहिए। क्या भाजपा इन लोगों के बयानों को भी राजनीति बताएगी, क्योंकि ये तो एनडीए नेताओं के ही बयान हैं। वैसे ऐसी हरेक घटना पर राहुल गांधी की बात ही याद आती है कि नफरत का केरोसिन छिड़का जा चुका है और चिंगारी लगाने की देर है। कुछ वक्त पहले तक शायद इस चिंगारी को सुलगाने वाले लोगों को कानून का कुछ डर तो रहता ही होगा, लेकिन अब ये बेखौफ आग लगा रहे हैं, क्योंकि ऐसे आपराधिक तत्व कहीं न कहीं आश्वस्त हैं कि सत्ता में बैठे लोग उन्हें बचा ही लेंगे। दिल्ली में एक दलित को पीटने वाले स्वतंत्र भारद्वाज ने यही कहा था कि उसे पुलिस नहीं पकड़ेगी, क्योंकि मोदीजी उसके बड़े भाई हैं। देश में अब हर गली–कूचे में स्वतंत्र भारद्वाज जैसे लोगों का बढ़ जाना समाज के लिए काफी चिंताजनक है। क्योंकि अब बात केवल हिंदू–मुसलमान, दलित–स्वर्ण तक सीमित नहीं रही, समूचे समाज को यह नफरत लील रही है। गौरतलब है कि 54 वर्षीय चोंगथाम विक्रम सिंह पिछले 17 वर्षों से दिल्ली में संगीत सिखाने का काम कर रहे थे। उन्हें मणिपुर के संगीत जगत में एक चर्चित गिटारिस्ट और पश्चिमी संगीत के प्रमुख कलाकारों में गिना जाता था। रविवार रात करीब 11ब30 बजे उन के घर के पास कुछ लोग शोर–शराबा कर रहे थे। इनमें आसपास के ढाबों में काम करने वाले डिलीवरी और पैकेजिंग कर्मचारी भी शामिल थे। चोंगथाम विक्रम सिंह ने उन लोगों से शोर मचाने से मना किया। इसके बाद विवाद बढ़ गया। आरोप है कि सिंह अपने घर की ओर भागे, लेकिन हमलावरों ने उनका पीछा किया और इमारत की तीसरी मंजिल तक पहुंचकर उनके साथ उनको बेरहमी से पीटा। उनकी पत्नी और बेटे ने उन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, लेकिन सोमवार सुबह उनकी मौत हो गई। परिवार की शिकायत पर पुलिस ने सात लोगों को हिरासत में तो लिया है, लेकिन इसके बावजूद उनके परिवार समेत पूर्वोत्तर के लोगों को नाइंसाफी की आशंका है। यही सवाल उठ रहे हैं कि क्या गिरफ्तारी के साथ–साथ पूर्वोत्तर के नागरिकों की सुरक्षा और नस्ली भेदभाव से जुड़ी व्यापक समस्या पर भी सरकार ठोस कार्रवाई करेगी? क्योंकि अब तक ऐसी कोई मिसाल मोदी सरकार ने नहीं दी है। नरेन्द्र मोदी को अपने प्रचार कार्यक्रमों में व्यस्त हैं, लेकिन नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि एक पिता की अपने ही घर के बाहर, देश की राजधानी में हत्या कर दी गई।

# सिमोन द बुवा के देश में नारी उत्पीड़न

**डॉ. दीपक पाचपोर**

*अक्षरधाम मंदिर इसी संस्था का है। हाल ही में फ्रांस की राजधानी पेरिस में बीएसपीएस के एक मंदिर का उद्घाटन हुआ। जिस पर खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हार्दिक खुशी जाहिर की थी।*

सर्वमित्रा सुरजन

20वीं सदी के फ्रांस में वैश्विक नारीवाद की अहम किरदार थीं– सिमोन द बुवा। नारी सशक्तिकरण पर उनके मौलिक और क्रांतिकारी विचारों पर दुनिया में आज भी मंथन होता है। सिमोन द बुवा की सुप्रसिद्ध किताब है द सेकंड सेक्स। इस किताब में सिमोन कहती हैं कि औरत पैदा नहीं होती है, बल्कि समाज औरत को गढ़ता है। वह बार–बार इस पर जोर देती हैं कि हमारा धर्म, हमारी संस्कृति, हमारा समाज, लड़कियों को मजबूर करता है स्त्रीत्व बनने के लिए। सिमोन का कहना है कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हमारे धर्म में औरतों की भी पूजा होती है। धर्म तो वास्तव में आदमियों के द्वारा बनाया हुआ एक तरीका है औरतों पर शासन करने का। फ्रांस ने दुनिया को केवल सिमोन द बुवा जैसी अद्भुत नारीवादी और सामाजिक कार्यकर्ता ही नहीं दी, बल्कि उनसे पहले फ्रांसीसी क्रांति ने स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व का अद्भुत विचार दुनिया को दिया। यही लोकतंत्र की नींव बना और भारत के संविधान की बुनियाद भी इसी पर टिकी है। अब इसी फ्रांस में मानवता के लिए जरूरी इन मूल्यों पर कुठाराघात करने का काम किया है बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामिनारायण संस्था यानी बीएपीएस ने। पाठकों को बता दूं कि गुजरात के बोचासन से इस संस्था का संबंध है। अक्षरधाम मंदिर इसी संस्था का है। हाल ही में फ्रांस की राजधानी पेरिस में बीएसपीएस के एक मंदिर का उद्घाटन हुआ। जिस पर खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हार्दिक खुशी जाहिर की थी। इस संस्था के कहां कितने मंदिर बनते हैं यह अलग मुद्दा है। लेकिन ध्यान देने वाली बात ये है कि इस संप्रदाय में महिला से दूरी बनाए रखने, महिला के साथ अकेले में बात न करने आदि के नियम बनाए गए हैं, जिसका पालन इससे जुड़े लोग करते हैं। यह भी उनका निजी मामला है कि वे महिला से बात करें न करें। लेकिन पेरिस में मंदिर उद्घाटन के लिए संस्था का जो प्रतिनिधि मंडल पेरिस गया था, उसमें करीब 100 लोग एफिल टावर देखने पहुंचे तो उनके कहने पर वहां पहले बाकायदा महिला कर्मचारियों को हटाया गया। एफिल टावर की कर्मचारी यूनियन की प्रतिनिधि डायने डावोइन के अनुसार, जब प्रतिनिधि मंडल टावर के अंदर से गुजर रहा था, तब महिला कर्मचारियों को उनके कार्यस्थलों से हटने के लिए कहा गया ताकि उनकी जगह पुरुष कर्मचारी खड़े हो सकें। कर्मचारियों का आरोप है कि कुछ महिलाओं को अपनी पोस्ट छोड़कर दूसरे हिस्सों में जाने के लिए कहा गया, जबकि कुछ स्थानों पर उनकी जगह पुरुष कर्मचारियों को तैनात किया गया। महिला कर्मचारियों को प्रतिनिधि मंडल की मौजूदगी के दौरान कुछ खास इलाकों में जाने या उन्हें पार करने से भी रोका गया। जिस फ्रांस में सिमोन द बुवा ने पुरुष और स्त्री समानता की मशाल बुलंद की, धार्मिक व्यवस्थाओं के खिलाफ आवाज उठाई, उसी फ्रांस में सौ साल बाद लैंगिक भेदभाव की ऐसी घटना घटेगी, यह किसी ने नहीं सोचा होगा। इस घटना से आहत एफिल टावर के कर्मचारियों ने सोमवार को प्रदर्शन किया, जिसके चलते टावर को आगंतुकों के लिए बंद रखना पड़ा। गौरतलब है कि एफिल टावर दुनिया के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल है और इसकी वेबसाइट के अनुसार यहां हर साल करीब 70 लाख लोग आते हैं। फिलहाल पेरिस के मेयर इमैनुएल ग्रेगोआर ने मामले की जांच कराने की घोषणा की है। जबकि एफिल टावर का संचालन करने वाली कंपनी एसईटीई ने माना कि हिंदू प्रतिनिधि मंडल की ओर से महिलाओं के साथ बातचीत या संपर्क को सीमित रखने की मांग की गई थी। कंपनी ने कहा कि ऐसी शर्तों को स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए था। एसईटीई के अध्यक्ष एरियल वेल ने इसे अस्वीकार्य बताया और कहा कि एफिल टावर फ्रांस के गणतांत्रिक मूल्यों तथा महिला और पुरुषों की समानता के सिद्धांत के प्रति प्रतिबद्ध है। कंपनी ने कहा कि इस तरह की व्यवस्था उसके मूल्यों और लैंगिक समानता के सिद्धांतों के अनुरूप नहीं थी तथा मामले में जांच की जाएगी। वहीं फ्रांस की नेशनल असेंबली की अध्यक्ष याएल ब्राउन–पिवे ने भी घटना की आलोचना की। उन्होंने कहा कि विदेशी मेहमानों की मांग पूरी करने के लिए महिलाओं को पीछे हटने या सार्वजनिक जीवन से अदृश्य होने के लिए नहीं कहा जा सकता। उनका कहना था कि दूसरे लोगों का स्वागत करने का अर्थ यह नहीं है कि फ्रांस अपने मूल्यों से समझौता करे। फ्रांस की समानता मंत्री ऑरोर बर्जे ने भी कहा कि फ्रांस में महिलाओं से खुद को श्मिटा देनेश या पीछे हटने के लिए नहीं कहा जाता और कोई भी धार्मिक विचार गणराज्य के कानूनों से ऊपर नहीं हो सकता। फ्रांसीसी सरकार को यह देखने की भी जरूरत है कि उनके भीतर ऐसे कौन लोग बैठे हैं जिन्होंने महिला से दूर रहने जैसे संकीर्णतावादी विचार को बढ़ावा देने में मदद की। बीएपीएस का तो कहना है कि उसका प्रतिनिधि मंडल बड़ा था, इसलिए उसने एफिल टावर में व्यवस्था को बदलने कहा, लेकिन उसमें लैंगिक भेदभाव की बात नहीं थी। लेकिन जब टावर संचालन करने वाली कंपनी ही मान रही है कि बीएएपीएस की शर्तों को नहीं मानना चाहिए था, तो जरूर कहीं न कहीं लैंगिक भेदभाव हुआ ही होगा। बहरहाल फ्रांस तो इस मामले की जांच अपनी तरह से कर ही लेगा और जिस देश की बुनियाद उदार मानवतावादी मूल्यों पर पड़ी हो, वह खुद को दुरुस्त कर भी लेगा।

# असलियत से ज्यादा गणितीय हो सकती है भारत की तेज विकास दर

नन्तू बनर्जी

ऊर्जा की कीमतों में लगातार उतार–चढ़ाव, क्षेत्रीय आपूर्ति में रुकावट, कम निवेश और बढ़ते व्यापार प्रतिबंधों की वजह से दुनिया की अर्थव्यवस्था धीमी हो रही है। ऐसे में, वित्त वर्ष 2026–27 की पहली तिमाही में भारत की 7.8 प्रतिशत की रिकॉर्ड वास्तविक जीडीपी विकास दर कुछ ज्यादा ही अच्छी लग रही है। आर्थिक नजरिए से भारत में वित्त वर्ष की पहली तिमाही को आम तौर पर श्धीमी विकास वाला समयश माना जाता है। देश की आधिकारिक आर्थिक विकास दर ने पहली बार एक बड़ा राजनीतिक और आर्थिक विवाद खड़ा कर दिया है। जीडीपी की तेज विकास घरेलू निवेश, विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) और बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा करने जैसे कमजोर संकेतकों को नहीं दिखाती है। यह जमीनी हकीकत को भी नहीं दिखाती है, जैसे कि ऊर्जा और खाद की ज्यादा कीमतें, जो लगभग सभी सामान, औद्योगिक उत्पादों और लोगों की खपत की कीमतों पर असर डाल रही हैं। महंगाई को हटाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले इम्प्लिसिट प्राइस डिफ्लेटर– खासकर मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में नकारात्मक डिफ्लेटर ने असली महंगाई को कम करके दिखाया है। आम नजरिए से, बताई गई तेज आर्थिक विकास दर असलियत में ज्यादा गणितीय लग सकती है। देश की वास्तविक जीडीपी विकास दर दुनिया के रुझान के बिल्कुल उलट है। ओईसीडी ग्लोबल इकानॉमिक आउटलुक के विस्तृत अंतरराष्ट्रीय आंकड़ों के अनुसार, दुनिया की आर्थिक विकास दर 2026 में धीमी होकर अनुमानित 2.6 प्रतिशत से 2.7 प्रतिशत हो रही है, जो पिछले सालों की तुलना में कम है। यह सुस्ती मुख्य रूप से ऊर्जा की कीमतों में लगातार उतार–चढ़ाव, क्षेत्रीय आपूर्ति में रुकावट, कम निवेश और बढ़ते व्यापार प्रतिबंधों के कारण है। ये कारक आम तौर पर भारतीय अर्थव्यवस्था पर भी असर डाल रहे हैं। इस साल दुनिया की आर्थिक विकास दर पर मुख्य दबाव ऊर्जा के झटकों, बढ़ते व्यापार अवरोधों और ज्यादा कर्ज और उधार का है। भू–राजनीतिक संघर्षों ने, खासकर पश्चिम एशिया में, ईंधन और गैस की आपूर्ति को कम कर दिया है, जिससे सभी स्तरों पर उत्पादन और खपत की लागत बढ़ गई है और महंगाई को बढ़ावा मिला है। एकतरफा टैरिफ उपायों और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में बिखराव ने सामान के व्यापार की मात्रा के अनुमानों को कम कर दिया है। उधार लेने की ज्यादा लागत राजकोषीय गुंजाइश को सीमित कर रही है, खासकर विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, मार्च 2026 के आखिर में भारत का कुल विदेशी कर्ज 762.8 अरब तक पहुंच गया, जो पिछले साल के मुकाबले +26.3 अरब ज्यादा है। इससे कर्ज–जीडीपी अनुपात 20.8 प्रतिशत हो गया, जो कुल विदेशी देनदारियों में बढ़ोतरी को दिखाता है। ऊंची ब्याज दरों और व्यापार में बदलावों की वजह से अमेरिका की जीडीपी की विकास दर धीमी होकर लगभग 1.5–2.0 प्रतिशत रह गई है। ऊर्जा पर ज्यादा निर्भरता और स्थानीय औद्योगिक रुकावटों के कारण यूरो क्षेत्र की आर्थिक विकास दर 0.5 से 1.3 प्रतिशत के आसपास सुस्त बनी हुई है। घरेलू संरचनात्मक बदलावों के बीच चीन की अर्थव्यवस्था की रफ्तार धीमी होकर लगभग 4. 5–4.6 प्रतिशत हो गई है। मौजूदा साल में, दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाएं –अमेरिका, चीन, जर्मनी, जापान और यूके – 2.5 प्रतिशत से कम की बहुत धीमी रफ्तार से आगे बढ़ रही हैं, जबकि छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत, 2026–27 की पहली तिमाही (अप्रैल–जून) में 7.8 प्रतिशत की मजबूत वास्तविक जीडीपी दर दिखा रही है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के तहत भारत के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही के लिए वास्तविक जीडीपी को 81.36 लाख करोड़ आंका, जो वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में 75.46 लाख करोड़ था। इससे 7.8 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर मिली, जो रिजर्व बैंक के 2026–27 के लिए 6.7 प्रतिशत के अनुमान से अधिक है। स्वतंत्र विश्लेषक और आलोचक बताते हैं कि आधार वर्ष बदलने, पुराने डेटा में संशोधन करने और पुराने आंकड़ों को नए इंडेक्स तरीकों के साथ मिलाने से साल–दर–साल प्रतिशत के नतीजों में बढ़ोतरी दिख सकती है। कुछ वैकल्पिक व्याख्याओं का तर्क है कि अगर पुराने या बेमेल आधार समायोजन को हटा दिया जाए, तो कुछ खास सब–सेगमेंट में वास्तविक विकास दर कम दिखती है। हालांकि, सकारात्मक पक्ष यह है कि सेवा और हाई–एंड मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र उत्साहजनक रफ्तार दिखा रहे हैं, जबकि प्राथमिक कृषि और ग्रामीण सेक्टर अपेक्षाकृत सुस्त बने हुए हैं (तीन प्रतिशत से कम की विकास दर के साथ)। वास्तविक रूप में सकल जमा पूंजी के निर्माण में 11.9 प्रतिशत की तेजी आई, जो तेजी से क्षमता बढ़ाने, निजी पूंजीगत व्यय और सार्वजनिक बुनियादी ढांचे पर लगातार खर्च का संकेत है। मैन्युफैक्चरिंग उत्पादन में 9.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जिसमें बिजली और परिवहन उपकरण के क्षेत्र में हुई भारी बढ़त का अहम योगदान रहा। तृतीयक सेवा क्षेत्र में 10 प्रतिशत का विस्तार हुआ, जिसमें वित्तीय, जमीन जायदाद, आईटी और पेशेवर सेवाओं (जो 12.1 प्रतिशत की दर से बढ़ीं) की बड़ी भूमिका रही। निजी अंतिम उपभोग खर्च में 7.1 प्रतिशत की स्थिर वास्तविक वृद्धि बनी रही, जिससे घरेलू बाजार बाहरी वैश्विक चुनौतियों के असर से बचा रहा। भारत ने अपने जीडीपी के आधार वर्ष को 2011–12 से बदलकर 2022–23 कर दिया है। इसके साथ ही, जीएसटी, आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण और अनिगमित क्षेत्र के उद्यम के सालाना सर्वेक्षण जैसे आधुनिक आंकड़ा स्रोतों को शामिल किया गया है और श्डबल डिफ्लेशनश की पद्धति अपनाई गई है। इन बड़े बदलावों का मकसद तेजी से डिजिटल और औपचारिक हो रही अर्थव्यवस्था को समझना है, हालांकि जब तक पुरानी श्रृंखला के आंकड़े नहीं आ जाते, तब तक पुराने आंकड़ों से तुलना करना मुश्किल होगा। आंकड़ा श्रृंखला में बदलाव के मुख्य कारणों में आधार वर्ष बदलना, नया आंकड़ा शामिल करना और तरीकों में सुधार करना शामिल है। आधार वर्ष को 2022–23 करने से अर्थव्यवस्था में हाल के संरचनात्मक बदलाव, खपत में बदलाव और कीमतों के सापेक्ष महत्व का पता चलता है। हाई–फ्रीक्वेंसी और बारीक डेटासेट को शामिल करने में जीएसटी रिटर्न, अनिगमित क्षेत्र सर्वेक्षण, आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण और ई–वाहन रजिस्ट्रेशन जैसी चीजें शामिल हैं। तरीकों में सुधार के लिए आपूर्ति और उपयोग तालिका फ्रेमवर्क, तिमाही आंकड़ों के लिए आनुपातिक डेंटन बेंचमार्किंग और इनपुट लागत को बेहतर ढंग से समझने के लिए मैन्युफैक्चरिंग और कृषि में डबल डिफ्लेशन जैसे तरीके अपनाए गए हैं। इन सबके कारण पुराने और अप्रचलित तरीकों के बजाय सीधे सर्वे डेटा के जरिए अनौपचारिक और डिजिटलाइज्ड अर्थव्यवस्था के हिस्सों को बेहतर ढंग से दिखाया जा सका है। जब तक आधिकारिक पुराने आंकड़े की नयी श्रृंखला प्रकाशित नहीं हो जाती, तब तक सीधी तुलना नहीं की जा सकती। फिर भी, यह सोचना गलत है कि 2026 में भारत के आयात और निर्यात पर वैश्विक व्यापार और आर्थिक चुनौतियों का बहुत कम असर पड़ेगा। वैश्विक चुनौतियांकृजैसे पश्चिम एशिया में संघर्ष, शिपिंग रूट में रुकावट, माल ढुलाई और ऊर्जा की बढ़ती लागत, और टैरिफ नीतियों में बदलावकृभारत के बाहरी क्षेत्र पर दबाव डाल रही हैं, व्यापार घाटे को बढ़ा रही हैं और प्रमुख क्षेत्र में निर्यात की विकास दर को रोक रही हैं। घरेलू खपत बढ़ने और आयात बिल में भारी बढ़ोतरी के कारण देश का वस्तु व्यापार घाटा बढ़ गया है

# जानबूझकर विपक्ष खराब कर रहा देश की छवि

उमेश चतुर्वेदी

पश्चिमी एशिया और रूस–यूक्रेन की लड़ाई के चलते दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाएं हिचकोले खा रही हैं। ऐसे में जब यह आंकड़ा आए कि देश की जीडीपी की विकासदर 7.8 प्रतिशत रही है तो अव्वल तो खुशी का माहौल होना चाहिए था। लेकिन इसे लेकर विवाद खड़ा हो गया है। विवाद की बुनियाद बना है पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग का दावा। उनका कहना है कि जीडीपी आधार को 86 लाख करोड़ से घटाकर 80 लाख करोड़ कर दिया है। इस लिहाज से यह दर शून्य से लेकर 2.6 प्रतिशत तक ही बैठती है। सरकार के आंकड़ों की कोई पूर्व रसूखदार अधिकारी खिल्ली उड़ाए और उसे विपक्ष न ले उड़ता तो हैरत ही होती। लेकिन ऐसा हो रहा है। इसकी वजह यह है कि मौजूदा राजनीतिक माहौल में सरकार और विपक्ष के बीच बढ़ी वैचारिक खाई निजी खुन्नस और दुश्मनी तक पहुंच गई है। इस वजह से दोनों ही पक्षों में एक–दूसरे को लेकर भरोसे का रिश्ता नहीं रह गया है। यही वजह है कि देश को जोड़ने और आगे बढ़ाने वाला जब भी कोई मुद्दा या आंकड़ा सामने आता है, विपक्ष उसकी विश्वसनीयता पर ही सवाल खड़े करने लगता है। ऐसा नहीं कि अतीत में विपक्ष सरकार को नहीं घेरता रहा है। लेकिन तब भी यह ध्यान रखा जाता था कि राष्ट्रीय हितों और अंतरराष्ट्रीय संबंधों को लेकर ऐसे कदम न उठाए जाएं या ऐसे बयान न दिए जाएं, जिससे देश की छवि पर आंच पहुंचे। अगर ऐसा नहीं होता तो मानवाधिकार के मामले पर नेता प्रतिपक्ष पाकिस्तान की मुखालफत करने के लिए जेनेवा जाने वाले सरकारी दल की अगुआई नहीं करता। पीवी नरसिंह राव की सरकार ने तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष अटल बिहारी वाजपेयी को ना सिर्फ भारतीय प्रतिनिधिमंडल दल का नेता बनाकर भेजा था, बल्कि पाकिस्तान के इरादे को नेस्तनाबूद करके लौटे प्रतिनिधिमंडल का प्रोटोकाल तोड़कर दिल्ली के हवाई अड्डे पर स्वागत भी किया था। भारत ने जब–जब परमाणु परीक्षण किया, तत्कालीन विपक्ष उसके साथ रहा। वाजपेयी के पोखरण परीक्षण के बाद तो अमेरिका ने भारत पर कई प्रतिबंध लगा दिए थे, लेकिन कांग्रेस ने तब भी वाजपेयी सरकार पर सवालिया निशान नहीं लगाए थे। लेकिन आज के दौर में अगर मोदी सरकार ऐसा कोई परीक्षण करती है तो उससे आज का विपक्ष सबूत मांगेगा। यह भी हो सकता है कि विदेशी धरती पर जाकर राहुल गांधी इसका प्रत्यक्ष सबूत और परीक्षण की पूरी प्रक्रिया की जानकारी मांग दें। ठीक इसी तरह जीडीपी के आंकड़ों को लेकर भी मोदी सरकार को झूठा ठहराने की कोशिश हो रही है। चीन गलवान कांड के दौरान भारतीय सीमावर्ती कमांड के चीफ रहे जनरल को बर्खास्त कर देता है, फिर भी राहुल गांधी की अगुआई में विपक्ष अब भी प्रचारित करने से परहेज नहीं कर रहा है कि गलवान घाटी में भारतीय सेना को चीन ने हराया और चीन भारत की जमीन पर कब्जा कर लिया है। ऐसी बयानबाजी अगर एक–दो बार होती तो उसे अनदेखा भी किया जा सकता था। लेकिन विपक्ष, विशेषकर राहुल गांधी की ओर से बार–बार ऐसे बयान दिए जाते हैं, जिसका संकेत तो यही लगता है कि वे भारत की छवि को खराब कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी विपक्ष की इस प्रवृत्ति को राष्ट्रीयता बनाम राजनीति के बहस के दायरे में लाकर राहुल गांधी पर सवालों की बौछार करती रहती है। यह बात और है कि ऐसे ही बयान देने या उनका समर्थन करने वाले अखिलेश यादव और चंद्रशेखर रावण जैसे नेताओं के बयानों को नोटिस तक नहीं लेती। वैसे विदेशों में भारतीय व्यवस्था पर बार–बार सवाल उठाया गया है। मसलन राहुल गांधी ने बोस्टन में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए थे। तब उन्होंने कहा था कि चुनाव आयोग श्कंप्रोमाइज्डश है और इसके सिस्टम में श्बहुत गलतश है। हालांकि चुनाव आयोग ऐसे आरोपों का जवाब देता रहा, लेकिन विपक्ष की जुबान नहीं रुकी। इसी तरह बीते लोकसभा चुनाव के बाद अमेरिका के नेशनल प्रेस क्लब में राहुल ने कहा था, श्भारत में लोकतंत्र पिछले 10 सालों से टूटा हुआ है, अब यह लड़ रहा है।' इसी तरह सितंबर 2023 में राहुल ने यूरोपीय यूनियन को संबोधित करते हुए ब्रसेल्स में कहा था कि भारत में भेदभाव और हिंसा बढ़ रही है। इस तरह के बयानों से राहुल जहां भारत के आंतरिक मामलों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर ले जाते रहे हैं, वहीं इसके जरिए वे भारतीय संस्थाओं को खुद ही बदनाम करते हैं। इसी तरह मई 2022 में लंदन में श्आइडियाज फॉर इंडियाश सम्मेलन में राहुल ने कहा था कि भारतीय संस्थाएं श्परजीवीश बन गई हैं। तब उन्होंने भारतीय संस्थाओं मसलन सीबीआई और ईडी को श्डीप स्टेटश कह दिया था। इतना ही नहीं, उन्होंने भारत की तुलना पाकिस्तान से भी कर दी। राहुल ने 2018 में सिंगापुर के ली कुआन यू स्कूल ऑफ पब्लिक पॉलिसी में कहा था कि भारत में श्डर और नफरतश का माहौल है और बहुलता की विचारधारा खतरे में है। इसी तरह जनवरी 2018 में बहरीन में प्रवासी भारतीयों के सम्मेलन में राहुल ने कहा था कि सरकार बेरोजगारी से निपटने में नाकाम रही है। जिसका असर गुस्से और नफरत के रूप में दिख रहा है। इसी तरह 2017 में उन्होंने अमेरिका में कहा था कि भारत अब वह नहीं रहा, जहां हर कोई कुछ भी कह सकता है। ऐसे बयानों से अक्सर वे भारत को ही सवालों के घेरे में रखते हैं और इस तरह देश की छवि को नुकसान पहुंचाते हैं। उनके ऐसे बयानों को बाद में समूचा विपक्ष और ले उड़ता है और जगह–जगह भारतीय छवि को नुकसान पहुंचाता है। कुछ ऐसा ही इस बार जीडीपी को लेकर हो रहा है। दक्षिण–एशियाईऔर प्रवासी 1991 के बाद के दौर इस वक्त याद आना लाजमी है। राजीव गांधी की हत्या के बाद उपजी सहानुभूति के बावजूद कांग्रेस को आम चुनाव में बहुमत नहीं मिला। तब नरसिंह राव की अगुआई में कांग्रेस की अल्पमत की सरकार चली रही। उस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को 120 सीटें मिलीं थीं। इतनी ताकत के बावजूद बीजेपी ने आर्थिक सुधार के मोर्चे पर कांग्रेस की सरकार को बहुत सहयोग किया। सहयोग करने के लिए बीजेपी ने संसद की कार्यवाही से बहिर्गमन करने का रास्ता चुना था। मुद्दों पर वह सरकार को सदन में घेरती थी, लेकिन जब भी मतदान की नौबत आती, बीजेपी बाहर निकल जाती थी।

## जनपदीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में हंडिया संभाग ने मारी बाजी

### जीजीआईसी धनूपुर की आंचल ने उत्कृष्ट खेल का किया प्रदर्शन, सम्मानित

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। जनपदीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता इलाहाबाद इंटर कालेज में हुई। प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न संभागों की टीमों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। खिलाड़ियों के बीच काफी रोमांचक



मुकाबले देखने को मिले। जनपदीय स्तर पर आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता में हंडिया संभाग की बालिकाओ ने प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर लिया है। कड़े मुकाबले के बाद फाइनल मैच में विरोधी टीम को हराकर जनपदीय प्रतियोगिता में हंडिया संभाग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। एनआईसी हंडिया की साक्षी, प्रिया , रंजू , सोनम , खुशी तथा जीजीआईसी धनूपुर की आंचल ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि डीआईओएस डा संतोष कुमार राय ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर आयोजक मंडल, प्रशिक्षकों और विद्यालय के अध्यापकों ने खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और अनुशासन की सराहना की। चयनित खिलाड़ी अब मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## अन्ना आंदोलन के साथी इमरान संभलशाही को पुनः आप के प्रदेश प्रवक्ता की कमान

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। अन्ना आंदोलन के साथी, साहित्यकार इमरान संभलशाही को पुनः प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया है। लेखन, सामाजिक कार्य एवं पार्टी में सक्रिय रहकर महत्वपूर्ण योगदान दे रहे इमरान




संभलशाही को प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने दोबारा यह जिम्मेदारी सौंपी है। इमरान संगठन स्तर से टेलीविजन चौनलों तक पार्टी का पक्ष मुखरता से रखते हैं। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता वंशराज दुबे ने बताया कि पार्टी इमरान जैसे बुद्धिजीवी लोगों को अवसर देती रही है कि वह अपनी कलम और तार्किकता के साथ पार्टी की बात को बड़े मंचों पर रख सकें।

इमरान संभलशाही को हिंदी अकादमी, मुंबई द्वारा साहित्य भूषण सम्मान तथा पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर द्वारा वामिक जौनपुरी सम्मान सहित कई अन्य सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। इनके तीन कविता–संग्रह और एक कहानी–संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं।

हिंदी साहित्य तथा थिएटर एंड फिल्म में मास्टर्स करने वाले इमरान पेशे से शिक्षक हैं और प्रयागराज (इलाहाबाद) में अध्यापन करते हैं। प्रदेश प्रवक्ता बनाए जाने पर इमरान संभलशाही ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

## बैंक हड़ताल रही पूरी तरह सफल, प्रयागराज में नहीं खुली एक भी बैंक शाखा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज, 11 सितंबर 2026। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स के आह्वान पर शुक्रवार को आयोजित राष्ट्रव्यापी एक दिवसीय बैंक हड़ताल का प्रयागराज में व्यापक असर देखने को मिला। जिले में एक भी बैंक शाखा नहीं खुली, जिसके चलते बैंकिंग सेवाएं पूरी तरह प्रभावित रहीं। बड़ी संख्या में बैंक अधिकारी एवं कर्मचारी पीएनबी मंडल कार्यालय, संगम पैलेस, सिविल लाइंस में एकत्र हुए और अपनी मांगों के समर्थन में जोरदार प्रदर्शन किया।




प्रदर्शन के दौरान बैंक कर्मचारियों ने पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू करने, भेदभावपूर्ण पीएलआई (च्स्) व्यवस्था में सुधार तथा अन्य लंबित मांगों के शीघ्र समाधान की मांग को प्रमुखता से उठाया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र के कर्मचारियों की जायज मांगों की लगातार अनदेखी स्वीकार नहीं की जाएगी।

अखिल भारतीय पंजाब नैशनल बैंक अधिकारी संगठन, प्रयागराज मंडल के अध्यक्ष शुभान्शु पाण्डेय, मंडल सचिव संदीप सिंह एवं पीएनबीपीईए मंत्री शशिकांत श्रीवास्तव ने कहा कि प्रयागराज में हड़ताल की पूर्ण सफलता बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों की एकजुटता और संघर्षशीलता का स्पष्ट प्रमाण है। उन्होंने कहा कि सरकार एवं बैंक प्रबंधन को कर्मचारियों की लंबित मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि मांगों के समाधान में अनावश्यक देरी की गई तो बैंक कर्मचारी संगठन अपने आंदोलन को और व्यापक करने के लिए बाध्य होंगे। प्रदर्शन में रजत सिन्हा, विनय रंजन, आशुतोष, रुद्र प्रताप, लवकुश शुक्ला, आर.के. सिंह, सौम्या, ऋचा, विनीत, श्रीश, हिमांशु, पंकज सिंह, क्षितिज पाण्डेय, एस पी शर्मा, अमित सिंह, अरिजीत सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# तीन सितंबर से लापता 20 वर्षीय युवती, पिता ने युवक पर बहला–फुसलाकर ले जाने का लगाया आरोप

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। खीरी थाना क्षेत्र के महुली कला (लाला का पूरा) गांव से 20 वर्षीय युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। युवती के पिता भोलानाथ पाल ने थाने में तहरीर देकर कौंधियारा थाना क्षेत्र के खोपा रामपुर निवासी लवकुश पाल पर उनकी बेटी निशा पाल को बहला–फुसलाकर घर से ले जाने का आरोप लगाया है। पिता ने सुजनी (चौनपुरवा) निवासी हरिओम पाल पर भी युवती को भगाने में सहयोग करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पिता के अनुसार, उनकी बेटी निशा पाल तीन सितंबर 2026 को दिन में करीब 11 बजे घर से लापता हुई थी। परिजनों ने रिश्तेदारों और संभावित स्थानों पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। इसके बाद पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर बेटी की तलाश और आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई। पुलिस ने छह सितंबर को गुमशुदा व्यक्ति पंजीकरण संख्या 0023ध2026 के तहत निशा पाल की गुमशुदगी दर्ज की। मामले की जांच उपनिरीक्षक रामाधार यादव को सौंपी गई है।

पुलिस अभिलेख के अनुसार, युवती की उम्र करीब 20 वर्ष, कद लगभग 155 सेंटीमीटर और रंग गेहुँआ है।

पिता ने जताई अनहोनी की आशंका युवती के पिता ने मीडिया के समक्ष बेटी के साथ अनहोनी की आशंका जताई है। उनका आरोप है कि बेटी को युवक अपने साथ ले गया और आशंका है कि उसके साथ कोई गंभीर घटना हुई हो। उन्होंने आरोप लगाया कि गुमशुदगी दर्ज होने के बावजूद बेटी का पता नहीं चल सका है। पिता ने बेटी की जल्द बरामदगी नहीं होने पर आत्मदाह करने की चेतावनी भी दी है।

वहीं, थानाध्यक्ष खीरी वीर प्रताप सिंह ने बताया कि युवती की तलाश की जा रही है। सीडीआर की जांच की जा रही है और कुछ लोगों को पूछताछ के लिए थाने लाया गया है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। युवती के साथ किसी अनहोनी की अभी पुष्टि नहीं हुई है।

# पीडीए:- 400 बचे फ्लैटों को डिस्काउंट के साथ शीघ्र बेचने जा रहा

**फ्लैटों की बुकिंग के लिए शीघ्र ऑनलाइन पोर्टल होगा लॉन्च**
**सरकारी कर्मचारी फ्लैट खरीदना चाहता है तो 25 फीसदी धनराशि देकर जमीन या फ्लैट का कब्जा ले सकता है**
**पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर फ्लैटों की होगी बिक्री -उपाध्यक्ष ऋषिराज**

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। प्रयागराज विकास प्राधिकरण प्रयागराज (पीडीए) आने वाले फेस्टिव सीजन में लोगों की आवासीय समस्या का समाधान करने और सिर पर छत का सपना पूरा करने के लिए अपनी पुरानी योजनाओं में खाली पड़े फ्लैटों को बेचने की योजना रिलांच करने की तैयारी कर रहा है। प्रयागराज विकास प्राधिकरण अपनी विभिन्न योजनाओं में बिक्री से बचे लगभग 400 फ्लैटों को दोबारा सेल करने के लिए रिसेल महायोजना लेकर आ रहा है। खास बात यह है कि यह रिसेल महायोजना भारी डिस्काउंट के साथ सामने आ रही है।

पीडीए उपाध्यक्ष ऋषिराज ने बताया कि शासन के नियमों के तहत प्रयागराज विकास प्राधिकरण के बोर्ड बैठक में फ्लैटों के रेट भी कम किए गए हैं। प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ऋषिराज ने बताया कि पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर फ्लैटों का आवंटन किया जाएगा। उन्होंने कहा है कि फ्लैटों की बुकिंग के लिए जल्द ही ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च किया जाएगा जिससे जो लोग भी प्रयागराज विकास प्राधिकरण के विभिन्न योजनाओं में आवास लेने की योजना बना रहे हैं। वह इस योजना का लाभ उठाते हुए घर खरीद सकते हैं।



प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ऋषिराज ने बताया कि ग्राहकों को इस योजना में कई अन्य आकर्षक डिस्काउंट भी दिए जा रहे हैं। अगर डेढ़ महीने यानि 45 दिन के अंदर कोई फ्लैट की पूरी कीमत अदा करता है तो उसे ज्यादा डिस्काउंट मिलेगा लेकिन अगर 90 दिन के अंदर जमा करता है तो उससे थोड़ा कम डिस्काउंट मिलेगा। उन्होंने बताया कि अगर कोई सरकारी कर्मचारी फ्लैट खरीदना चाहता है तो वह सिर्फ 25 फीसदी धनराशि देकर जमीन या फ्लैट का कब्जा ले सकता है। विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ऋषिराज ने कहा कि ऋफ्लैटों की बिक्री पूरी तरह से ऑनलाइन की जाएगी और पूरी पारदर्शी व्यवस्था रखी जाएगी। प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने कहा है कि लोग बढ़ चढ़कर आएं और अपने आवास के सपनों को जरूर पूरा करें।

प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ऋषिराज ने बताया कि पीडीए की विभिन्न योजनाओं में 33 से 36 लाख कीमत के फ्लैट बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। यह फ्लैट 50 से 60 वर्ग मीटर एरिया तक के हैं। इन फ्लैटों की लोकेशन धूमनगंज थाना क्षेत्र के कालिंदीपुरम, नैनी और कुछ फ्लैट अलग–अलग क्षेत्रों में स्थित है। विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ऋषिराज ने बताया कि कोशिश है कि जो जिस क्षेत्र में रह रहे हैं उनको उसी क्षेत्र में आवास मिल सके।

# मां सीता रसोई की अध्यक्ष मनप्रीत कौर सम्मानित


**एसीएल का हुआ भव्य शुभारम्भ, खिलाडियों को किया प्रोत्साहित**
**क्रिकेट के मैदान पर उतरे मनोरंजन जगत के सितारे**

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज /देहरादून। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून स्थित राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में क्रिकेट, कला और संस्कृति का शानदार संगम देखने को आज मिला, जहां आर्टिस्ट चौम्पियन लीग (एसीएल) का भव्य शुभारंभ धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर मनोरंजन एवं संगीत जगत के कई लोकप्रिय कलाकार क्रिकेट के मैदान पर उतरे और अपने खेल से दर्शकों में जबरदस्त उत्साह पैदा किया।

कार्यक्रम में मां सीता रसोई की अध्यक्ष एवं समाजसेवी श्रीमती मनप्रीत कौर विशिष्ट अतिथि थी। एसीएल के आयोजकों ने कार्यक्रम में मां सीता रसोई की अध्यक्ष एवं समाजसेवी श्रीमती मनप्रीत कौर को समाजसेवा के लिए सम्मानित किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया और पूरे मैच के दौरान खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

इस अवसर पर मां सीता रसोई की अध्यक्ष एवं समाजसेवी श्रीमती मनप्रीत कौर ने कहा






कि इस तरह … और आयोजन … चाहिए, क्योंकि ऐसे आयोजन आपसी सद्भावना, भाईचारे और एकजुटता को मजबूत करने का माध्यम बनते हैं। उन्होंने कहा कि कलाकारों और खिलाड़ियों को एक मंच पर लाने वाले ऐसे आयोजन समाज को सकारात्मक संदेश देते हैं।

उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और हरियाणवी संस्कृति को आगे बढ़ाने तथा हमारी आपसी एकता को मजबूत करने के लिए ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। जब अलग – अलग क्षेत्रों और पृष्ठभूमि के लोग एक साथ मिलकर खेलते हैं, तो इससे समाज में प्रेम, सद्भाव और एकता का संदेश जाता है।

एसीएल का आयोजन बिंटू बाबरा एवं सुख देशवाल ने किया जिसमें साहिल और गोल्डी … सहयोग रहा। … कलाकारों को …नेस से जोड़ने … खेल भावना, …ईचारे और …र्जा को बढ़ावा … प्रांजल दहिया, …स्टार, खासा आला चहर, सुरेंद्र रोमियो, सुशील मस्ताना, रूमी हुड्डा, अमनराज गिल, कोमल चौधरी, धुल्ल, रामकेश जी, हुस्सी मिर्जा, राशिद अहमद और साहिल कुरैशी सहित कई लोकप्रिय कलाकारों ने हिस्सा लिया।

अपने पसंदीदा कलाकारों को क्रिकेट के मैदान पर खेलते देखकर दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला। कलाकारों ने शानदार खेल भावना और जोश के साथ मुकाबले में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आचार्य रोहित रिछारिया, मलूक पीठ एवं बागेश्वर धाम के परम कृपापात्र, श्रीधाम वृंदावन शामिल हुए। उन्होंने सभी खिलाड़ियों एवं आयोजकों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया और युवाओं को खेल, संस्कार, संस्कृति एवं सकारात्मक जीवन मूल्यों से जुड़े रहने का संदेश दिया।

उल्लेखनीय है कि मां सीता रसोई की अध्यक्ष एवं समाजसेवी श्रीमती मनप्रीत कौर की ओर से विश्व प्रसिद्ध प्रयागराज के माघ मेला और महाकुंभ में माहभर दिन, रात दर्जनभर स्थानों पर भण्डारा चलता रहा, इस दौरान श्रद्धालुओं में कपडा, जूते – चप्पल का वितरण किया गया। 10 वर्षो से अयोध्या में मा सीता की रसोई का संचालन किया जा रहा जहां हजारों लोग प्रतिदिन भण्डारे का प्रसाद ग्रहण करते है। वृन्दावन और मथुरा में भी दर्जनभर स्थानों पर भण्डारा चल रहा है। मां सीता रसोई की अध्यक्ष एवं समाजसेवी श्रीमती मनप्रीत कौर ने बताया कि माघ मेला, हरिद्वार कुंभ, त्र्यैम्बकेश्वर कुंभ और सिंहस्थ उज्जैन महाकुंभ में इस बार से विशाल भण्डारा चलाया जाएगा।

## वित्त एवं लेखाधिकारी माध्यमिक का अतिरिक्त प्रभार नीतू सिंह यादव को, शिक्षक संघ ने दी बधाई

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। जनपद प्रयागराज में वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक के पद पर कार्यरत श्रीमती नीतू सिंह यादव को अपर मुख्य सचिव, माध्यमिक शिक्षा की ओर से जारी शासनादेश के क्रम में वित्त एवं लेखाधिकारी माध्यमिक, प्रयागराज का अतिरिक्त प्रभार प्रदान किया गया है और उन्होंने कार्यभार भी ग्रहण कर लिया है। नीतू सिंह 2016 बैच की पीसीएस अधिकारी हैं जो अंबेडकर नगर की निवासी है । इसके पूर्व यह प्रभार जिला पंचायत कार्यालय प्रयागराज में वित्तीय परामर्शदाता के पद पर आसीन विशपाल सिंह के पास था। अतिरिक्त प्रभार ग्रहण करने के अवसर पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) के प्रतिनिधिमंडल ने नीतू सिंह यादव से भेंट कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारियों ने आशा व्यक्त की कि नीतू सिंह यादव के अतिरिक्त प्रभार ग्रहण करने से माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों एवं कर्मचारियों से संबंधित वेतन, एरियर, पेंशन, जीपीएफध्एनपीएस तथा अन्य वित्तीय प्रकरणों का समयबद्ध एवं सुचारु रूप से निस्तारण होगा। संघ ने विश्वास व्यक्त किया कि लंबित वित्तीय कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कर शिक्षकों एवं कर्मचारियों को राहत प्रदान की जाएगी। शिक्षक संघ (एकजुट) के प्रदेश संरक्षक डा हरि प्रकाश यादव ने कहा कि वित्तीय मामलों के समय से निस्तारण से शिक्षकों एवं कर्मचारियों को अनावश्यक कार्यालयी कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ेगा तथा विभागीय कार्यों में भी गति आएगी। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष उपेंद्र वर्मा, प्रदेश आय–व्यय निरीक्षक सुरेंद्र प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष देवराज सिंह, जिला मंत्री डी.पी. यादव, मंडली अध्यक्ष सम्राट मिथिलेश मौर्य, मंडली मंत्री लक्ष्मी नारायण सिंह एवं संदीप शुक्ला सहित शिक्षक संघ के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रयागराज में पर्यटन विकास को मिली रफ्तार, धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों के सौंदर्यीकरण पर करोड़ों खर्च

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। तीर्थराज प्रयागराज में धार्मिक, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन विभाग द्वारा पिछले वर्षों में व्यापक स्तर पर विकास एवं सौंदर्यीकरण के कार्य कराए गए हैं। गंगा, यमुना एवं अदृश्य सरस्वती के पावन संगम के कारण प्रयागराज देश–विदेश के श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए महत्वपूर्ण पर्यटन केंद्र है। इसी महत्व को देखते हुए जिले के विभिन्न धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों पर अवस्थापना सुविधाओं के विस्तार से लेकर फसाड लाइटिंग और इको टूरिज्म तक कई योजनाएं संचालित की गई हैं।

धार्मिक एवं आध्यात्मिक पर्यटन पर घ131.43 करोड़ खर्च

धार्मिक एवं आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए घ13,142.51 लाख (लगभग घ131.43 करोड़) की धनराशि से विभिन्न स्थलों पर विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य कराए गए। इनमें 12 माधव एवं परिक्रमा पथ से जुड़े मंदिर स्थलों पर मूलभूत सुविधाओं का विकास, भैरव बाबा मंदिर मेहबाचा–नैनी का पर्यटन विकास, श्रृंगवेरपुर धाम में निषादराज पार्क फेज–1 व फेज–2 तथा भगवान श्रीराम और गुहराजा निषादराज के गले मिलते हुए 51 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमा का निर्माण प्रमुख है।

इसके अलावा दलतपुर शिव मंदिर, दशाश्वमेध मंदिर दारागंज, द्वादश माधव मंदिर, पाण्डेश्वरनाथ धाम, भारद्वाज आश्रम, मंकामेश्वर मंदिर, प्राचीन विजय हनुमान मंदिर, दुर्वासा आश्रम, पगला नन्द आश्रम, शूलटंकेश्वर मंदिर अरैल, वेणी माधव मंदिर, कल्याणी देवी मंदिर, तक्षक तीर्थ मंदिर दरियाबाद, लाक्षागृह सहित अनेक धार्मिक स्थलों पर विकास एवं सौंदर्यीकरण कराया गया।

श्रृंगवेरपुर धाम में थीमेटिक गेट, शौचालयों का जीर्णोद्धार, निषादराज पार्क में म्यूरल आर्ट और पार्किंग सुविधा, शहीद रोशन सिंह स्मारक का जीर्णोद्धार तथा नर्मदेश्वर शिव मंदिर मेजा और नींवा सहित अन्य स्थलों पर भी कार्य कराए गए।

फसाड लाइटिंग से रात में जगमग हुए प्रमुख स्थल

धार्मिक, पर्यटन एवं हेरिटेज स्थलों को रात्रिकालीन पर्यटन का आकर्षण बनाने के लिए घ2,708.81 लाख (लगभग घ27.09 करोड़) की लागत से फसाड लाइटिंग के कार्य कराए गए। नागवासुकी मंदिर, शक्तिपीठ अलोपी देवी मंदिर, श्रृंगवेरपुर धाम स्थित श्रृंगी ऋषि आश्रम, शंकर विमान मंडपम मंदिर, म्योहाल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, नैनी ब्रिज, शास्त्री ब्रिज तथा सिविल लाइंस स्थित हनुमान जी मंदिर को आकर्षक प्रकाश व्यवस्था से सजाया गया। इससे इन स्थलों की रात्रिकालीन सुंदरता बढ़ने के साथ नाइट टूरिज्म को भी प्रोत्साहन मिला।

मेजा में इको टूरिज्म को बढ़ावा

प्रकृति आधारित पर्यटन को विकसित करने के उद्देश्य से घ499.87 लाख की लागत से मेजा स्थित कृष्ण मृग आरक्षित क्षेत्र में इको पार्क एवं पर्यटक सुविधाओं का विकास कराया गया।

होटलों और पर्यटन कार्यालय का हुआ उन्नयन

पर्यटकों को बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए घ736.50 लाख की धनराशि से पर्यटन निगम की इकाइयों का उन्नयन किया गया। इसके तहत होटल राही इलावर्त और होटल त्रिवेणी दर्शन का उच्चीकरण किया गया। क्षेत्रीय पर्यटन कार्यालय के उन्नयन से पर्यटक सेवाओं एवं प्रशासनिक कार्यों को भी अधिक प्रभावी बनाने का प्रयास किया गया।

प्रचार–प्रसार और पर्यटन जागरूकता पर जोर

पर्यटन स्थलों तक पहुंच आसान बनाने के लिए प्रमुख स्थलों पर साइनेज लगाए गए। प्रिंट एवं सोशल मीडिया के माध्यम से पर्यटन स्थलों का प्रचार–प्रसार किया गया। युवा पर्यटन क्लब के माध्यम से विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए पर्यटन दिवस पर भ्रमण कार्यक्रम आयोजित कर नई पीढ़ी को प्रयागराज की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत से परिचित कराया गया।

महाकुम्भ को लेकर हितधारकों को प्रशिक्षण


महाकुम्भ–2025 को ध्यान में रखते हुए टूरिस्ट गाइड, टैक्सी चालक, नाविक और बोटमैन सहित पर्यटन से जुड़े विभिन्न हितधारकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसका उद्देश्य पर्यटकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ पर्यटन से जुड़े लोगों को अधिक जागरूक एवं प्रशिक्षित करना रहा।

# मॉरीशस में सम्मानित हुए नैनी के चिकित्सक डॉ. अल्ताफ अहमद

प्रातःकाल एक्सप्रेस

नैनी। नैनी के प्रसिद्ध चिकित्सक एवं जहांगीर हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. अल्ताफ अहमद ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रयागराज का नाम रोशन किया है। मॉरीशस में आयोजित अंतरराष्ट्रीय समिट एवं झ्च होम्यो अवार्ड समारोह में उन्हें चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य एवं शोध के लिए झ्च होम्यो स्टार अवार्ड से सम्मानित किया गया।

समारोह में डॉ. अल्ताफ अहमद द्वारा चिकित्सा क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों, शोध और मरीजों के प्रति उनके सेवाभाव की सराहना की गई। विशेष रूप से ब्रेन, सर्वाइकल, पैरालिसिस एवं ट्यूमर से संबंधित उनके शोध कार्यों के लिए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. अल्ताफ अहमद ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर मिला यह सम्मान उनके चिकित्सकीय सफर की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उन्हें चिकित्सा के क्षेत्र में और अधिक शोध, नवाचार एवं सेवा के लिए प्रेरित करेगा। उनका प्रयास है कि बेहतर उपचार और निरंतर शोध के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाया जा सके। डॉ. अल्ताफ अहमद अपने दिवंगत पिता अनवार अहमद के बताए रास्ते पर चलते हुए चिकित्सा सेवा को प्राथमिकता देते हैं। चिकित्सा के साथ–साथ जरूरतमंदों की सहायता और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए भी वह क्षेत्र में अपनी अलग पहचान रखते हैं। मरीजों के प्रति मानवीय व्यवहार, जरूरतमंदों की मदद के लिए तत्परता और चिकित्सा सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के चलते क्षेत्र के लोगों के बीच उनकी विशेष पहचान बनी हुई है। मॉरीशस में मिला यह अंतरराष्ट्रीय सम्मान उनके चिकित्सा क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।



## संक्षिप्त

### भारी बारिश से कई कच्चे मकान गिरे,मुआवजे की मांग

बांदा, संवाददाता। विकासखंड जसपुरा की ग्राम पंचायत झंझरी पूरवा में भारी बारिश के कारण कई कच्चे मकान गिर गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस साल इतनी ज्यादा बारिश हुई कि गरीब लोगों के घर ढह गए। विनोद शुक्ला ने बताया कि इस साल काफी बारिश हुई, जिससे कई गरीब परिवारों के घर गिर गए। उन्होंने सरकार से सर्वे कराकर उचित मुआवजा और आवास देने की मांग की है। अरविंद निषाद ने भी बताया कि बहुत से घर गिरने के कारण कुछ लोगों के पास रहने के लिए जगह नहीं बची है। उन्होंने लेखपाल को भेजकर सर्वे कराकर मुआवजा देने का अनुरोध किया। दिनेश निषाद और आनंद शुक्ला ने भी यही बात दोहराई और जल्द से जल्द सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की। इस संबंध में लेखपाल राकेश अग्निहोत्री से बात की गई। उन्होंने बताया कि वे मौके पर जाकर सर्वे करेंगे और जितना नुकसान होगा, उसकी भरपाई सरकार द्वारा कराई जाएगी। ग्रामीण लेखपाल के इस जवाब से संतुष्ट दिखे। ग्रामीणों ने बताया कि इस साल लगातार बारिश के कारण बहुत ज्यादा कच्चे मकान गिरे हैं, जिससे गरीब लोगों के पास रहने के लिए घर नहीं बचे हैं। सभी ने सरकार से जल्द सर्वे कराकर मुआवजा प्रदान करने की अपील की है।

### आरएसएस ने छात्रों को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित किया

बांदा, संवाददाता। बबेरू के जेपी शर्मा इंटर कॉलेज में शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें स्कूल के छात्र–छात्राओं के साथ आरएसएस कार्यकर्ता और दूसरे लोग भी मौजूद रहे। युवा संवाद के दौरान युवाओं को राष्ट्र निर्माण, सामाजिक जिम्मेदारियों, अनुशासन और संस्कारों के बारे में बताया गया। उन्हें समाज के प्रति सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया।वक्ताओं ने छात्रों से पढ़ाई के साथ–साथ सामाजिक और राष्ट्रीय गतिविधियों में हिस्सा लेने को कहा। कार्यक्रम में मौजूद छात्रों और कार्यकर्ताओं ने कई विषयों पर अपने विचार रखे। इस आयोजन का मकसद युवाओं में जागरूकता, सामाजिक भागीदारी और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना था।

### विज्ञान प्रदर्शनी और प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ

उरई/जालौन, संवाददाता। जालौन के पिरोना स्थित श्री कृष्णा जनता इंटर कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी और प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। इसका आयोजन आंचलिक विज्ञान नगरी, लखनऊ ने किया। कार्यक्रम का मकसद छात्र–छात्राओं में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना और उन्हें वैज्ञानिक सोच, प्रयोगात्मक ज्ञान व नई तकनीकों से परिचित कराना था। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को विज्ञान से जुड़े कई अहम विषयों की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने छात्रों को आसान और दिलचस्प तरीके से वैज्ञानिक बातें समझाईं। उन्हें अलग–अलग प्रयोगों और गतिविधियों से विज्ञान को करीब से जानने का मौका मिला। विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने बड़े उत्साह से हिस्सा लिया। उन्होंने कई वैज्ञानिक मॉडल और गतिविधियों को देखा और उनके बारे में जानकारी ली। पूरे कार्यक्रम के दौरान छात्र–छात्राओं में काफी जोश दिखा। स्कूल के शिक्षकों ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों की जिज्ञासा बढ़ाते हैं और उनकी प्रतिभा को निखारने में मदद करते हैं। आंचलिक विज्ञान नगरी लखनऊ की टीम के प्रशिक्षण से छात्रों को विज्ञान की प्रैक्टिकल जानकारी मिली। कार्यक्रम के आखिर में स्कूल परिवार ने आंचलिक विज्ञान नगरी, लखनऊ से आए प्रशिक्षकों का आभार जताया। इस मौके पर स्कूल के शिक्षक–शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं मौजूद थे। शुक्रवार, 11 तारीख को हुए इस कार्यक्रम में लखनऊ से आई टीम ने छात्रों को विज्ञान के बारे में अलग–अलग जानकारी दी। उन्होंने चलती–फिरती वैन में लगे वैज्ञानिक उपकरणों के बारे में भी समझाया। छात्रों ने इसे अच्छे से देखा, समझा और सवालों के जवाब दिए। लखनऊ टीम के प्रमुख विज्ञान अधिकारी श्री आशु कुमार विशाल ने कार्यक्रम का संचालन किया। स्कूल के प्रधानाचार्य श्री चंद्रगुप्त मौर्य ने टीम की तारीफ की। इस दौरान श्री विक्रमादित्य सिंह यादव, लेफ्टिनेंट सुधाकर राव गौतम, नईम सर, अध्यापक महेश द्विवेदी सर, शुभम कुमार, हरिश्चंद्र वर्मा, विजय कुमार गौतम, जैनेंद्र साहू, नितिन वर्मा और अंकित चौधरी जैसे अध्यापक भी मौजूद थे।

### आकाशीय बिजली गिरने से चरवाहे व आठ बकरियों की मौत

उरई/जालौन, संवाददाता। डकोर कोतवाली क्षेत्र के खरका गांव में शुक्रवार दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से एक चरवाहे की मौत हो गई। इस हादसे में उसकी आठ बकरियां भी बिजली की चपेट में आकर मर गईं। खरका निवासी देशराज निषाद शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे गांव के बाहर बकरियां चराने गया था। इसी दौरान अचानक बादल छा गए और मौसम खराब हो गया। बारिश के बीच तेज गरज–चमक के साथ बिजली गिरी। इसकी चपेट में आने से देशराज बुरी तरह झुलस गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उसके साथ मौजूद आठ बकरियां भी बिजली गिरने से मर गईं। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और परिजनों को जानकारी दी। हादसे की सूचना प्रशासनिक अधिकारियों को भी दी गई। इसके बाद राजस्व और पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। प्रशासन की ओर से मृतक देशराज के परिवार को नियमों के तहत सहायता देने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

### बाइक–ई–रिक्शा की टक्कर से दो युवक घायल

उरई/जालौन, संवाददाता। जालौन के कोंच नगर में शुक्रवार दोपहर करीब 2.30 बजे एक हादसा हो गया। बाजार जा रहे दो बाइक सवार युवकों की बाइक सामने से आ रहे ई–रिक्शा से टकरा गई। इस टक्कर में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कोंच पहुंचाया गया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक, घायल युवकों की पहचान झांसी जिले के उल्दन गांव निवासी 22 वर्षीय शिवम और 28 वर्षीय सूर्यकांत के रूप में हुई है। वे कोंच थाना क्षेत्र के सतोह गांव में अपने रिश्तेदारों के यहां आए हुए थे। शुक्रवार को वे दोनों बाइक से कोंच बाजार में घरेलू सामान खरीदने जा रहे थे।

# बैंक कर्मचारियों ने 5 दिन बैंकिंग समेत कई मांगों को लेकर किया प्रदर्शन




बांदा, संवाददाता। शुक्रवार को बैंक कर्मचारियों की एक दिवसीय देशव्यापी हड़ताल का बड़ा असर दिखा। राष्ट्रीयकृत बैंकों में कामकाज पूरी तरह बंद रहा। प्रदर्शन के दौरान खुली एचडीएफसी, आईसीआईसीआईआई, और बैंक ऑफ महाराष्ट्र की शाखाओं को भी कर्मचारियों ने बंद करा दिया। बैंक कर्मचारियों ने बताया कि निजी क्षेत्र के कर्मचारी भी पांच दिवसीय बैंकिंग समेत कई मांगों का समर्थन कर रहे हैं। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स के बुलावे पर जिलेभर के बैंक कर्मचारी और अधिकारी हड़ताल पर रहे। इसके चलते बैंकों में लेन–देन समेत अन्य कामकाज पर असर पड़ा। कर्मचारियों ने शहर में इंडियन बैंक के जोनल ऑफिस, एसबीआई के रीजनल ऑफिस और कैनरा बैंक की स्टेशन रोड शाखा के सामने प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। बैंक ऑफ बड़ौदा के सहायक मंत्री और ऑल इंडिया कोऑर्डिनेटर कुलदीप यादव ने बताया कि इंडियन बैंक्स एसोसिएशन और बैंक यूनियनों के बीच करीब दो साल पहले कई मांगों को लेकर लिखित समझौता हुआ था। आरोप है कि इसके बावजूद समझौते को अब तक लागू नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि हड़ताल के जरिए सरकार को चेतावनी दी जा रही है। अगर मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो बैंक कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू करना, रिटायर्ड कर्मचारियों की पेंशन बढ़ाना, डीए में समानता लाना, बैंकों में कर्मचारी–अधिकारी निदेशकों की नियुक्ति और लाभ पर आधारित प्रोत्साहन योजना बंद करना शामिल हैं। यूनियन्स ने 28, 29 और 30 सितंबर को तीन दिवसीय देशव्यापी हड़ताल और 26 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की है। प्रदर्शन में रावेन्द्र कुमार शुक्ला, नरेंद्र कश्यप, कुलदीप यादव, आशिफ नजमी, शशिकांत गुप्ता, अरुण अंबेडकर, दीपक गुप्ता समेत बड़ी संख्या में बैंक कर्मचारी और अधिकारी शामिल रहे। प्रदर्शन की जानकारी यूपी बैंक एम्प्लाइज यूनियन के जिला मंत्री एवं संयोजक रावेन्द्र कुमार शुक्ला ने दी।

# एएमयू के कंप्यूटर विज्ञान विभाग में नवप्रवेशित स्नातक विद्यार्थियों के लिए ओरियंटेशन कार्यक्रम

अलीगढ़,, संवाददाता। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान विभाग ने सत्र में नवप्रवेशित बी.एससी. कंप्यूटर विज्ञान एवं अनुप्रयोग के विद्यार्थियों के लिए ओरियंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण, नियमों, कार्यप्रणाली, संस्कृति और मूल्यों से परिचित कराना था। इसके साथ ही विद्यार्थियों को शिक्षकों और सहपाठियों के साथ संवाद का अवसर भी मिला। उन्हें प्रोवोस्ट कार्यालय, परीक्षा नियंत्रक कार्यालय और प्रॉक्टर कार्यालय सहित विभिन्न विश्वविद्यालय कार्यालयों की सेवाओं और कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई। कंप्यूटर विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. अरमान रसूल फरीदी ने विद्यार्थियों को विभाग में उपलब्ध शिक्षण सुविधाओं, प्रयोगशालाओं, शोध के अवसरों और रोजगार चयन संबंधी सहायता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को कार्यक्रम का पूरा लाभ उठाने तथा तकनीकी और व्यवहारिक दोनों प्रकार के कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थी क्लबों और प्रॉक्टर कार्यालय की भूमिका के बारे में भी बताया। कंप्यूटर विज्ञान विभाग की प्रोफेसर प्रो. तमन्ना सिद्दीकी ने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के आवासीय और सामाजिक जीवन से परिचित कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को सह–पाठ्यक्रम और अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया, जिससे उनके संवाद कौशल, आत्मविश्वास, रचनात्मकता, टीम भावना और समग्र विकास को बढ़ावा मिल सके। एएमयू के राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रकोष्ठ के सिस्टम प्रबंधक निसार अहमद खान और कंप्यूटर विज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. फैसल अनवर ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लाभों की जानकारी दी। उन्होंने क्रेडिट व्यवस्था, मुख्य–विषय एवं सहायक–विषय पाठ्यक्रम तथा प्रवेश और निकास की विभिन्न व्यवस्थाओं के बारे में समझाया। कंप्यूटर केंद्र के निदेशक डॉ. परवेज महमूद खान ने विद्यार्थियों को कंप्यूटर केंद्र की विभिन्न सेवाओं से परिचित कराया। उन्होंने वास्तविक जीवन की समस्याओं के नए और उपयोगी समाधान विकसित करने में कंप्यूटर विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला। कंप्यूटर विज्ञान विभाग की डॉ. सहबा मसूद ने विश्वविद्यालय की परीक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी दी और विद्यार्थियों को परीक्षा कार्यक्रम, नियमों तथा शैक्षणिक आवश्यकताओं के प्रति सजग रहने की सलाह दी। कंप्यूटर विज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर एवं प्रशिक्षण और रोजगार अधिकारी डॉ. मोहम्मद नदीम ने विश्वविद्यालय और विभाग में उपलब्ध रोजगार चयन के अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने बहुराष्ट्रीय कंपनियों में रोजगार पाने के लिए आवश्यक कौशलों के बारे में भी बताया।

# 7 सितंबर को प्रजापति समाज का महासम्मेलन, सामाजिक एकता पर जोर रहेगा



नोएडा, संवाददाता। जेवर के बिलासपुर कस्बे में शुक्रवार दोपहर 12 बजे प्रजापति समाज के महासम्मेलन को लेकर एक प्रेस वार्ता हुई। यह वार्ता राजेंद्र प्रजापति के घर पर आयोजित की गई। अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासभा फोरम 27 सितंबर को बिलासपुर में प्रजापति प्रबुद्ध महासम्मेलन का आयोजन करेगा। इस सम्मेलन में प्रदेश के अलग–अलग जिलों के साथ–साथ देश के दूसरे राज्यों से भी प्रजापति समाज के लोग बड़ी संख्या में पहुंचेंगे। इसका मुख्य मकसद समाज को संगठित और मजबूत बनाना है। साथ ही सामाजिक जागरूकता को भी बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में समाज की मौजूदा स्थिति, शिक्षा, रोजगार, सामाजिक उत्थान और युवाओं की भागीदारी जैसे कई विषयों पर बात होगी। प्रजापति समाज को एकजुट करने पर भी चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम के आयोजक प्रजापति राजेंद्र आर्य ने बताया कि समाज के विकास के लिए एकजुटता बहुत जरूरी है। इसी मकसद से यह प्रदेश स्तरीय महासम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में उत्तर प्रदेश सरकार के होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा मंत्री धर्मवीर प्रजापति मुख्य अतिथि होंगे। क्षेत्रीय विधायक धीरेंद्र सिंह और उत्तराखंड माटी कला बोर्ड के उपाध्यक्ष शोभाराम प्रजापति भी शामिल होंगे। समाज के प्रतिनिधि और अलग–अलग क्षेत्रों से जुड़े लोग अपने विचार रखेंगे। सामाजिक हितों से जुड़े मुद्दों पर गहराई से चर्चा होगी। इस महासम्मेलन में उत्तर प्रदेश के कई जिलों के अलावा दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड, राजस्थान, पंजाब और गुजरात जैसे राज्यों से भी प्रजापति समाज के लोग आएंगे। आयोजकों ने समाज के सभी सदस्यों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। सम्मेलन के जरिए समाज के लोगों को एक मंच पर लाकर सामाजिक एकता और भाईचारे को मजबूत करने का संदेश दिया जाएगा। नई पीढ़ी को शिक्षा और सामाजिक गतिविधियों से जोड़ने और समाज के विकास के लिए मिलकर प्रयास करने पर भी खास जोर रहेगा। इस बैठक में प्रजापति राजेंद्र आर्य, प्रेम चंद प्रजापति, संतोष प्रजापति, सैलू प्रजापति, झगडू प्रजापति और राहुल प्रजापति जैसे कई लोग मौजूद थे।

## अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश, तीन शातिर चोर पकड़े गए

ग्रेटर नोएडा, संवाददाता। दादरी थाना पुलिस ने एक अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में 3 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी की 18 मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी संतोष कुमार ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया। दादरी पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की। पुलिस ने दो–पहिया वाहन चोरी करने वाले इस अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने दादरी निवासी कलुआ उर्फ इलियास, नितिन पंडित और अनमोल भारती को गिरफ्तार किया है। इन्हें ग्राम आनंदपुर जाने वाले रास्ते के पास से पकड़ा गया। दादरी पुलिस ने ग्राम कोट के सर्विस रोड से आनंदपुर जाने वाले रास्ते पर श्मशान घाट के पास घेराबंदी की थी। यहीं से इन आरोपियों को पकड़ा गया। पुलिस ने जब लोगों से पूछताछ की, तो उन्होंने बताया कि इन लोगों ने मोटरसाइकिलें चोरी कर जंगल में छिपाई हैं। इसके बाद पुलिस ने मौके पर छापेमारी की। इस दौरान 18 मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र में रेकी करते थे। इसके बाद मोटरसाइकिलें चोरी करते थे। चोरी की गई बाइकों को जंगल या किसी सुनसान जगह पर छिपा देते थे। बाद में वे रास्ते में मिलने वाले लोगों को कम कीमत पर बेच देते थे। बाइक बेचने से जो पैसे मिलते थे, उन्हें आपस में बांटकर मौज–मस्ती में खर्च कर देते थे। इन पर पहले से भी कई मुकदमे दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस इनके दूसरे आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी जुटा रही है। साथ ही, गिरोह के बाकी सदस्यों के बारे में भी पता कर रही है।

## सरकारी जमीन पर बने 5 मंजिला कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स पर चला बुलडोजर

नोएडा, संवाददाता। नोएडा के सेक्टर–104 स्थित हाजीपुर में शुक्रवार को 5 मंजिला कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स पर प्राधिकरण ने कार्रवाई शुरू की। करीब 7,950 वर्गमीटर जमीन पर बने इस कॉम्प्लेक्स को तोड़ने के लिए प्राधिकरण की 7 जेसीबी मौके पर पहुंचीं। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी भी तैनात रहे। मौके पर प्राधिकरण के ओएसडी इंदु प्रकाश सिंह, जीएम एके अरोड़ा और संबंधित सर्कल अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों की निगरानी में कॉम्प्लेक्स को तोड़ा जा रहा है। प्राधिकरण के मुताबिक, यह निर्माण सरकारी जमीन पर किया गया था। कार्रवाई के दौरान किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया है। प्राधिकरण के मुताबिक, खसरा नंबर–412 की यह जमीन वर्ष 2002 में अधिग्रहित की गई थी। इसके बावजूद वर्ष 2023 में निश्याम बिल्डकान प्राइवेट लिमिटेड और हिमश्री हिमालय बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड ने यहां कॉमर्शियल निर्माण शुरू कर दिया। प्राधिकरण ने इसे सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण बताया था। इसके बाद संबंधित पक्ष कोर्ट चले गए। 12 अप्रैल 2023 को कोर्ट से प्राधिकरण के खिलाफ एकपक्षीय स्थगनादेश मिल गया था। इसके बाद कार्रवाई रोक दी गई थी। मामले की सुनवाई गौतमबुद्धनगर की अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में चल रही थी। हाल ही में कोर्ट ने एकपक्षीय स्थगनादेश खारिज कर दिया। इसके बाद प्राधिकरण के लिए कार्रवाई का रास्ता साफ हो गया।

## इंस्टाग्राम पर दोस्ती: फिर युवती को होटल ले गया युवक,मनमानी का विरोध करने पर मारपीट

नोएडा, संवाददाता। नोएडा में इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती के बाद एक युवक पर युवती को दिल्ली से नोएडा लाकर होटल में उसके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश करने का आरोप लगा है। युवती ने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और तेजाब डालकर जान से मारने की धमकी दी। युवती किसी तरह होटल से निकलकर घर पहुंची और परिजन को घटना की जानकारी दी। पिता की शिकायत पर फेज–3 थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मूलरूप से हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला की रहने वाली युवती पिछले करीब तीन साल से दिल्ली में रह रही है। वह दिल्ली में ही नौकरी करती है।

### वीमेन्स कॉलेज में विद्यार्थियों के करियर विकास मंच की शुरुआत

अलीगढ़, संवाददाता। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के वीमेन्स कॉलेज के प्रशिक्षण एवं रोजगार कार्यालय ने सामान्य प्रशिक्षण एवं रोजगार कार्यालय के सहयोग से विद्यार्थियों के लिए करियर विकास मंच की शुरुआत की। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच आपसी संवाद बढ़ाने और व्यवहारिक कौशल विकसित करने के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। वीमेन्स कॉलेज के प्रशिक्षण एवं रोजगार अधिकारी डॉ. मंसूर आलम सिद्दीकी ने प्रतिभागियों का स्वागत किया। सामान्य प्रशिक्षण एवं रोजगार अधिकारी साद हमीद ने संवादात्मक सत्र का संचालन किया, जिसमें समूह चर्चा, एक–दूसरे का परिचय और विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुतियां दी गईं। उन्होंने विद्यार्थियों को शारीरिक हाव–भाव, सही मुद्रा और प्रभावी संकेतों के साथ सार्वजनिक रूप से बोलने की कला के बारे में व्यावहारिक जानकारी दी। उन्होंने प्रभावी संवाद के सात प्रमुख सिद्धांतों के बारे में भी बताया। कार्यक्रम के अंत में सलीम ने धन्यवाद ज्ञापित किया और वक्ता द्वारा दी गई उपयोगी जानकारी तथा विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी की सराहना की।

### एएमयू में 14 से 26 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा का आयोजन

अलीगढ़, संवाददाता। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में राजभाषा हिंदी कार्यान्वयन समिति के तत्वावधान में 14 से 26 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा–2026 का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य हिंदी के प्रचार–प्रसार के साथ विद्यार्थियों में रचनात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देना है। पखवाड़े के दौरान स्नातक, स्नातकोत्तर और शोधार्थी तीन वर्गों में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को समिति की ओर से पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। पखवाड़े का शुभारंभ 14 सितंबर को सुबह 11 बजे हिंदी विभाग में उद्घाटन समारोह के साथ होगा। 15 सितंबर को हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता, 16 सितंबर को शासकीय पत्र लेखन प्रतियोगिता, 17 सितंबर को पोस्टर निर्माण एवं नारा लेखन प्रतियोगिता तथा 19 सितंबर को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। सभी प्रतियोगिताएं सुबह 11.40 बजे से शुरू होंगी। समापन समारोह और पुरस्कार वितरण 26 सितंबर को सुबह 11 बजे होगा। इच्छुक विद्यार्थी 14 सितंबर तक हिंदी विभाग के कार्यालय में अपना नाम पंजीकृत करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए विभाग के कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है। राजभाषा हिंदी कार्यान्वयन समिति के सचिव एवं हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो. मेराज अहमद तथा समन्वयक प्रो. शंभुनाथ तिवारी ने सभी विभागाध्यक्षों से विद्यार्थियों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

### एएमयू के दो चिकित्सा विद्यार्थियों का आईसीएमआर अल्पकालिक छात्रवृत्ति परियोजना–2026 के लिए चयन

अलीगढ़, संवाददाता। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के दो स्नातक विद्यार्थियों, जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज और डॉ. जियाउद्दीन अहमद डेंटल कॉलेज के एक–एक विद्यार्थी का चयन आईसीएमआर अल्पकालिक छात्रवृत्ति परियोजना–2026 के लिए किया गया है। यह छात्रवृत्ति स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग द्वारा प्रदान की जाती है। आईसीएमआर की अल्पकालिक छात्रवृत्ति योजना के तहत चिकित्सा और दंत चिकित्सा के स्नातक विद्यार्थियों को अनुभवी शोधकर्ताओं के मार्गदर्शन में शोध पद्धति और वैज्ञानिक अनुसंधान का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलता है। जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के वर्ष 2024 बैच के द्वितीय वर्ष के एमबीबीएस विद्यार्थी आरिफा कफील का चयन "पश्चिमी उत्तर प्रदेश के एक बड़े चिकित्सा केंद्र में स्तन कैंसर के आणविक स्वरूप का अध्ययन, विशेष रूप से तीन नकारात्मक प्रकार की चिकित्सकीय एवं रोग–विज्ञान संबंधी विशेषताओं पर जोर" विषयक शोध परियोजना के लिए किया गया है। यह शोध परियोजना जेएन मेडिकल कॉलेज के रोग–विज्ञान विभाग के प्रो. काफिल अख्तर के मार्गदर्शन में पूरी की जाएगी। डॉ. जियाउद्दीन अहमद डेंटल कॉलेज के वर्ष 2024 बैच के द्वितीय वर्ष के बीडीएस विद्यार्थी मोहम्मद असद अब्दुल्ला का चयन "दंत सुधार उपचार के लिए प्रीमोलर दांत निकालने के बाद निचले जबड़े के तीसरे दाढ़ के दांत की स्थिति और कोण में होने वाले बदलावों का मूल्यांकन" विषयक शोध परियोजना के लिए किया गया है। यह शोध परियोजना दंत सुधार विभाग की प्रो. संध्या माहेश्वरी के मार्गदर्शन में डॉ. अरबाब अंजुम के सहयोग से पूरी की जाएगी। दंत सुधार विभाग के अध्यक्ष डॉ. मोहम्मद तारिक ने विद्यार्थी, उनके मार्गदर्शकों और पूरी टीम को इस उपलब्धि पर बधाई दी तथा उनके शोध कार्य की सफलता की कामना की।

### सरोजिनी नायडू हॉल की वार्षिक पत्रिका 'एलीसियन' का कुलपति प्रो. नइमा खातून ने विमोचन किया

अलीगढ़, संवाददाता। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नइमा खातून ने अपने कार्यालय में सरोजिनी नायडू हॉल की वार्षिक पत्रिका 'एलीसियनः अभिव्यक्ति के लिए एक शाश्वत मंच' का विमोचन किया। इस अवसर पर सहकुलपति प्रो. एम. मोहसिन खान, कुलसचिव प्रो. आसिम जफर, प्रोवोस्ट प्रो. उरूस इलियास तथा वार्डन डॉ. रुकैया अफरोज, डॉ. कलीम अहमद, डॉ. असलम साजिद, वरिशा और ऐमन हफीज मौजूद रहीं।

## विकसित भारत क्विज में पार्टिसिपेशन के लिए 378 प्रतिभागियों ने भाग लिया

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सोनभद्र। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ एनटीपीसी परिसर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वितीय एवं तृतीय के द्वारा एनएसएस समन्वयक डॉक्टर राहुल गुप्ता वाराणसी मुख्य परिसर के निर्देशानुसार विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2027 के अंतर्गत विकसित भारत क्विज में पार्टिसिपेशन के लिए 378 प्रतिभागियों ने भाग लिया।



कार्यक्रम का संचालन डॉ मृत्युंजय कुमार पांडेय–इकाई तृतीय ने किया जिसमें सभी छात्रों को किस तरीके से क्विज के लिए रजिस्ट्रेशन करना है एवं इसमें भाग लेने का उद्देश्य युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा क्या है यह भी बताया गया साथ ही साथ सभी छात्रों को इसमें भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम का समापन डॉक्टर मनोज कुमार गौतम इकाई द्वितीय के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन से किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ अविनाश कुमार दुबे, डॉ. रागिनी श्रीवास्तव, अजय लक्ष्मी, डॉ. मानिकचंद पांडेय, डॉ निशा कुमारी, अभिषेक कुमार, डॉ. महेश कुमार श्रीवास्तव, प्रशांत विश्वकर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा।

## 2027 चुनाव की रणनीति पर आप की बैठक में शामिल हुए एसके पाण्डेय

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। आम आदमी पार्टी के आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर लखनऊ स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय पर रणनीति एवं बैठक आयोजित की गई। बैठक में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी संजय सिंह, प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह एवं काशी प्रांत के प्रदेश अध्यक्ष पवन तिवारी के साथ पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सोनभद्र जिला प्रभारी तथा मिर्जापुर 396 नगर विधानसभा के नेता सुनील कुमार पांडे एडवोकेट ने भाग लिया।



## प्यारेलाल के पोखरा पर तीज का अर्धवार्षिक श्रृंगार एवं भंडारा का कार्यक्रम आयोजित

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सिटी ब्लॉक स्थित चंदूईपुर में प्यारेलाल के पोखरा स्थित प्राचीन भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती का भव्य अर्धवार्षिक श्रृंगार व सांस्कृतिक कार्यक्रम 14 सितंबर 2026 को आयोजित किया गया। प्यारेलाल के पोखरा पर भगवान भोलेनाथ का भव्य मंदिर स्थापित है जहां प्रत्येक वर्ष तीज के पावन पर्व पर भगवान भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार माता गौरी का भव्य श्रृंगार होगा। इसके अलावा भक्ति कार्यक्रम, झांकी का भी आयोजन इस वर्ष भी किया गया। इस अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया है, जिसमें सभी भक्तों का आह्वाहन किया गया है कि वे प्रसाद ग्रहण कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करें। इस विषय की जानकारी मंदिर के व्यवस्थापक दिलीप सिंह गहरवार ने दी है।

## विधानसभा चुनाव से पहले मिर्जापुर के सैकड़ो ब्राह्मणों ने ली सपा की सदस्यता

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। समाजवादी पार्टी मझवा विधानसभा के क्षेत्र के हर बूथ पर कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसकी शुरुआत नौहा ग्राम से की गई इस अभियान में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद बालकुमार पटेल सपा जिला अध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक यादव पूर्व मंत्री मुन्नी यादव,मझवा पूर्व प्रत्याशी रोहित शुक्ला उर्फ लल्लू कोषाध्यक्ष सुभाष पटेल में के अगुवाई में सैकड़ो ब्राह्मणों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की इस अवसर पर पूर्व सांसद बालकुमार पटेल ने कहा कि प्रत्येक बधु पर संगठन को मजबूत करने के लिए हम सभी दृण संकल्प होकर कार्य करेंगे. कहां की आगामी विधानसभा चुनाव समाजवादी पार्टी मजबूती से लड़ेगी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हुआ पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में सरकार बनेगी। इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने समाजवादी पार्टी में शामिल होने पर सभी को बधाई दी और कहा कि आपके आने से पार्टी को मजबूती मिली है। सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से मेघराज दुबे ,गंगाधर दुबे ,सुरेश चंद दुबे, विजयानंद दुबे, पंकज दुबे, धर्म दत्त दुबे ,राम सजीवन, घनश्याम सरोज, गौरव सिंह, रमाकांत, अभय यादव राम प्यारे दुबे रमेश चंद दुबे आदि शामिल हुए है। कार्यक्रम का संचालन विधानसभा अध्यक्ष झल्लू यादव ने किया।




**उत्तर मध्य रेलवे**

निविदा सूचना सं : GEM/2026/B/8004164 दिनांक : 09.09.2026

ई-निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्यों के लिये ई-निविदाएं प्रपत्र पर दिनांक 30.09.2026 तक आमंत्रित की जाती है। कार्यों का विवरण निम्न प्रकार है:-

जेम बिड सं0 : GEM/2026/B/8004164 दिनांक 09.09.2026

कार्यों का विवरण : सहायक मण्डल इंजीनियर/चुनार एवं सहायक मण्डल इंजीनियर/मिर्जापुर के अन्तर्गत आपातकालीन मरम्मत कार्यों और अन्य संबद्ध कार्यों सहित सुरक्षा के लिए ट्रैक पर ठंड के मौसम के दौरान रात्रि गश्त का कार्य।

| | |
|---|---|
| अनुमानित मूल्य (रू) : 97,19,670.6 | अग्रिम धनराशि मूल्य (रू) : 1,94,400 |
| कार्य समापन की अवधि : 03 माह | निविदा बंद होने की तिथि : 30.09.2026 |

पात्रता मापदंड के अन्तर्गत सिमिलर कार्य : कोई पी0वे0 का कार्य।

नोट : - 1. आनलाइन निविदा बंद होने की तिथि तक प्रस्तुत की जा सकती है। 2. उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेबसाइट www.gem.gov.in पर निविदा बंद होने की तिथि तक उपलब्ध है। 2071/26 (C)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONC


# प्रभारी जिलाधिकारी ने नवंबर तक लंबित शौचालयों का निर्माण पूरा कराने के दिए निर्देश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। पंचायत राज विभाग की योजनाओं एवं जिला स्वच्छता समिति की बैठक प्रभारी जिलाधिकारी विशाल कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।



प्रभारी जिलाधिकारी ने नवंबर तक सभी लंबित व्यक्तिगत शौचालयों का निर्माण पूरा कराने, सामुदायिक शौचालयों को शत–प्रतिशत क्रियाशील करने और आरआरसी के माध्यम से घर–घर से कूड़ा एकत्र कर सेग्रीगेट करने के निर्देश दिए। 'विंध्य स्वच्छता प्रतिष्ठान' को क्रियाशील करने, प्लास्टिक मैनेजमेंट यूनिट में हर 15 दिन में प्लास्टिक भेजने और 85 बाजारों में मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था के निर्देश भी दिए गए।

मुख्य विकास अधिकारी ने 405 तालाबों को मॉडल के रूप में विकसित करने, प्रत्येक सफाई कर्मी को तीन ब्लैक स्पॉट चिन्हित करने तथा 2–3 किलो प्लास्टिक एकत्र करने और ग्राम सचिवों को स्वच्छता में कम से कम 3,000 रुपये ओएसआर जनरेट करने के निर्देश दिए।

लापरवाही पर नरायनपुर, पहाड़ी, जमालपुर, छानबे व लालगंज के संबंधित अधिकारियों तथा अन्य कर्मचारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। डिजिटल लाइब्रेरियों को 15 दिन में आधुनिक सुविधाओं से लैस करने और 25 अक्टूबर को सामूहिक उद्घाटन की तैयारी के निर्देश दिए गए। साथ ही वित्तीय भुगतान 99 प्रतिशत से अधिक करने, ऑडिट आपत्तियों का 10 दिन में निस्तारण तथा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प सप्ताह में योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार करने को कहा गया।

बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी राम उदय यादव, सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी सुमन पटेल, सभी सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), जिला कंसल्टेंट, डीपीएम तथा स्वच्छता समिति के नामित प्रशासक रिशु पटेल, शाहिद बानो और रवि शंकर सिंह पटेल मौजूद रहे।

# श्रम का सम्मान करने के लिए कार्यकत्रियों व सहायिकाओं ने मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं के मानदेय में बढ़ोतरी व कैशलेस इलाज उपलब्ध कराए जाने की गई घोषणा से जिले की आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं में खुशी की लहर है।

कार्यकत्रियों और सहायिकाओं ने मुख्यमंत्री की घोषणा को अपने सम्मान और उत्साह को बढ़ाने वाला कदम बताया है। उनका कहना है कि सरकार की ओर से उनकी मेहनत और जिम्मेदारियों को महत्व दिया जाना उनके लिए बेहद खुशी की बात है।

अयोध्या में आयोजित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का यहां बरकछा स्थित बीएचयू के राजीव गांधी दक्षिणी परिसर के सभागार में लाइव प्रसारण किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां व सहायिकाएं मौजूद रहीं।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को आयोध्या में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों का मानदेय 8 हजार रुपये से बढ़ाकर 12 हजार रुपये व सहायिकाओं का मानदेय 4 हजार रुपये से बढ़ाकर 6 हजार रुपये करने की घोषणा की है। इसके साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं तथा उनके परिवार को प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक के कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध कराए जाने की घोषणा की है।



# यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस का प्रदर्शन, केंद्र सरकार के खिलाफ जताया आक्रोश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल के आह्वान पर शुक्रवार को जनपद के समस्त बैंकों के अधिकारी–कर्मचारी इंडियन बैंक, डालेनगंज शाखा, मीरजापुर के सामने एकत्र हुए और केंद्र सरकार एवं वित्त मंत्री के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।




सभा को संबोधित करते हुए न्थ्ठन् के जिला संयोजक सुरेश पांडे ने कहा कि सरकार बैंक कर्मियों की जायज मांगों पर सहमति के बावजूद उन्हें लागू नहीं कर रही है। सरकार अपनी दोहरी नीति से समाज के साथ–साथ बैंक कर्मियों को भी च्स्प के माध्यम से भेदभाव कर बांटना चाहती है। बैंक कर्मी सरकार की तुष्टिकरण की नीति को सफल नहीं होने देंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार इस हड़ताल से नहीं जगी तो इसी माह 28, 29 और 30 सितंबर 2026 को पूरे देश के बैंक कर्मी सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे।

आज की हड़ताल के दौरान बैंकों के कर्मचारियों ने मोटरसाइकिल रैली निकालकर नगर भ्रमण भी किया। हड़ताल के कारण जनपद मीरजापुर में क्लीयरिंग सहित जमा–निकासी का लगभग 2500 करोड़ रुपये का कार्य ठप रहा। सभा को संजीव कुमार पांडे, मनोज कुमार यादव, के. के. तिवारी, संजय कुमार दुबे और वीरेंद्र कुमार सिंह ने भी संबोधित किया।

प्रदर्शन में आशीष कुमार मिश्रा, नीरज पांडे, वीरेंद्र कुमार सिंह, प्रभु नारायण, विजय त्रिपाठी, प्रशांत पांडे, विनय कुमार सतुंवाल, विष्णु शर्मा, वीरेंद्र सिंह, ज्योत्सना कुमारी, प्रज्ञा सिंह, देवेंद्र कुमार चौरसिया, प्रवीण कुमार सिंह, सुरेंद्र कुमार उमर, राजेश कुमार, महेंद्र कुमार, रोहित कुमार, विनोद चौरसिया सहित लगभग 150 लोगों ने भाग लिया।

# आयुर्वेदिक चिकित्सा और समाजसेवा में उल्लेखनीय योगदान के लिए मिला सम्मान

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी। समाजसेवा, मानवता और आयुर्वेदिक चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रख्यात आयुर्वेदिक वैद्य डॉ. श्याम सुंदर पांडे को यूएन एक्सीलेंस अवॉर्ड–2026 से सम्मानित किया गया। नई दिल्ली स्थित एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित भव्य समारोह में उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया। अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संरक्षण ब्यूरो के तत्वावधान में आयोजित समारोह में देश के विभिन्न राज्यों से आए सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों, बुद्धिजीवियों और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली हस्तियों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में डॉ. श्याम सुंदर पांडे को आयुर्वेदिक चिकित्सा के क्षेत्र में उनके योगदान और समाज के प्रति समर्पण के लिए सम्मानित किया गया।

डॉ. पांडे को यह सम्मान केंद्रीय सूचना आयोग की सूचना आयुक्त सुधा रानी रेलंगी के कर–कमलों द्वारा प्रदान किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. पांडे ने कहा कि किसी भी सम्मान की वास्तविक सार्थकता तभी है, जब वह व्यक्ति को समाज और मानवता के लिए और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा दे। उन्होंने आयोजकों के प्रति आभार जताते हुए भविष्य में भी समाजहित और मानव कल्याण के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही।

उन्होंने स्वरों के माध्यम से काशी वासियों को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि वे निरंतर समाज के साथ खड़े रहेंगे।

समारोह में जगतगुरु स्वामी चक्रपाणि जी महाराज, सुधा रानी रेलंगी, हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी, पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन, न्यायिक अधिकारी और विभिन्न क्षेत्रों की कई प्रतिष्ठित हस्तियां मौजूद रहीं। समारोह की अध्यक्षता नेपाल, काठमांडू के 22 देशों के सलाहकार श्री श्री 1008 जगतगुरु लामा घ्याछो रिन्पोछे ने की। डॉ. श्याम सुंदर पांडे को सम्मान मिलने के समारोह में मौजूद गणमान्य अतिथियों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी। आयोजकों ने कहा कि ऐसे सम्मान समाज में सेवा, समर्पण और उत्कृष्टता की भावना को और मजबूत करते हैं।



# जनसुनवाई में 62 प्रकरणों पर हुई सुनवाई

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी। जनता की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए वाराणसी कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने शुक्रवार को लक्सा स्थित रौशन होटल में जनसुनवाई की। इस दौरान बड़ी संख्या में नागरिकों ने व्यक्तिगत और जनहित से जुड़ी समस्याएं विधायक के सामने रखीं। कुल 62 प्रकरणों की सुनवाई करते हुए विधायक ने संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर कई मामलों में तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

वीरेंद्र कुमार ने माधोपुर चौराहे के पास सीवर जाम की शिकायत की, जबकि राजकुमार बिंद ने निवेदिता स्कूल के पिछले गेट की ओर सीवर की समस्या बताई। विधायक ने जलकल महाप्रबंधक को समाधान के निर्देश दिए। सुजीत वर्मा ने बिजली केबल डालने के बाद गली की मरम्मत न होने की शिकायत की। संजय कुमार बनर्जी ने दूषित पेयजल की समस्या बताते हुए नई पाइपलाइन की मांग की, जिस पर विधायक ने प्रस्ताव भेजा गया। पिंटू जैसल ने आवास योजना में पात्र होने के बावजूद अपात्र किए जाने की शिकायत की, जिस पर नगर आयुक्त को जांच के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई में राजस्व, नगर निगम, बिजली, सड़क, पेयजल, जलनिकासी, पेंशन, शिक्षा, स्वास्थ्य और पुलिस प्रशासन से संबंधित मामले सामने आए। विधायक ने अधिकारियों से पात्र मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा।

## श्री बाबा नीम करौली जी की पुण्यतिथि पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन, 15 ने किया रक्तदान

सुनील कुमार गुप्ता

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। शुक्रवार को श्री साईं परिवार सेवा संगठन के तत्वाधान में स्थानीय मंडलीय चिकित्सालय में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस पुनीत कार्य के माध्यम से समाज में मानवता और सेवा की मिसाल पेश की गई। शिविर की अध्यक्षता संस्था के संस्थापक अध्यक्ष शुभम गुप्ता ने की।



शिविर में युवाओं और महिलाओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। कुल 20 लोगों ने रक्तदान के लिए अपना पंजीकरण कराया, जिनमें से स्वास्थ्य मानकों पर खरे उतरने वाले 15 लोगों ने सफलतापूर्वक रक्तदान किया। शिविर में डॉ. विनोद कनौजिया ने सभी रक्तदाताओं का गहन स्वास्थ्य परीक्षण किया और उन्हें उचित परामर्श दिया। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि रक्तदान की पूरी प्रक्रिया पूरी तरह से सुरक्षित और चिकित्सा नियमों के अनुरूप हो।

रक्तदान के पश्चात जनसंपर्क अधिकारी राम कुमार गुप्ता व शुभम गुप्ता ने सभी रक्तदाताओं को प्रमाण–पत्र भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने समाज हित में दिए गए इस बहुमूल्य योगदान के लिए सभी दाताओं का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोगी संस्था लीनेश क्लब आर्या की अध्यक्ष वंदना राय व सविता देवी सेवा ट्रस्ट का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में रक्तदाता क्षितिज अग्रवाल, अमित गुप्ता, जितेंद्र बिंद, अश्विनी पंडा, आदित्य सिंह, प्रतीक गुप्ता, धीरज, वर्चस्व, शिवम, राकेश, राज, मनीष, अजय, कनुप्रिया, वंदना राय, सिंपल साह, शालिनी पांडेय, राहुल, निहाल दुबे, गौरांग खंडेलवाल उपस्थित रहे।

## राष्ट्रकवि सुब्रमण्यम भारती जी के 105वीं पुण्यतिथि पर विभिन्न आयोजन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी। राष्ट्रकवि सुब्रमण्यम भारती जी के 105 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर सामाजिक,सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक संस्था काशी कावडी अट्टम ट्रस्ट एनजीओ के तत्वाधान में शुक्रवार को प्रह्लाद घाट स्थित बाल विद्यालय माध्यमिक स्कूल में राष्ट्रकवि सुब्रमण्यम भारती के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर केन्द्रित चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्था की अध्यक्षा वरदराज कविता की प्रेरणा से आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारम्भ काशी कावडी अट्टम ट्रस्ट एनजीओ के कोषाध्यक्ष एवं जूना अखाड़ा के महंत स्वामी मुक्तानंद पुरी जी महाराज,विद्यालय के निदेशक मन्जुल पांडेय,प्रधानाचार्या श्रीमती स्नेहलता पांडेय द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ।अतिथियों का स्वागत विद्यालय के निदेशक मन्जुल पांडेय ने अंगवस्त्रम एवं पुष्प गुच्छ भेंटकर किया।तत्पश्चात् विद्यालय की छात्रा वृत्तिका वर्मा एवं चंद्रशेखर नावड ने भारती जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यालय के बच्चों ने सोत्साह भाग लिया।जिसमें प्रथम खुशी गुप्ता, द्वितीय आराध्या केसरी,तृतीय खदिजा सहित सारा परवीन तथा उमे अबिहा को विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया।कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजक चक्रवर्ती विजय नावड ने किया। कार्यक्रम मे विद्यालय की चित्रकला अध्यापिका श्वेता तिवारी एवं चंदन सर का भी सम्मान किया गया।कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से स्वामी सुरेश,नारायण यादव सहित विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित थे।



## भदोही में ECCE क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण पूरा, शिक्षकों को दिए गए प्रमाण पत्र, ब्लॉक स्तर पर देंगे ट्रेनिंग

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत भदोही के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) ज्ञानपुर में क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा हो गया। यह प्रशिक्षण समग्र शिक्षा अभियान के तहत आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण की पूरी व्यवस्था जिला समन्वयक प्रशिक्षण नवीन मिश्रा ने संभाली थी। इस दौरान जिला संदर्भदाता डॉ. गुनराज सिंह (प्रवक्ता डायट), धीरज सिंह (एसआरजी भदोही), डॉ. प्रतिभा मिश्रा, सत्य प्रकाश मिश्रा और आलोक श्रीवास्तव ने शिक्षकों को ट्रेनिंग दी। उन्होंने म्ब्ब् (अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन) और प्री–प्राइमरी शिक्षा से जुड़े खास पहलुओं पर जानकारी दी। इस ट्रेनिंग का मकसद शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर बनाना है, ताकि वे आगे ब्लॉक स्तर पर म्ब्ब् एजुकेटरों को ठीक से प्रशिक्षित कर सकें। प्रशिक्षण पूरा होने पर सभी शिक्षकों को प्रमाण पत्र दिए गए। डायट के प्राचार्य अनुराग श्रीवास्तव, जिला विद्यालय निरीक्षक अंशुमान, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवम पाण्डेय, वरिष्ठ प्रवक्ता डायट सुरेश जी और जिला समन्वयक प्रशिक्षण नवीन मिश्रा ने ये प्रमाण पत्र बांटे। ट्रेनिंग लेने वाले मुख्य शिक्षकों में प्रतीक मालवीय, संतोष मिश्रा, विजय सिंह, प्रभात रंजन, पीयूष दुबे, महेश यादव, सुरेश मौर्य, आशीष पांडे, चंद्रकांत पटवा और दिनेश पांडे शामिल थे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक फिरदौस फातिमा द्वारा 79–ए–मोतीलाल नेहरू रोड, जिला–प्रयागराज –211002, (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 79–ए–मोतीलाल नेहरू रोड, जिला–प्रयागराज –211002, (उ.प्र.) से प्रकाशित।


सम्पादक
फिरदौस फातिमा
मो.9451721210
UPHIN/2015/61843

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद जनपद न्यायालय इलाहाबाद, जिला प्रयागराज के अधीन होंगे।

# नीम करोली बाबा की पवित्र विरासत पर छाया संकट

## दागदार पूर्व आईएएस अधिकारी सदाकांत शुक्ला के ट्रस्ट से कथित जुड़ाव पर उठे सवाल

लखनऊ, संवाददाता। ऐसे समय में जब नीम करोली बाबा का दिव्य जीवन, शिक्षाएं और आध्यात्मिक विरासत देशभर के दर्शकों के दिलों पर सफल फिल्म हनुमान अंश के माध्यम से गहरी छाप छोड़ रही है, लखनऊ से एक गंभीर सवाल उठ रहा है. क्या अपने वित्तीय मामलों को लेकर गंभीर सवालों का सामना कर रहा कोई व्यक्ति बाबा के पवित्र नाम और विरासत से जुड़ी संस्थाओं में अधिकार का पद संभालता रह सकता है। प्रसिद्ध सामाजिक, आरटीआई और आईजीआरएस कार्यकर्ता उर्वशी शर्मा, जो स्वयं को बाबा नीम करोली की गहरी श्रद्धालु बताती हैं, का कहना है कि यह सवाल केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि आस्था, नैतिकता और जनविश्वास से जुड़ा हुआ है। नीम करोली बाबा के जीवन और शिक्षाओं से प्रेरित हनुमान अंश बड़ी सिनेमाई सफलता हासिल कर चुकी है और अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहुंच बढ़ा रही है. रिपोर्टों के



अनुसार फिल्म ने असाधारण बॉक्स ऑफिस सफलता हासिल की है, जबकि भक्ति, सेवा और आस्था का इसका आध्यात्मिक संदेश दर्शकों के बीच गहराई से प्रभाव डाल रहा है। बाबा के जीवन में जनता की इस असाधारण पुनः बढ़ती रुचि के बीच शर्मा का कहना है कि सदाकांत शुक्ला जैसे दागदार सेवानिवृत्त नौकरशाह का नीम करोली बाबा के नाम और विरासत से जुड़ी संस्थाओं से संबद्ध होना उन्हें गहराई से पीड़ा पहुंचाता है। जब सभी जानते हैं कि बाबा का जीवन सादगी, भक्ति, सेवा, त्याग और आध्यात्मिक शुचिता का प्रतीक है, तो क्या गंभीर सार्वजनिक सवालों का सामना कर रहे किसी व्यक्ति को बाबा के नाम पर स्थापित किसी ट्रस्ट या मंदिर में अधिकार का पद संभालने की अनुमति दी जानी चाहिए। सार्वजनिक रूप से उपलब्ध अभिलेखों और रिपोर्टों में वर्षों से सदाकांत शुक्ला का संबंध हनुमान सेतु मंदिर और बाबा नीम करोली जी महाराज आश्रम, लखनऊ के प्रबंधन से बताया जाता रहा है. सरकारी अभिलेखों में हनुमान सेतु स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर ट्रस्ट और बाबा नीम करोली जी महाराज आश्रम के अस्तित्व का भी उल्लेख है। उनके जुड़ाव को लेकर विवाद नया नहीं है. दिसंबर 2022 की एक रिपोर्ट में विशेष रूप से हनुमान सेतु मंदिर, बाबा नीम करोली जी महाराज आश्रम और श्री संकट मोचन हनुमानजी मंदिर ट्रस्ट से सदाकांत शुक्ला को हटाने की मांग की गई थी। इसके बाद उनके वित्तीय मामलों को लेकर और अधिक गंभीर सवाल सामने आए हैं। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत एक शिकायत में उत्तराखंड में सदाकांत शुक्ला से कथित रूप से जुड़ी संपत्तियों से संबंधित सूचनाओं के सत्यापन की मांग की गई थी, जिसमें बेनामी संपत्तियों अथवा बिचौलियों के माध्यम से संपत्तियों के इस्तेमाल की संभावना भी शामिल थी। लेकिन आधिकारिक प्रतिक्रिया महत्वपूर्ण है. आयकर विभाग ने दर्ज किया कि यह मामला साधारण शिकायत नहीं बल्कि टैक्स चोरी याचिका है और बताया कि इसे निर्धारित सीबीडीटी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई के लिए पंजीकृत किया गया है। इसी समय, सार्वजनिक रिपोर्टों में डॉ. सदाकांत शुक्ला को उत्तराखंड स्थित कैंची हनुमान मंदिर और आश्रम ट्रस्ट का अध्यक्ष बताया गया है। मामला और अधिक संवेदनशील इसलिए हो जाता है क्योंकि उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने स्वयं कैंची धाम के प्रबंधन से जुड़े चिंताओं का संज्ञान लिया है, जिसमें वित्तीय पारदर्शिता और प्रबंधन में अनियमितताओं सहित आरोपों से संबंधित कार्यवाही शामिल है। शर्मा के लिए, एक हिंदू ब्राह्मण महिला और स्वयं को नीम करोली बाबा की श्रद्धालु बताने वाली व्यक्ति के रूप में, यह मामला बेहद व्यक्तिगत बन गया है।"जब पूरा देश पर्दे पर बाबा का दिव्य जीवन देख रहा है और करोड़ों लोग उनके भक्ति, सेवा और समर्पण के संदेश से प्रेरित हो रहे हैं, तब एक श्रद्धालु के लिए यह देखना पीड़ादायक है कि गंभीर सवालों से घिरे लोग बाबा के पवित्र नाम पर स्थापित संस्थाओं में पदों पर बैठे हुए हैं," शर्मा कहती हैं। इसीलिए उन्होंने सार्वजनिक रूप से उत्तराखंड के कैंची धाम ट्रस्ट तथा लखनऊ के हनुमान सेतु मंदिर और बाबा नीम करोली जी महाराज आश्रम के प्रबंधन से सदाकांत शुक्ला को तत्काल हटाने की मांग की है, कम से कम तब तक, जब तक उनकी नियुक्ति, संपत्तियों, वित्तीय खुलासों और संस्थागत भूमिका की स्वतंत्र एवं पारदर्शी जांच नहीं हो जाती।

## सपा-कांग्रेस का दिल-दिमाग गंदा, नीला कपड़ा पहनने से क्या होगा : मायावती

लखनऊ, संवाददाता। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस समेत विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए सपा के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के नारे को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि इन दलों द्वारा नीला रंग अपनाने और नीला कपड़ा इस्तेमाल करने से गरीबों, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों और अन्य उपेक्षित वर्गों के प्रति वर्षों से चली आ रही जातिवादी, संकीर्ण, सामंतवादी एवं पूंजीवादी सोच नहीं बदल सकती। मायावती ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर जारी



एक बयान में कहा कि इन वर्गों के प्रति वास्तव में हित और कल्याण की भावना रखने वालों को अपना दिल और दिमाग साफ करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा के पीडीए की बात करने वाले नेताओं की सोच, चाल, चरित्र और चेहरा दोहरा व बईमानी वाला रहा है। उन्होंने कहा कि बसपा अनुशासनहीनता आदि के कारण समय-समय पर जिन लोगों को पार्टी से निकालती है, उनमें से कुछ लोग दूसरी पार्टियां और छोटे-छोटे संगठन बना लेते हैं। ऐसे लोगों को स्वार्थी और अवसरवादी बताते हुए मायावती ने कहा कि वे किसी भी पार्टी के हित में नहीं हो सकते। बसपा अध्यक्ष ने कहा कि ऐसी पार्टियां बिना किसी गठबंधन के चुनाव नहीं लड़ सकतीं और सत्ता में शामिल हुए बिना सत्ता का सुख नहीं छोड़तीं। उन्होंने दूसरी पार्टियों से नेताओं को अपनी पार्टी में शामिल करने की कोशिश करने वालों को पहले अपना गिरेबान झांकने की सलाह दी। मायावती ने कहा कि बसपा से निकाले गए लोगों को दूसरी पार्टी में शामिल करना ऐसा होगा जैसे डूबते जहाज में सवार होना। उन्होंने कहा कि खासकर बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर और बहुजन समाज के हित में बसपा से दूरी बनाने वाले नेताओं को मौजूदा हालात में पार्टी और समाज के हित को समझना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जिस दिन पार्टी ने उन्हें अध्यक्ष पद से हटाकर दूसरी जिम्मेदारी लेने के लिए कहा था, उस दिन उन्होंने दबाव के बावजूद तत्काल संन्यास की घोषणा नहीं की थी। बसपा अध्यक्ष ने बताया कि पूरी रात घटनाक्रम को रोकने के लिए प्रयास किए गए, जिसके बाद अगले दिन सुबह करीब 6रू30 बजे उन्हें संन्यास की घोषणा करनी पड़ी। उन्होंने कहा कि सही समय आने पर इस पूरे घटनाक्रम के बारे में पार्टी कार्यकर्ताओं को और जानकारी दी जाएगी।

## बैंककर्मियों की 5 दिवसीय देशव्यापी हड़ताल, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों पर लटकते रहे ताले

लखनऊ, संवाददाता। 5 दिवसीय बैंकिंग, भेदभाव रहित पीएलआई योजना लागू करने तथा लंबित मुद्दों हेतु सार्वजनिक क्षेत्र के बैंककर्मियों ने आज एक दिवसीय देशव्यापी हड़ताल कर हजरतगंज स्थित इंडियन बैंक में फोरम के राज्य संयोजक कॉमरेड वाई के अरोड़ा के नेतृत्व में सभा एवं प्रदर्शन किया। फोरम के जिला संयोजक अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि इन मांगों हेतु बैंककर्मी काफी समय से देशव्यापी प्रदर्शन, काला बैज धारण एवं एक्स (ट्विटर) व पोस्टर अभियान आदि चला रहे थे, लेकिन मांगे पूरी न होने पर आज हड़ताल पर चले गए। सभा को संबोधित करते हुए कॉम. दिनेश कुमार सिंह ने कहा– 'रिजर्व बैंक, एलआईसी, सेबी, नाबार्ड आदि विभागों में 5 कार्य दिवस हैं फिर हमारे साथ नाइंसाफी क्यों, कॉ. एस के संगतानी ने सरकार द्वारा थोपी गई भेदभावपूर्ण पीएलआई योजना को तुरंत स्थगित करने की मांग की। कॉ. लक्ष्मण सिंह ने कहा कि जिन बैंकों ने अपने उच्चाधिकारियों को लाखों रुपए पीएलआई के नाम पर भुगतान किए हैं, उसे तत्काल वापस लिया जाए। कॉ. वी के माथुर एवं कॉ. संदीप सिंह ने द्विपक्षीय समझौते से लंबित सभी मुद्दों को शीघ्र निस्तारित करने की मांग की तथा कॉ. अशोक अग्रवाल व कॉ. सचिन केशरवानी ने कहा कि हम आश्वासन नहीं परिणाम चाहते हैं। प्रदर्शन में अन्य वरिष्ठ बैंक नेताओं कॉम.आर एन शुक्ला, करुणेश शुक्ला, शकील अहमद, विभाकर कुशवाहा, अभिषेक तिवारी, राकेश पाण्डेय, गौरव चौरसिया, आशुतोष वर्मा, मनीष कांत, तारकेश्वर चौहान, ललित श्रीवास्तव, आकाश शर्मा के साथ स्वाति सिंह, अनुषा दुबे, आनंद सिंह, ईशान श्रीवास्तव, वीके श्रीवास्तव, दीपक सिंह, एम जेड हसन, शिव कुमार सिंह, बृजेश तिवारी, आशीष विश्वकर्मा आदि ने कहा जब तक सरकार बैंककर्मियों की लंबित मांगों को पूरा नहीं कर देती उनका ये संघर्ष जारी रहेगा।

### बेटियों के लिए प्रेरणा बनीं सोनम

## मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना से मिली दिशा,बनी एसडीएम

### प्रतिभा और मेहनत हो तो सरकारी योजनाएं सफलता का रास्ता आसान बनाती हैं-सोनम

लखनऊ, संवाददाता। युवाओं को अपना सपना पूरा करने में आर्थिक अभाव अब आड़े नहीं आएगा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का दिलाया गया भरोसा अयोध्या की सोनम यादव जैसी युवाओं की सफलता से और मजबूत हुआ है। योगी सरकार की मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना का लाभ लेकर यूपीपीसीएस 2024 में एसडीएम पद पर चयनित हुईं सोनम यादव आज प्रदेश के हजारों युवाओं, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन चुकी हैं। वर्तमान में वह डॉ. राम मनोहर लोहिया उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमीलखनऊ में प्रशासनिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। अयोध्या के गड़ौरा गांव की रहने वाली सोनम यादव ने मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के मार्गदर्शन का लाभ लेकर यूपीपीसीएस-2024 में सफलता प्राप्त की थी। आज चयन के बाद उनके जीवन में जिम्मेदारियों का नया अध्याय शुरू हो चुका है। सोनम बताती हैं कि प्रशिक्षण के दौरान उन्हें प्रशासनिक प्रक्रियाओं, कानून-व्यवस्था, राजस्व प्रशासन, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा आम जनता के साथ संवाद से जुड़े विभिन्न पहलुओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उनके अनुसार यह प्रशिक्षण उन्हें एक संवेदनशील, जिम्मेदार और जन केंद्रित प्रशासनिक अधिकारी के रूप में तैयार कर रहा है।सोनम का कहना है कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना ने उनकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बताती हैं कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए केवल मेहनत ही नहीं बल्कि सही दिशा और मार्गदर्शन आवश्यक होता है। अभ्युदय योजना के तहत मिले नियमित मार्गदर्शन, अध्ययन वातावरण और विशेषज्ञों के सहयोग ने उनकी तैयारी को नई दिशा दी तथा आत्मविश्वास को मजबूत किया।सोनम यादव आज युवाओं और छात्राओं को यह संदेश देती हैं कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता।



## सौर ऊर्जा से संवरेगा गांवों का भविष्य-केशव

### किसानों-महिलाओं और छोटे उद्यमियों की आय बढ़ाने का नया विकल्प

लखनऊ, संवाददाता। नेशनल सोलर एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित 'सौर ऊर्जा एवं नवीकरणीय ऊर्जा-2026' प्रदर्शनी एवं संवाद कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सोलर एसोसिएशन के अध्यक्ष सौरभ शर्मा द्वारा किया



गया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ऊर्जा आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सौर ऊर्जा केवल बिजली उत्पादन का माध्यम नहीं बल्कि गांवों में रोजगार, आय और उद्यमिता बढ़ाने का प्रभावी साधन है।सौर ऊर्जा से गांवों का भविष्य संवरेगा।उत्तर प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप नवीकरणीय ऊर्जा को ग्रामीण विकास और जनकल्याण से जोड़कर आगे बढ़ा रही है।उन्होंने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण, स्वयं सहायता समूहों और सौर ऊर्जा का समन्वय ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता का नया मॉडल बन सकता है, स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं खाद्य प्रसंस्करण, दुग्धा उत्पादन, पैकेजिंग, मसाला, अचार, पापड़, स्थानीय उत्पादों सहित अनेक गतिविधियों से जुड़कर अपनी आय बढ़ा रही हैं। यदि इन इकाइयों को सौर ऊर्जा से जोड़ा जाता है तो बिजली पर होने वाला खर्च कम होगा और महिलाओं तथा छोटे उद्यमियों की बचत सीधे उनकी आय में परिवर्तित होगी। उन्होंने सौर ऊर्जा एवं नवीकरणीय ऊर्जा-2026 प्रदर्शनी का उद्घाटन किया तथा प्रदर्शनी में लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने सौर ऊर्जा, नवीकरणीय ऊर्जा, इलेक्ट्रिकल एवं संबंधित क्षेत्रों में विकसित की जा रही आधुनिक तकनीकों, उपकरणों एवं नवाचारों की जानकारी ली।श्री मौर्य ने पुस्तक का विमोचन तथा सौर ऊर्जा से संबंधित सोलर मशीन का उद्घाटन किया।विभिन्न स्टालों पर पहुंचकर निर्माताओं, उद्यमियों एवं तकनीकी विशेषज्ञों से संवाद करते हुए सौर ऊर्जा के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों और भविष्य की संभावनाओं की जानकारी प्राप्त की। उपमुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी में उपस्थित महिलाओं से विशेष रूप से संवाद किया और सौर ऊर्जा के माध्यम से उनके स्वरोजगार, आजीविका एवं आर्थिक सशक्तिकरण के संबंध में जानकारी ली। सौर ऊर्जा का विस्तार केवल बिजली की आवश्यकता पूरी करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह रोजगार, स्वरोजगार, निवेश, ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण का मजबूत आधार बन रहा है।

## बीजेपी को हर हाल में यूपी में हैट्रिक की दरकार

### 2024 में जिन बूथों पर लगा था झटका, उनपर खास फोकस

लखनऊ, संवाददाता। बीजेपी हर हाल में यूपी में जीत की हैट्रिक लगाना चाहती है। इसके लिए हर जरूरी कदम उठाने को तैयार है। बीजेपी के नए स्टेट प्रभारी विनोद तावड़े फिर 16 सितम्बर को लखनऊ आ रहे हैं। अभी तो आये थे लेकिन अभी फिर आ रहे हैं, क्योंकि वे संगठन के माहिर और चुनाव प्रबन्धन के लिए परफेक्ट माने जाते हैं। वे दूसरे स्टेट में अपनी मेहनत दिखा चुके हैं।इस बार वे पूरे एक हफ्ते रहेंगे और कील कांटा दुरुस्त करने की कोशिश करेंगे। असेम्बली इलेक्शन में ज्यादा समय शेष नहीं है इसलिए जल्दी जल्दी बैठक और दौरे हो रहे हैं। तावड़े की सोच, बूथ मजबूत तो जीत पक्की, जो सत्य भी है। यूपी में 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी बूथ स्तर पर अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए पूरी ताकत लगा रही है। पार्टी का बूथ प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करने के साथ ही उन बूथों पर खास फोकस है जो 2022 और 2024 के बीच उसके हाथ से निकल गए थे।बताते हैं कि ऐसे लगभग 18900 बूथ हैं जिन्हें पार्टी ने 2022 के विधानसभा चुनावों में जीता था लेकिन 2024 के लोकसभा चुनावों में हार गई।भाजपा के प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े 16 सितंबर से 22 सितंबर तक यूपी के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे इन बूथों की समीक्षा करेंगे। बूथ वापस जीतने के लिए रणनीति तैयार करेंगे।2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को यूपी में तगड़ा झटका तब लगा था, जब 33 सीटों पर सिमट गई थी, जबकि 2019 में भाजपा ने 62 सीटों पर कब्जा किया था। ये अंतर काफी बड़ा था।वहीं प्रमुख विपक्षी पार्टी समाजवादी पार्टी ने 37 सीटें जीतीं, जो कि 2019 में जीती 5 सीटों के मुकाबले बहुत बड़ा अंतर था। भाजपा के लिए बूथ स्तर पर सबसे बड़ा नुकसान ग्रामीण क्षेत्रों में हुआ, इन बूथों में लगभग 80 प्रतिशत ग्रामीण इलाकों में हैं। भाजपा को सबसे अधिक बूथों का नुकसान अवधा और पूर्वांचल क्षेत्रों में हुआ है।2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अवध क्षेत्र की 154 सीटों में 101 और पूर्वांचल की 102 सीटों में 53 सीटों पर जीत दर्ज की थी। अवध में भाजपा को अमेठी, फैजाबाद, कन्नौज, सुल्तानपुर और सीतापुर में बूथ स्तर पर नुकसान उठाना पड़ा।

## संक्षिप्त

### पीआईबी और यूपीआईडी के संयुक्त तत्वावधान में 'मीडिया संवाद' कार्यक्रम आयोजित

लखनऊ, संवाददाता। पीआईबी और उत्तर प्रदेश सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के संयुक्त तत्वावधान में निदेशक सूचना विशाल सिंह और पीआईबी लखनऊ के निदेशक दिलीप कुमार शुक्ल के दिशा-निर्देशन में केरलम के मीडिया प्रतिनिधियों के साथ 'मीडिया संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य दोनों राज्यों के मीडिया प्रतिनिधियों के बीच आपसी संवाद, अनुभवों के आदान-प्रदान और एक-दूसरे की संस्कृति, विकास यात्रा तथा मीडिया कार्यप्रणाली को समझने के लिए मंच प्रदान करना था। संवाद के दौरान 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की भावना को मजबूत करने और दोनों राज्यों के बीच आपसी समझ एवं सहयोग को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया। पत्र सूचना कार्यालय पीआईबी लखनऊ के नेतृत्व में केरलम के प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया संस्थानों के पत्रकारों का एक मीडिया प्रतिनिधिमंडल लखनऊ के दौरे पर है। मीडिया संवाद के दौरान केरलम के पत्रकारों ने उत्तर प्रदेश की संस्कृति, विकास, शासन व्यवस्था से जुड़े विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। विशेष रूप से केरलम प्रतिनिधिमंडल ने यूपी में सुदृढ़ कानून-व्यवस्था का मॉडल समझा। प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए किए गए ठोस प्रयासों की विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान सरकार और जनता के बीच संवाद एवं फीडबैक मैकेनिज्म पर भी चर्चा हुई।संवाद के दौरान उत्तर प्रदेश के पत्रकारों ने केरलम की शिक्षा व्यवस्था और शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन के पीछे प्रमुख कारणों को समझने में खास रुचि दिखाई। दोनों राज्यों के पत्रकारों ने यह भी साझा किया कि उनके-अपने राज्यों में मीडिया किस प्रकार कार्य करता है तथा स्थानीय और जन-सरोकार से जुड़े मुद्दों को किस तरह समाचारों में प्रमुखता दी जाती है। दोनों पक्षों के बीच बॉलीवुड और दक्षिण भारतीय फिल्म उद्योग के बढ़ते संबंधों, दोनों क्षेत्रों की फिल्म इंडस्ट्री तथा सिनेमा के माध्यम से सांस्कृतिक आदान-प्रदान की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया।

### वीबी-जी राम जी योजना का किया जाय प्रभावी क्रियान्वयन- केशव

लखनऊ, संवाददाता। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकसित भारत-जी राम जी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जनपदों में अभियान चलाकर मानव दिवस सृजन में बढ़ोतरी के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने योजना अंतर्गत कार्य करने वाले श्रमिकों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर भुगतान के निर्देश दिए हैं।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत-जी राम जी योजना के अंतर्गत 318 प्रकार के कार्य निर्धारित किए गए हैं। इनमें आजीविका से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य भी शामिल हैं। ऐसे कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए, जिससे योजना अपने उद्देश्यों को प्राप्त करते हुए विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश, विकसित जनपद और विकसित ग्राम पंचायत के संकल्प को साकार करने में प्रभावी भूमिका निभा सके। खंड विकास अधिकारी योजना के कार्यों की नियमित समीक्षा करे। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण मे प्रदेश को 6.18 लाख आवासों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। सभी जनपद इन आवासों को समयबद्ध ढंग से स्वीकृत करते हुए निर्माण कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत बेसहारा पात्र महिलाओं, दिव्यांगजनों तथा अन्य प्राथमिकता श्रेणी के पात्र परिवारों, जिन्हें अभी तक योजना का लाभ नहीं मिला है, उन्हें विशेष अभियान चलाकर चिन्हित किया जाए और पात्रता के अनुसार योजना का लाभ दिलाया जाए।

### यूपी में 100 सीटों में सिमट जाएगी बीजेपी-रविदास

लखनऊ, संवाददाता। यूपी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर समाजवादी पार्टी के विधायक रविदास मेहरोत्रा ने दावा किया कि भाजपा 100 सीटों के अंदर सिमट जाएगी, जबकि समाजवादी पार्टी 300 से ज्यादा सीटें जीतकर सरकार बनाएगी। उन्होंने सपा-कांग्रेस गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर कहा कि कांग्रेस को उन्हीं सीटों पर दावा करना चाहिए, जहां उसके जीतने की संभावना मजबूत है। कांग्रेस के लिए उन्होंने करीब 60-65 सीटों की संभावना भी जताई। बसपा से आकाश आनंद को बाहर किए जाने के सवाल पर रविदास मेहरोत्रा ने बहुजन समाज पार्टी को भाजपा की श्बी टीमश बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि बसपा में जो नेता भाजपा के खिलाफ बोलता है, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाती है। आकाश आनंद बसपा में रहते हुए भाजपा सरकार की नीतियों की आलोचना और विरोधा करते थे, इसलिए उन्हें पार्टी से बाहर करने की कार्रवाई की गई। अखिलेश यादव के बुलंदशहर दौरे को कथित तौर पर अनुमति नहीं मिलने को लेकर भी सपा विधायक ने कहा कि 11 सितंबर को बुलंदशहर में अखिलेश यादव की बड़ी सभा प्रस्तावित थी, लेकिन सरकार ने इसकी अनुमति नहीं दी। भाजपा सरकार नहीं चाहती कि अखिलेश यादव पूरे प्रदेश में दौरे और रैलियां करें। भाजपा के कथित इंटरनल सर्वे में करीब 160 सीटें मिलने के अनुमान पर रविदास मेहरोत्रा ने कहा कि भाजपा को इतनी सीटें भी नहीं मिलेंगी। भाजपा 100 सीटों के अंदर सिमट सकती है। जनता में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अपराध, स्वास्थ्य सेवाओं और स्कूलों से जुड़े मुद्दों को लेकर नाराजगी है। उन्होंने दावा किया कि यह जनाक्रोश चुनाव तक और बढ़ेगा। समाजवादी पार्टी 300 से ज्यादा सीटें जीतेगी और अखिलेश यादव बड़े बहुमत के साथ मुख्यमंत्री बनेंगे।

### अपनी ही सरकार फिर भी मंत्री संजय निषाद खफा

लखनऊ, संवाददाता। योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री संजय निषाद आंदोलित हैं। गोंडा के बर्तन कारोबारी विनोद साहनी की हत्या को लेकर गुरुवार की रात लखनऊ में धरने पर बैठ गए।आज गोंडा में धरना दे दिया।शुक्रवार को गोंडा पहुंचकर कलक्ट्रेट का घेराव कर लिया। यहां पैदल मार्च निकाला और विरोध प्रदर्शन किया। अफसरों को भी खूब सुनाया। विनोद साहनी के हत्यारों पर बुलडोजर ऐक्शन और पीड़ित परिवार को नौकरी के साथ मुआवजा की मांग बुलंद की। दोषी पुलिस वालों पर एफआईआर और पकड़े गए आरोपियों पर एनएसए लगाने की भी मांग की। गोंडा के परसपुर के रेक्सड़िया गांव निवासी बर्तन कारोबारी विनोद साहनी पर सोशल मीडिया पोस्ट के विवाद में कुछ लोगों ने हमला कर दिया था। गुरुवार की शाम लखनऊ में उनकी मौत हो गई। इसके बाद सपा, आजाद समाज पार्टी, बिहार के मुकेश सहनी की पार्टी के साथ ही संजय निषाद भी आंदोलित हो गए। वह देर शाम पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और धरने पर बैठ गए।

# गणेश चतुर्थी को लेकर खेसरहा थाने में पीस कमेटी की बैठक, सौहार्द बनाए रखने की अपील



**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

सिद्धार्थनगरः आगामी गणेश चतुर्थी पर्व के मद्देनजर शुक्रवार को खेसरहा थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधिकारियों ने हिंदू-मुस्लिम समुदाय के धर्मगुरुओं, ग्राम प्रधानों और संभ्रांत नागरिकों के साथ संवाद कर त्योहार को शांति और आपसी सौहार्द से मनाने की अपील की।सीओ बांसी शुबेन्दु सिंह ने कहा कि त्योहारों की आड़ में माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असमाजिक तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। उन्होंने लोगों से किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न देने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने को कहा।थाना प्रभारी रामकृष्ण मिश्र ने बताया कि क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे और संवेदनशील इलाकों में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है। बैठक में मौजूद धर्मगुरुओं और गणमान्य नागरिकों ने भी प्रशासन को पूरा सहयोग देने और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने का भरोसा दिलाया।

# कठेला समयमाता थाने में पीस कमेटी की बैठकः गणेश चतुर्थी और विश्वकर्मा पूजा को लेकर आयोजकों को दिए गए निर्देश

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

सिद्धार्थनगरः आगामी श्री गणेश चतुर्थी और श्री विश्वकर्मा पूजा को शांतिपूर्ण माहौल में संपनन कराने के लिए शुक्रवार को कठेला समयमाता थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के मूर्ति आयोजकों, ग्राम प्रधानों, धर्मगुरुओं और संभ्रांत नागरिकों के साथ सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा हुई।

थानाध्यक्ष नरायन लाल श्रीवास्तव ने आयोजकों से त्योहारों को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि मूर्ति स्थापना और विसर्जन के दौरान शासन-प्रशासन के नियमों का कड़ाई से पालन किया जाए। विसर्जन के लिए केवल निर्धारित रूट का ही उपयोग हो, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो।थानाध्यक्ष ने लोगों से किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने को कहा और सचेत किया कि किसी भी विवाद या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दी जाए।

बैठक में उपस्थित गणमान्य नागरिकों और आयोजकों ने शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस-प्रशासन को पूरा सहयोग देने का भरोसा दिया।

# बिना मान्यता के चल रहे विद्यालयों पर होगी कार्रवाई

**कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस**

बलरामपुर। जनपद में बिना मान्यता के चल रहे विद्यालयों पर प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा। शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे राजकीय इंटर कॉलेज दारीचौरा के निरीक्षण के दौरान डीएम डॉ. विपिन कुमार जैन ने जिला विद्यालय निरीक्षक को ऐसे स्कूलों की तत्काल पहचान कर नियमानुसार कार्रवाई करने और जरूरत के मुताबिक उन्हें सील करने के निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि छात्रों के भविष्य और उनकी पढ़ाई से किसी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। बिना मान्यता स्कूल चलाना नियमों का उल्लंघन है और इससे विद्यार्थियों की शिक्षा व भविष्य प्रभावित हो सकता है।

छात्रों की उपस्थिति और पढ़ाई की व्यवस्था देखी

निरीक्षण के दौरान डीएम ने इंटर कॉलेज की विभिनन कक्षाओं का जायजा लिया। उन्होंने छात्रों की उपस्थिति, पढ़ाई की व्यवस्था, उपलब्ध शिक्षण संसाधनों और अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने छात्रों के सीखने के



परिणाम बेहतर करने और शिक्षण व्यवस्था में लगातार सुधार पर जोर दिया।डीएम ने छात्रों का नियमित मूल्यांकन कराने के निर्देश दिए। कमजोर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को चिन्हित कर उनके लिए अतिरिक्त और सुधारात्मक कक्षाएं चलाने को कहा।

# कसया डोल मेलाः श्रीकृष्ण की भक्ति के बीच सजी अश्लीलता की महफिल



**डोल मेले की परंपरा पड़ी फीकी, फूहड़ डांस और आर्केस्ट्रा के शोर में दम तोड़ती दिखी सनातन आस्था!**

**प्रतिबंध के दावों की उड़ी धज्जियांः आयोजकों की खामोशी और खाकी की मौजूदगी में सरेआम परोसी गई फूहड़ता!**

**धार्मिक मेलों के स्वरूप पर गंभीर सवालः क्या आने वाली पीढि़यां डोल को भक्ति पर्व की बजाय सिर्फ अश्लील मंच के रूप में याद रखेंगी?**

**प्रातः काल एक्सप्रेस**
**ब्यूरो कुशीनगर**

कुशीनगर। जिले के तमकुहीरोड और पडरौना के बाद अब कसया में भी परंपरा, संस्कृति और लोक-आस्था के प्रतीक माने जाने वाले पावन डोल मेले में मर्यादा की सारी हदें तार-तार होती नजर आईं। सोमवार से शुरू होकर बुधवार को देर शाम सकुशल संपनन हुए, कसया के ऐतिहासिक डोल मेले में भगवान श्रीकृष्ण की पवित्र भक्ति पर अंतिम दिन फूहड़ता और अश्लीलता भारी पड़ती दिखाई दी। जिस आयोजन का मुख्य उद्देश्य भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, सनातन परंपरा और धार्मिक उल्लास को आगे बढ़ाना था, वह मेला धड़ल्ले से सजने वाले आर्केस्ट्रा और आपत्तिजनक ठुमकों का मंच बनकर रह गया।

### भक्ति गीतों की जगह गूंजा आर्केस्ट्रा का शोरः-

हर साल की तरह इस बार भी कसया नगर में भव्य रूप से डोल मेला निकाला गया। विभिनन अखाड़ा समितियों और श्रद्धालुओं ने पारंपरिक उत्साह के साथ भगवान श्रीकृष्ण के डोल की विधिवत पूजा-अर्चना की। नगर के कसया-देवरिया मार्ग सहित प्रमुख मार्गों से अखाड़े निकले, खिलाडि़यों ने अपने करतब दिखाए और श्रद्धालुओं ने डोल में विराजमान भगवान श्री कृष्ण की मूतिर्यों के दर्शन कर पुण्य लाभ कमाया। लेकिन, इन सबके समानांतर मेले का एक दूसरा और बेहद विचलित करने वाला चेहरा भी सामने आया। तमाम प्रतिबंधों के दावों के बावजूद डोल के साथ चल रही ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर आर्केस्ट्रा सजाए गए थे। इन मंचों पर भक्ति गीतों के बजाय फूहड़ और आपत्तिजनक गानों पर नर्तकियों के अश्लील नृत्य का दौर चलता रहा। इसके पीछे युवाओं की भीड़ बेकाबू होकर थिरकती नजर आई, जिससे पूरे धार्मिक माहौल की गरिमा धूमिल हो गई।

### आयोजकों की उदासीनता और मूकदर्शक बनी खाकीः

इस पूरे प्रकरण में सबसे बड़ा और गंभीर सवाल आयोजन समितियों की भूमिका को लेकर खड़ा होता है। जब सरेआम धार्मिक जुलूस की आड़ में फूहड़ता परोसी जा रही थी, तो समितियों के कर्ताधर्ता क्या कर रहे थे? क्या उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि एक धार्मिक और पवित्र जुलूस में किस तरह की प्रस्तुतियां होनी चाहिए? यदि सब कुछ आयोजकों और जिम्मेदारों की आंखों के सामने हो रहा था, तो इसे रोकने का प्रयास क्यों नहीं किया गया? इसके साथ ही, कानून-व्यवस्था संभालने के लिए तैनात पुलिस और प्रशासनिक अमले की भूमिका पर भी बड़े सवाल उठ रहे हैं। मेले में सुरक्षा के नाम पर मुस्तैद खाकी के जवान सभी अखाड़ों और डोल के साथ तैनात थे, लेकिन आर्केस्ट्रा की आड़ में परोसी जा रही नंगई को वे मूकदर्शक बनकर टकटकी लगाए देखते रहे। अपनी आंखों के सामने सरेआम नियमों की धज्जियां उड़ते देखने के बावजूद उनका केवल औपचारिकता निभाना जनता के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

### महिलाओं और बच्चों की मौजूदगी में परोसी गई फूहड़ताः

डोल मेला कोई साधारण मनोरंजन का मंच नहीं है, बल्कि यह सनातन संस्कृति का एक प्रमुख केंद्र है। इस मेले में बड़ी संख्या में महिलाएं, युवतियां, बच्चे और बुजुर्ग शामिल होते हैं। ऐसे पवित्र और पारिवारिक आयोजनों में खुलेआम इस तरह के आपत्तिजनक नृत्य और फूहड़ गीत समाज पर बेहद नकारात्मक प्रभाव डालते है। श्रद्धालुओं का कहना है कि मनोरंजन के नाम पर आस्था के पर्व को इस तरह कलंकित करना किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है।

### धार्मिक झांकियां हो रही हैं लुप्त

एक समय था जब डोल मेलों की असली शान भगवान श्रीकृष्ण की सुंदर झांकियां, पारंपरिक भजन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुआ करती थीं। लेकिन धीरे-धीरे यह सब पीछे छूटता जा रहा है और डोल मेला पूरी तरह से आर्केस्ट्रा बालाओं के फूहड़ डांस का मंच बनकर सिमटता जा रहा है। धर्म और संस्कृति के बड़े-बड़े ठेकेदार बनने वाले संगठन और मेला संचालक इस गिरावट पर आंखें मूंदकर बैठे हुए हैं।

### प्रशासन से उठी सख्त कार्रवाई की मांगः

कसया के तमाम प्रबुद्धजनों और श्रद्धालुओं ने जिला प्रशासन से कड़ी मांग की है कि भविष्य में इस तरह के आयोजनों के लिए बहुत ही स्पष्ट और सख्त दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। धार्मिक आयोजनों और मेलों में अश्लील गानों, फूहड़ नृत्यों तथा आपत्तिजनक प्रस्तुतियों पर पूरी तरह से प्रभावी रोक लगाई जाए। नियमों का उल्लंघन करने वाली समितियों और उपद्रवियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जानी बेहद आवश्यक है।भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव और डोल मेला प्रेम, भक्ति, संस्कार और धर्म की विजय का प्रतीक है। यदि इस पावन अवसर पर आस्था के नाम पर फूहड़ता के ठुमके लगते रहे, तो वह दिन दूर नहीं जब हमारी आने वाली पीढि़यां डोल मेलों को धार्मिक परंपरा के रूप में नहीं, बल्कि केवल फूहड़ मनोरंजन के अखाड़े के रूप में याद रखेंगी। डोल की पवित्र परंपरा को बचाना है, तो सबसे पहले इसकी भक्ति और मर्यादा को बचाना होगा।

# फिटनेस चेकअप के नाम पर कबाड़ी की बाइक ले जाने का आरोप

## फाइनेंस बकाया बताकर एजेंसी ने नीलामी की बात कही, पीडि़त ने खीरी पुलिस से की शिकायत

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**



प्रयागराज। खीरी थाना क्षेत्र के खपटिहा गांव निवासी एक कबाड़ी ने बड़ोखर स्थित टीवीएस एजेंसी के कर्मचारियों पर बाइक फिटनेस चेकअप कराने के बहाने वाहन ले जाने का आरोप लगाया है। पीडि़त ने खीरी पुलिस को शिकायत देकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने, बाइक वापस दिलाने और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।7 अगस्त 2026 को पुलिस को दिए शिकायती पत्र में खपटिहा निवासी मौनीलाल पुत्र खेलावन ने बताया कि वह कबाड़ का कारोबार करते हैं। करीब दो वर्ष पहले उन्होंने बड़ोखर स्थित टीवीएस एजेंसी से किस्त पर बाइक खरीदी थी। उनका दावा है कि बाइक की सभी किस्तें उन्होंने एजेंसी के कर्मचारी हरिओम सिंह को समय से चुका दी थीं। उनके मुताबिक, किस्तें पूरी हुए करीब दस माह बीत चुके हैं।मौनीलाल का आरोप है कि 17 अगस्त 2025 की शाम करीब चार बजे वह चाकघाट से बाइक लेकर खीरी लौट रहे थे। इसी दौरान एजेंसी के कर्मचारी के नाम पर कुछ लोग पहुंचे और बाइक का फिटनेस चेकअप कराने की बात कहते हुए वाहन अपने साथ ले गए। पीडि़त के अनुसार, बाइक ले जाने से पहले उन्हें किसी नोटिस अथवा बकाया राशि की जानकारी नहीं दी गई।

बाइक ले जाने के बाद मौनीलाल ने एजेंसी मालिक पांडेय से संपर्क कर वाहन वापस करने की मांग की। आरोप है कि उन्हें जल्द बाइक लौटाने का आश्वासन दिया गया, लेकिन काफी समय बीतने के बाद भी बाइक वापस नहीं मिली। पीडि़त का कहना है कि बाइक उसके कबाड़ के कारोबार का मुख्य साधन थी। वाहन नहीं होने से उसका काम प्रभावित हो रहा है और परिवार के भरण-पोषण में परेशानी उठानी पड़ रही है।वहीं, रिकवरी विभाग के फील्ड ऑफिसर हरिओम सिंह ने पीडि़त के दावे से अलग पक्ष रखते हुए बताया कि वाहन से संबंधित करीब चार-पांच महीने का प्रीमियम और फाइनेंस बकाया था। उनके अनुसार, प्रयागराज यार्ड से जुड़े वित्तीय विभाग के कर्मचारियों द्वारा वाहन उठाया गया था। मौनीलाल को बकाया जमा करने के लिए करीब एक माह का समय दिया गया था। निर्धारित अवधि में भुगतान नहीं होने पर वाहन की नीलामी किए जाने की बात उन्होंने कही। हरिओम सिंह के अनुसार, नीलामी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब वाहन वापस मिलना संभव नहीं है।

# बढ़नी में स्मैक और नशीले इंजेक्शनों का खुला खेलः धंधेबाजों की गिरफ्त में युवा पीढ़ी, ढेबरुआ पुलिस की भूमिका पर उठे सवाल

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

सिद्धार्थनगरः ढेबरुआ थाना क्षेत्र के कस्बाई और ग्रामीण इलाकों में स्मैक, प्रतिबंधित नारकोटिक्स और नशीले इंजेक्शनों का अवैध कारोबार बेखौफ जारी है। इस गोरखधंधे की गिरफ्त में आकर क्षेत्र की युवा पीढ़ी गर्त में जा रही है। भारत-नेपाल सीमा से सटे इस संवेदनशील इलाके में स्थानीय पुलिस के साथ-साथ तमाम सुरक्षा एजेंसियां और खुफिया तंत्र मौजूद हैं, इसके बावजूद नशे की यह खेप धड़ल्ले से खप रही है जो सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

एक तरफ जहां क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी अवैध नशे के नेटवर्क को ध्वस्त करने को लेकर लगातार गंभीर रुख अपनाए हुए है, वहीं ढेबरुआ थाना पुलिस की लचर कार्यशैली के चलते स्थानीय धंधेबाजों के हौसले पूरी तरह बुलंद हैं। सीओ मयंक द्विवेदी ने अपराध और नशे के सौदागरों पर नकेल कसने के लिए कई बैठकों में कड़े निर्देश जारी किए हैं। ड्रग्स सिंडिकेट की रीढ़ तोड़ने और स्थानीय स्तर पर सघन गश्त के साथ छापेमारी को लेकर उनके इस सख्त रुख और प्रयासों की जनता भी सराहना कर रही है।

इसके ठीक उलट, ढेबरुआ थाना पुलिस इन कड़े निर्देशों को जमीन पर उतारने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है। स्थानीय पुलिस की उदासीनता और कथित अनदेखी का ही नतीजा है कि जेल जा चुका एक पुराना शातिर कारोबारी क्षेत्र में बेखौफ होकर अपना सिंडिकेट चला रहा है। सुनसान रास्तों और चिन्हित ठिकानों पर स्मैक व नशीले इंजेक्शनों की आपूर्ति बेरोक-टोक हो रही है। स्कूली छात्रों और युवाओं को पहले लत लगाई जाती है और फिर उनसे मनमाने दाम वसूले जाते हैं। नशे का खर्च जुटाने के लिए युवा अब चोरी और छिनैती जैसी घटनाओं को अंजाम देने लगे हैं।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कस्बे और आसपास के इलाकों में नशे के इन अवैध कारोबारियों की गतिविधियां जगजाहिर हैं, लेकिन ढेबरुआ पुलिस की सुस्ती समझ से परे है। लोगों ने सवाल उठाया है कि जब उच्चाधिकारी नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रहे हैं, तो ढेबरुआ पुलिस इन पर शिकंजा कसने से क्यों कतरा रही है? क्षेत्रवासियों ने पुलिस अधीक्षक और सीओ शोहरतगढ़ से ढेबरुआ पुलिस की भूमिका की समीक्षा करते हुए स्पेशल टीम के जरिए इन नशे के सौदागरों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की मांग की है।

# महिला सुरक्षा व जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर छात्राओं को किया जागरूक

**प्रातः काल एक्सप्रेस**
**ब्यूरो कुशीनगर**




कुशीनगर। शासन की मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी के निर्देश पर गुरुवार को हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन के तत्वावधान में कंपोजिट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोड़रिया, दुदही में जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर नलिन सिंह ने की। उन्होंने छात्र-छात्राओं को केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं - मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, सामूहिक विवाह योजना, आयुष्मान गोल्डन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन आदि की विस्तृत जानकारी दी।साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वन स्टॉप सेंटर 181, वूमेन हेल्पलाइन 1090, 112, 108 व 102 के बारे में बताया और संकट के समय इनके उपयोग की प्रक्रिया समझाई।

जेंडर स्पेशलिस्ट प्रीती सिंह ने बाल विवाह और दहेज प्रथा के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए इसे रोकने में युवाओं की भूमिका पर चर्चा की। कार्यक्रम में योजनाओं से संबंधित पम्पलेट वितरित किए गए और पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग की अपील की गई।

इस अवसर पर प्रधानाध्यापक शैमुद्दीन अंसारी, सहायक अध्यापक सुनील कुमार मौर्य, अवनीश कुमार, बबलू कुमार, शिक्षामित्र संपोष कुमार कुशवाहा, मीना पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। समापन पर सभी को बाल विवाह न करने और इसके खिलाफ जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई गई।

# युवा सपा नेता शिव कुमार चौरसिया ने संदीप विश्वकर्मा को यमुनापार जिलाध्यक्ष बनाने की उठाई मांग

## 29 वर्षों से पार्टी में सक्रिय, विभिन्न पदों पर निभा चुके है जिम्मेदारी; संगठन को मजबूती मिलने का जताया भरोसा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। समाजवादी पार्टी में करीब 29 वर्षों से सक्रिय भूमिका निभा रहे वरिष्ठ नेता संदीप विश्वकर्मा को यमुनापार का जिलाध्यक्ष बनाए जाने की मांग उठी है। युवा सपा नेता शिव कुमार चौरसिया ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष से मांग करते हुए कहा कि संदीप विश्वकर्मा के लंबे राजनीतिक अनुभव और संगठनात्मक क्षमता का लाभ यमुनापार में पार्टी को मिल सकता है।

शिव कुमार चौरसिया ने कहा कि संदीप विश्वकर्मा ने अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के वार्ड अध्यक्ष के रूप में की थी। इसके बाद उन्होंने नगर सचिव, नगर उपाध्यक्ष तथा समाजवादी पार्टी शहर दक्षिणी के उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाली। वह करीब दो वर्ष तक नगर अध्यक्ष लोहिया वाहिनी भी रहे। इसके अलावा समाजवादी लोहिया वाहिनी में प्रदेश सचिव और लगातार करीब 12 वर्षों तक जिला अध्यक्ष के रूप में संगठन को समय दिया।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में संदीप विश्वकर्मा समाजवादी पार्टी के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ में प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी निभा रहे है। उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन के विभिनन पदों पर रहते हुए संदीप विश्वकर्मा ने निष्ठा और ईमानदारी के साथ काम किया है। लंबे समय तक संगठन में सक्रिय रहने के कारण उन्हें जमीनी राजनीति और कार्यकर्ताओं की समस्याओं का व्यापक अनुभव है।शिव कुमार चौरसिया ने कहा कि संदीप विश्वकर्मा सरल स्वभाव के व्यक्ति हैं और समाज के सभी वर्गों के लोगों को सम्मान देने के साथ कार्यकर्ताओं से सहज संवाद बनाए रखते हैं। उनके अनुभव और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यमुनापार की जिम्मेदारी मिलनी चाहिए।





उन्होंने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष से अनुरोध करते हुए कहा कि संदीप विश्वकर्मा को यमुनापार का जिलाध्यक्ष बनाया जाए। इससे संगठन को अनुभवी नेतृत्व मिलेगा और यमुनापार में पार्टी को और अधिक मजबूत करने में मदद मिलेगी।

# नीम के पेड़ पर फंदे से झूला युवक, मां की नजर पड़ते ही मची चीख-पुकार

## परिजनों ने समय रहते बचाई जान, सीएचसी में भर्ती

प्रातः काल एक्सप्रेस



औरैया। अछल्दा थाना क्षेत्र के लहटोरिया गांव में गुरुवार शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब एक 30 वर्षीय युवक ने घर के पीछे नीम के पेड़ पर फंदा लगाकर जान देने का प्रयास किया। गनीमत रही कि ऐन वक्त पर उसकी मां की नजर बेटे पर पड़ गई। मां की चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और युवक को तत्काल नीचे उतारकर उसकी जान बचा ली। लहटोरिया गांव निवासी अजेंद्र प्रताप पुत्र रविन्द्र सिंह (30) ने गुरुवार की शाम अज्ञात कारणों के चलते घर के पीछे लगे नीम के पेड़ पर फंदा लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। इसी दौरान उसकी मां मिथलेश देवी की नजर बेटे पर पड़ गई। बेटे को फंदे पर लटका देख मां ने शोर मचाना शुरू कर दिया। चीख पुकार की आवाज सुनकर परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और युवक को तत्काल पेड़ से नीचे उतारा। और आनन फानन परिजन युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अछल्दा लेकर पहुंचे। वहां डॉ. ललित मोहन ने उसका प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सक के अनुसार युवक के गले पर फंदे का निशान है, हालांकि उपचार के बाद उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। युवक ने किन परिस्थितियों और किन कारणों के चलते यह कदम उठाया, इसका अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और युवक व परिजनों से जानकारी जुटाई जा रही है।

# छात्र के अपहरण की सूचना से मचा हड़कंप, जांच के बाद मारपीट का मामला निकला

## बाइक से ले जाकर छात्र के साथ मारपीट का आरोप, पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। बेला थाना क्षेत्र के तिर्वा रोड स्थित एक इंटर कॉलेज में गुरुवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब प्रधानाध्यापक ने डायल 112 पुलिस को एक छात्र के अपहरण की सूचना दी। बताया गया कि स्कूल की छुट्टी के बाद गेट से बाहर निकल रहे इंटर के छात्र को दो अज्ञात युवक बाइक पर बैठाकर ले गए हैं। सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और थाना पुलिस को जानकारी दी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही युवक छात्र को दोबारा इंटर कॉलेज के गेट पर छोड़कर फरार हो गए। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक अमर बहादुर सिंह भी मौके पर पहुंचे और छात्र तथा प्रधानाध्यापक से पूछताछ की। पूछताछ में छात्र ने पुलिस को बताया कि उसके ही साथी छात्र के भाई समेत दो युवकों ने उसे कॉलेज गेट से बाइक पर बैठा लिया था। कुछ दूर ले जाकर दोनों ने उसके साथ मारपीट की और बाद में उसे वापस कॉलेज के गेट पर छोड़ दिया। पुलिस ने मामले में उपेंद्र कुशवाहा पुत्र कुंवर सिंह और सुमित कुमार पुत्र ज्ञान सिंह निवासी भवानीपुरवा को गिरफ्तार कर शांतिभंग की कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया। दोनों को एसडीएम न्यायालय बिधूना से जमानत पर छोड़ दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि छात्र के अपहरण की सूचना गलत थी। जांच में मामला मारपीट का पाया गया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर शांतिभंग में कार्रवाई की गई है।

# बीमारी के कारण महिला की मौत, मायके पक्ष की सहमति पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

प्रातः काल एक्सप्रेस




औरैया। अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के नवीन नगर बाबरपुर निवासी एक महिला की बुधवार को बीमारी के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका के मायके पक्ष को घटना की जानकारी दी। मायके पक्ष के लोगों के पहुंचने और उनकी सहमति बनने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार अभिषेक उर्फ बबलू की पत्नी प्रिया उर्फ लवी (27) पिछले तीन दिनों से बीमार चल रही थीं। उसका उपचार कराया जा रहा था। बुधवार को अचानक उसकी तबीयत अधिक बिगड़ गई। इस पर पति अभिषेक उर्फ बबलू और जेठ शिवम उसे सीएचसी अजीतमल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की सूचना अस्पताल प्रशासन की ओर से मेमो के माध्यम से कोतवाली अजीतमल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस सीएचसी पहुंची और मामले की जानकारी जुटाई। पुलिस ने मृतका के मायके पक्ष को भी घटना की सूचना दी। बताया गया कि प्रिया की शादी वर्ष 2024 में अभिषेक उर्फ बबलू के साथ हुई थी। उसका मायका सिद्धार्थ नगर बाबरपुर में है। महिला की मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे। दोनों पक्षों के बीच सहमति बनने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार राजपूत ने बताया कि महिला की बीमारी के दौरान मौत हुई है। मायके पक्ष को सूचना दी गई थी। उनके पहुंचने और सहमति के बाद पंचायतनामा की कार्रवाई कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# नेताजी एक्सप्रेस में महिला की अचानक बिगड़ी तबीयत, फफूंद स्टेशन पर उतारा अस्पताल में मौत

## पति के साथ कर रही थी सफर, 11 बच्चों की मां थी मृतका, अचानक मौत से परिवार में मचा कोहराम

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। पश्चिम बंगाल की रहने वाली एक महिला की नेताजी एक्सप्रेस में सफर के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ गई। हालत गंभीर होने पर रेलवे स्तर से सूचना देकर महिला को औरैया के दिबियापुर स्थित फफूंद रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतारा गया। 108 एंबुलेंस की मदद से महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दिबियापुर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। महाली बीबी अपने पति इजाबुल के साथ पश्चिम बंगाल से नेताजी एक्सप्रेस में यात्रा कर रही थीं। ट्रेन में सफर के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। महिला की हालत खराब होते देख पति और सहयात्रियों ने मदद की। इसके बाद रेलवे को सूचना दी गई और महिला को उपचार के लिए फफूंद स्टेशन पर उतारने की व्यवस्था की गई।



फफूंद स्टेशन पहुंचने पर महिला को ट्रेन से उतारा गया। स्टेशन से 108 एंबुलेंस की मदद से उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दिबियापुर ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने महिला की जांच की, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर घटना की जानकारी पुलिस को दी।

महाली बीबी की मौत की सूचना मिलते ही पति और परिजनों में कोहराम मच गया। बताया गया है कि मृतका के 11 बच्चे हैं। अचानक हुई मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा।

घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से घटना के संबंध में जानकारी ली। शव को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के लिए रखवाया गया है। प्रारंभिक जानकारी में ट्रेन में अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद महिला की मौत होने की बात सामने आई है। हालांकि मौत की वास्तविक वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

# पारिवारिक विवाद में पुलिस की पहल, पति-पत्नी में कराया समझौता

प्रातः काल एक्सप्रेस





इटावा। पारिवारिक विवाद के एक मामले में पुलिस की पहल से पति-पत्नी के बीच समझौता कराया गया। महिला थाना पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाकर वार्ता की और आपसी मतभेद दूर कराने का प्रयास किया। प्रकरण में एक महिला ने महिला थाना पहुंचकर अपने पति पर मारपीट व गाली-गलौज करने का आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में शुक्रवार को महिला थाना पुलिस ने पति-पत्नी को थाने बुलाया। पुलिस ने दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद उन्हें पारिवारिक रिश्तों में संवाद, आपसी समझ और सौहार्द का महत्व बताया। पुलिस की पहल और दोनों पक्षों की सहमति से पति-पत्नी के बीच आपसी समझौता कराया गया। साथ ही भविष्य में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से रहने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। पुलिस ने आमजन से अपील की कि पारिवारिक विवादों को संवाद और आपसी सहमति के माध्यम से सुलझाने का प्रयास करें, जिससे परिवार में आपसी विश्वास और रिश्तों की मजबूती बनी रहे।

# सीएसआईआर नेट जेआरएफ में 99.76 परसेंटाइल के साथ ऑल इंडिया 43वीं रैंक हासिल कर प्रयागराज की बेटी ने बढ़ाया मान

## गेट एक्सेल भी कर चुकी हैं क्वालीफाई

प्रातः काल एक्सप्रेस

प्रयागराज। प्रयागराज जिले के ग्राम काजीपुर, भोपतपुर हँडिया क्षेत्र की रहने वाली मेधावी छात्रा सैय्यद नफीसुल हसन की बेटी आयात रिजवी ने सीएसआईआर यूजीसी -नेट लाइफ साइंस की प्रतिष्ठित परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया में 43वीं रैंक हासिल की है। आयात रिज़वी ने 99.76 परसेंटाइल के साथ परीक्षा उत्तीर्ण कर परिवार, शिक्षकों और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इसके साथ ही उन्होंने गेट एक्सेल परीक्षा भी क्वालीफाई की है। सैय्यद नफीसुल हसन की बेटी आयात रिजवी ने अपनी बीएससी एवं एमएससी की पढ़ाई (ण्ण), प्रयागराज से पूरी की। पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने शोध एवं उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का लक्ष्य तय किया। सीएसआईआर नेट में उन्होंने जेआरएफ के साथ-साथ गेट एक्सेल भी क्वालीफाई किया। एक ही शोध क्षेत्र में इन दोनों प्रतिष्ठित परीक्षाओं में सफलता हासिल करना उनकी मेहनत, लगन और शैक्षणिक प्रतिभा को दर्शाता है। इस उपलब्धि के पीछे उनके निरंतर परिश्रम के साथ माता-पिता का सहयोग तथा ईसीसी के प्रोफेसरों के मार्गदर्शन और शिक्षण की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयात रिजवी का लक्ष्य आगे चलकर लाइफ साइंस के क्षेत्र में उच्चस्तरीय शोध कर नई वैज्ञानिक संभावनाओं की तलाश करना है। उनका कहना है कि शोध के माध्यम से समाज तथा देश के लिए सार्थक योगदान देने की इच्छा है। आयात रिजवी की इस सफलता की जानकारी मिलने पर परिवार, शिक्षकों और परिचितों में खुशी का माहौल है। क्षेत्र के लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। परिजनों का कहना है कि उनकी मेहनत और लगन से परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ा है। परिवार में खुशी की लहर है गांव वाले घर पर आकर सैय्यद नफीसुल हसन की बेटी आयात रिज़वी को मुबारकबाद दे रहे है।

# अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता का विंध्याचल आगमन पर व्यापार मंडल ने किया स्वागत

प्रातः काल एक्सप्रेस
सुनील कुमार गुप्ता



मीरजापुर । उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष भगवान श्री राम की नगरी अयोध्या सदर के विधायक वेद प्रकाश गुप्ता के मां विंध्यवासिनी के पावन धाम विंध्याचल आगमन पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल मिर्जापुर परिवार एवं व्यापारी समाज द्वारा जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी की उपस्थिति में वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष / नगर अध्यक्ष शत्रुघ्न केसरी एवं वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल बाबा ने अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर उनका स्वागत किया। विधायक अपने साथ अयोध्या से इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, प्रिंट मीडिया एवं सोशल मीडिया के पत्रकारों के समूह के साथ मां विंध्यवासिनी एवं बाबा काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए धार्मिक यात्रा पर आए थे।

सभी आगंतुकों को मां विंध्यवासिनी का सुगम दर्शन कराया गया तथा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात सभी आगंतुकों को भोजन कराकर बाबा काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए वाराणसी के लिए विदा किया गया।

समस्त कार्यक्रम का आयोजन व्यापार मंडल के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष / कोटेदार संघ के अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल उर्फ बाबा भैया द्वारा विंध्याचल के व्यापारियों एवं कोटेदार संघ के सहयोग से किया गया। स्वागत करने वालों में राहुल बरनवाल, पप्पू खत्री, विंध्यवासिनी मोदनवाल, दीपू जायसवाल, ऋषभ जायसवाल, हर्षित खत्री, पवन केसरी आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

# राजकीय एवं निजी आई टी आई सत्र 2026-27, प्रथम वर्ष, 2026-28 द्वितीय वर्ष के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। राजकीय एवं निजी आई टी आई सत्र 2026-27, प्रथम वर्ष, 2026-28 द्वितीय वर्ष के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी कर दी गई है, अभ्यर्थी वेबसाइट ेण्नचण्हवअ पर जाकर अपना परिणाम देख सकते है अभ्यर्थियों की द्वितीय चरण की सूची जारी कर दी गई है, द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया के लिए प्रवेश दिनांक 12-09-2026 से संस्थान में प्रवेश शुरू हो रहे हैं और द्वितीय चरण की अन्तिम तिथि 17-09-2026 रात्रि 12 बजे तक अवकाश सहित निर्धारित की गई है। संस्थान अवकाश के दिनों में भी खुला रहेगा। और प्रवेश प्रक्रिया जारी रहेगी। अभ्यर्थी अपना बुलावा पत्र, आनलाइन आवेदन की प्रति एवं अपने सभी मूल प्रमाण पत्र और सभी प्रमाण पत्रों की छाया प्रति, अन्तिम शिक्षा की टी. सी. मूल प्रति और पुलिस जांच आनलाइन आवेदन की प्रति एवं 04 फोटो सम्बंधित चयनित संस्थान में पहुंचकर प्रवेश लेना सुनिश्चित करें। नोट - राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सदर औरैया (पढ़ीन) में चयनित अभ्यर्थी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अजीतमल स्थित अटसू में पहुंच कर प्रवेश कराना सुनिश्चित करें।यह जानकारी नोडल प्रधानाचार्य अनूप सिंह राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अटसू अजीतमल, जनपद औरैया ने मीडिया को दी है।

# शमसाबाद, उदहिन खुर्द और जुवरा में धान क्रय केंद्र खोले जाने हेतु सौंपा गया मांगपत्र

## सिराथू ब्लॉक के दक्षिणी क्षेत्र में किसान हित में धान क्रय केंद्र खोले जाएं..... अजय सोनी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने सिराथू ब्लॉक के दक्षिणी क्षेत्र के कई स्थानों पर किसानो के हित में धान क्रय केंद्र खोले जाने की अधिकारियों से मांग उठाई है और इस संबंध में एक मांगपत्र जिला खाद्य विपणन अधिकारी सुधांशु शेखर को सौंपा है। सौंपे गए मांगपत्र में धान क्रय केंद्र खोले जाने की अजय सोनी ने मांग की है।

इस अवसर पर अजय सोनी ने कहा कि सिराथू ब्लॉक के दक्षिणी क्षेत्र में धान क्रय केंद्र खोले जाने से किसानो का आर्थिक हित होगा और बिचौलिए किसानो का शोषण नही कर पाएंगे। आगे कहा कि शमसाबाद में तो कई सालों से धान क्रय केंद्र खोला जाता रहा है लेकिन उदहिन और जुवरा में भी धान क्रय केंद्र खोले जाने की जरूरत है। इस संबंध में अजय सोनी ने बताया कि मेरे द्वारा अपर जिलाधिकारी कौशांबी शालिनी प्रभाकर को भी एक मांगपत्र पिछले माह दिया गया था और अब जिला खाद्य विपणन अधिकारी को भी दिया जा रहा है। इस अवसर पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी सुधांशु शेखर ने कहा कि जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी की मांग पर समुचित विचार किया जाएगा और तीनों स्थलों पर धान क्रय केंद्र खोले जाने की पहल की जाएगी। इस अवसर पर समर्थ किसान पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेमचंद्र केसरवानी, युवा जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश यादव, फूलचंद्र लोधी, राम सुमेर लोधी, जुम्मन अली आदि मौजूद रहे।

# बैंक हड़ताल के बाद लगातार दो दिन बंद रहेंगी शाखाएं, ग्राहकों की बढ़ी परेशानी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। देशव्यापी बैंक हड़ताल के चलते शुक्रवार को जिले की विभिन्न बैंक शाखाओं में कामकाज प्रभावित रहा। इसके बाद आज दूसरा शनिवार और कल रविवार होने के कारण लगातार तीन दिन बैंक शाखाएं बंद रहेंगी। इससे बैंकिंग कार्यों के लिए शाखाओं पर निर्भर ग्राहकों की परेशानी बढ़ गई है।यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर बैंक कर्मचारी और अधिकारी संगठनों ने हड़ताल में हिस्सा लिया। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में पांच दिन का बैंकिंग सप्ताह लागू करना और परफॉर्मेंस लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) से जुड़े मुद्दे शामिल हैं। यूनियनों का कहना है कि पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह को लेकर बातचीत तो हुई, लेकिन अभी तक कोई ठोस समयसीमा या स्पष्ट आश्वासन नहीं मिला है।

शुक्रवार को बैंक शाखाएं बंद रहने के कारण कैश जमा-निकासी, चेक संबंधी कार्य, पासबुक अपडेट, केवाईसी, बैंक ड्राफ्ट और दस्तावेज जमा करने जैसे काम प्रभावित रहे। शाखा स्तर से जुड़े ऋण संबंधी कार्य भी नहीं हो सके। जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न बैंकों की शाखाएं बंद रहने से ग्रामीण क्षेत्र से पहुंचे ग्राहकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई ग्राहक बैंक का जरूरी काम नहीं करा सके और उन्हें वापस लौटना पड़ा। लगातार तीन दिन बैंक बंद रहने के बाद सोमवार को शाखाओं में लंबित कामों का दबाव बढ़ने की संभावना है। इससे ग्राहकों की भीड़ बढ़ सकती है और बुजुर्गों व महिलाओं को लंबी कतारों में इंतजार करना पड़ सकता है। हालांकि डिजिटल बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। ग्राहक जरूरी भुगतान और पैसे भेजने के लिए यूपीआई, मोबाइल बैंकिंग और इंटरनेट बैंकिंग का इस्तेमाल कर सकते हैं। नकदी की आवश्यकता होने पर एटीएम से पैसा निकाला जा सकता है। वहीं, जिन कार्यों के लिए बैंक शाखा जाना अनिवार्य है, उनके लिए ग्राहकों को अगले कार्यदिवस तक इंतजार करना होगा।

## ललितपुर से इंटरसिटी, नई वंदे भारत और बुंदेलखंड सर्किट ट्रेन का प्रस्ताव

### सांसद अनुराग शर्मा ने रेल सुविधाओं के विस्तार पर दिया जोर

प्रातः काल एक्सप्रेस

झांसी। झांसी मंडल के सांसदों एवं उनके प्रतिनिधियों के साथ शुक्रवार को ओरछा पैलेस एवं कन्वेंशन सेंटर में उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में झांसी-ललितपुर सांसद अनुराग शर्मा समेत विभिन्न सांसदों ने क्षेत्र में रेल सुविधाओं के विस्तार, नई ट्रेनों, ठहराव, स्टेशनों के विकास और आधारभूत ढांचे से जुड़े सुझाव दिए। रेल प्रशासन ने सभी प्रस्तावों पर गंभीरता से विचार कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में झांसी मंडल से करीब 4.58 करोड़ यात्रियों ने यात्रा की। यात्री आय से 1016 करोड़ रुपये तथा माल लदान से 947.15 करोड़ रुपये की आय हुई। जन मांग के आधार पर 14 जोड़ी ट्रेनों को 10 स्टेशनों पर 14 नए ठहराव दिए गए। इसके अलावा मेला, त्योहार, परीक्षा और गर्मी के दौरान 648 विशेष ट्रिप संचालित किए गए। दो जोड़ी नई ट्रेनों का संचालन शुरू हुआ तथा चार जोड़ी मेमू ट्रेनों को 8 से बढ़ाकर 12 कोच किया गया।

उन्होंने बताया कि वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर और खजुराहो स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना के 16 स्टेशनों में छह का कार्य पूरा हो चुका है। मंडल में 93 किलोमीटर नई रेल लाइन बिछाने के साथ 157.67 किलोमीटर में स्वचालित सिगनलिंग तथा 68.5 किलोमीटर में कवच प्रणाली शुरू की गई है।

सांसद अनुराग शर्मा ने लखनऊ-झांसी इंटरसिटी का संचालन ललितपुर से शुरू करने, भोपाल-लखनऊ स्लीपर वंदे भारत, काशी-झांसी वंदे भारत तथा बुंदेलखंड सर्किट ट्रेन चलाने का सुझाव दिया। उन्होंने बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे व बीडा क्षेत्र को रेल लाइन से जोड़ने, झांसी-ललितपुर में वाशिंग पिट का निर्माण, ललितपुर स्टेशन का विकास शीघ्र पूरा करने तथा बरुआसागर में बुंदेलखंड एक्सप्रेस के ठहराव की मांग रखी। फाटक संख्या 367, 369 और 341 के कार्यों में तेजी लाने पर भी जोर दिया। कुली बंधुओं और उनके परिवारों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ने की संभावनाओं पर विचार करने का सुझाव भी दिया।

भिंड-दतिया सांसद संध्या राय ने बसई स्टेशन पर उत्कल एक्सप्रेस के ठहराव और भिंड को राष्ट्रीय राजधानी से जोड़ने के लिए नई ट्रेन की मांग रखी। उरई-जालौन सांसद नारायण दास अहिरवार ने उरई-नई दिल्ली रेल सेवा तथा कोंच-कानपुर सीधी रेल सेवा का सुझाव दिया। मुरैना सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने गोवा एक्सप्रेस व गतिमान के मुरैना में ठहराव तथा ग्वालियर-श्योपुरकलां आमान परिवर्तन जल्द पूरा कर ट्रेन संचालन की मांग की। बांदा सांसद कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल ने अतर्रा स्टेशन के विकास और चित्रकूट धाम कर्वी-रामेश्वरम नई ट्रेन का सुझाव दिया। राज्यसभा सांसद महेश केवट ने ओरछा स्टेशन पर गतिमान एक्सप्रेस व ताज एक्सप्रेस के ठहराव का प्रस्ताव रखा।

बैठक में टीकमगढ़, खजुराहो, ग्वालियर, महोबा, सागर सहित अन्य क्षेत्रों के सांसदों एवं प्रतिनिधियों ने भी सुझाव दिए। संचालन उप महाप्रबंधक सामान्य अतुल मिश्रा ने किया। मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार समेत रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## अहिरवार समाज की पंचायत में मृत्यु भोज त्यागने का निर्णय नशामुक्ति पर भी जोर

### छिरौरा बुजुर्ग में सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ लिया गया सामूहिक संकल्प

प्रातः काल एक्सप्रेस

झांसी। ग्राम छिरौरा बुजुर्ग में अहिरवार समाज की पंचायत आयोजित की गई, जिसमें समाज और देश में व्याप्त विभिन्न समस्याओं एवं सामाजिक कुरीतियों पर गहन चर्चा की गई। पंचायत में नशामुक्ति अभियान को आगे बढ़ाने तथा मृत्यु भोज जैसी परंपरा को समाप्त करने पर विचार-विमर्श हुआ। चर्चा के बाद समाज के लोगों ने सर्वसम्मति से मृत्यु भोज न करने और न खाने का निर्णय लिया।

पंचायत का संचालन करते हुए हिरदेश ककवारा ने कहा कि नशा आज समाज और देश की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है। नशे की लत में पड़कर अनेक लोग समय से पहले ही जीवन गंवा देते हैं। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को नशे से दूर रहने और युवाओं को भी इससे बचाने के लिए सामूहिक प्रयास करना चाहिए।

उन्होंने मृत्यु भोज को लेकर कहा कि जिस आंगन में परिवार का सदस्य दुनिया से चला जाता है, वहां परिजन शोक में रहते हैं। ऐसे समय में भोज जैसी परंपरा को बाध्यकारी नहीं बनाया जाना चाहिए। बदलते समय के साथ सामाजिक परंपराओं में भी सकारात्मक बदलाव जरूरी है, ताकि किसी परिवार पर अनावश्यक आर्थिक बोझ न पड़े।

पंचायत में मृत्यु भोज के पक्ष और विपक्ष में लोगों ने अपने-अपने तर्क रखे। सभी पहलुओं पर चर्चा के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समाज में मृत्यु भोज को पूरी तरह त्यागा जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में संचार और यातायात के साधन पर्याप्त हैं, जिसके चलते लोग अंतिम संस्कार में शामिल हो जाते हैं। ऐसे में मृत्यु भोज पर होने वाला खर्च फिजूलखर्ची है।

गांव के बुजुर्गों और युवाओं ने मिलकर तय किया कि किसी परिवार में मृत्यु होने पर सादगी के साथ श्रद्धांजलि कार्यक्रम किया जाएगा। यदि कोई व्यक्ति अपने दिवंगत परिजन की स्मृति में कोई कार्य करना चाहता है तो वह सामाजिक हित, शिक्षा, सेवा या अन्य रचनात्मक कार्य कर सकता है, लेकिन इसे किसी परिवार के लिए बाध्यकारी नहीं बनाया जाएगा।

पंचायत को सूरज राम वर्मा पूर्व पेशकार, जीवन माते, जगत राज मुखिया, प्रकाशचंद्र निराला, ओमप्रकाश अध्यापक, कालका प्रसाद, हिरदेश ककवारा, लालाराम, सोभाराम, प्रभुदयाल, अशोक, सीताराम, कुंवरलाल, अमान दाऊ, आसाराम और अरविंद कुमार अध्यापक आदि ने संबोधित किया।

इस अवसर पर अवधेश कुमार, चंद्रभान, शुभम सिंह, कृपाराम, अमित, नितेश चौधरी, राजेंद्र, सीताराम, रामपाल, मिथिलेश कुमार, राजू, अमर सिंह, रामप्रकाश, विजय, मनोज, सचिंद्र चौधरी, राजाराम, कैलाश, हरदयाल, अरविंद कुमार, सोबरन सिंह, मोहनलाल, प्रेम नारायण, ओमप्रकाश सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे। अंत में मुखिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## रायगढ़ में संपन्न हुई जनसत्ता दल लोकतांत्रिक की लंबी कूद प्रतियोगिता



.प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक की ओर से शुक्रवार को रायगढ़ अहलादगंज में लंबी कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिलेभर से पहुंचे तीन दर्जन से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

1- प्रतियोगिता में रानीगंज तहसील के सचिन ने 24 फुट 3 इंच की लंबी कूद लगाकर प्रथम स्थान हासिल किया। उन्हें प्रथम पुरस्कार के रूप में रेंजर साइकिल प्रदान की गई।

2- कोहंडौर क्षेत्र के हिमांशु ने 23 फुट 7 इंच की छलांग लगाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया, जिन्हें पंखा पुरस्कार में दिया गया।

3- प्रयागराज जनपद के दहियावां के दीपक सरोज ने 22 फुट 11 इंच की छलांग लगाकर तीसरा स्थान हासिल किया। उन्हें भी सीलिंग फैन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में रायगढ़ के पूर्व प्रधान कुंवर मुन्नू सिंह पहुंचे। उनके पहुंचते ही समर्थकों और मौजूद लोगों ने जोरदार स्वागत करते हुए नारे लगाए। राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े अन्य लोगों की मौजूदगी के बीच जनता का उत्साह विशेष रूप से कुंवर मुन्नू सिंह के समर्थन में नजर आया। विशिष्ट अतिथि कुंवर मुन्नू सिंह ने कहा कि इस तरह की खेल प्रतियोगिताओं से बच्चों और युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और आत्मविश्वास का विकास होता है। युवाओं को पढ़ाई के साथ खेलों में भी आगे बढ़ने का अवसर मिलना चाहिए।इस मौके पर अध्यक्ष शाह मोहम्मद, मुख्तार अहमद, अतीक अहमद चांद, पूर्व प्रधान अन्नू सिंह, पत्रकार रूपेंद्र शुक्ला, अनुराग ओझा, मोहम्मद नईम, सद्दाम मोहम्मद नईम समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## नेटवर्क समस्या से नाराज ग्रामीणों ने टेलीकॉम कर्मी को टावर में बांधा - पुलिस ने पांच को लिया हिरासत में

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के हरदौली गांव में नेटवर्क की समस्या से नाराज ग्रामीणों द्वारा टावर का निरीक्षण करने पहुंचे एक टेलीकॉम कर्मी को टावर में बांधने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि, वायरल वीडियो की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

बताया जा रहा है कि हरदौली गांव में करीब दो वर्ष पहले जियो कंपनी का मोबाइल टावर लगाया गया था। ग्रामीणों का आरोप है कि टावर लगने के बाद से ही नेटवर्क की समस्या बनी हुई है। नेटवर्क कमजोर होने के कारण मोबाइल पर कॉलिंग और इंटरनेट सेवा का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है।





ग्रामीणों के अनुसार, इस समस्या को लेकर कई बार टेलीकॉम अधिकारियों से फोन पर शिकायत की गई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। इसी बीच टावर की देखरेख के लिए एक टेलीकॉम कर्मी गांव पहुंचा। ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया और टावर से बांध दिया। ग्रामीणों का कहना था कि जब तक टेलीकॉम अधिकारी मौके पर नहीं आएंगे, तब तक कर्मी को नहीं छोड़ा जाएगा। घटना के दौरान मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। इसी दौरान किसी व्यक्ति ने पूरी घटना का वीडियो बना लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस महकमे में भी हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और टेलीकॉम कर्मी को ग्रामीणों के कब्जे से मुक्त कराया। इसके बाद पुलिस उसे थाने ले गई। इस मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

**क्या बोले पुलिस अधीक्षक**

एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि बिंदकी क्षेत्र के एक गांव से सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें टावर टेक्नीशियन को कुछ लोगों द्वारा बंधक बनाया गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, 5जी नेटवर्क नहीं आने से नाराज होकर ग्रामीणों ने यह कदम उठाया। मामले में मुकदमा दर्ज कर पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## पी एम श्री (समेकित शिक्षा )के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों हेतु मेडिकल असेसमेंट कैंप संपन्न

प्रातः काल एक्सप्रेस

झाँसी।पीएम श्री समेकित शिक्षा के अंतर्गत सभी प्रकार के दिव्यांग बच्चों के दिव्यांगता की जांच हेतु जिलाधिकारी गौरांग राठी, मुख्य विकास अधिकारी रामेश्वर सुधाकर शब्बानबाड के निर्देशन एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जितेंद्र कुमार गौड के मार्गदर्शन व खण्ड शिक्षा अधिकारी शंकर दयाल नामदेव की उपस्थिति में ब्लॉक संसाधन केंद्र मऊरानीपुर में मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ शिशिर पूरी के द्वारा चिकित्सकों की गठित टीम डॉ रामहित नाक कान गला रोग विशेषज्ञ, डॉ गोकुल प्रसाद अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ रामपाल नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ शिकाफा मनोरोग विशेषज्ञ आदि द्वारा 71 दिव्यांग बच्चों की जांच की गई जिसमें 16 बच्चों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र हेतु चिह्नित किया गया एवं कुछ बच्चों को मंडलीय मनोविज्ञान केंद्र एवं मेडिकल कॉलेज झांसी में विभिन्न जांच हेतु भेजा गया। स्पेशल एजुकेटर्स आशीष तिवारी द्वारा श्रवण दिव्यांग बच्चों की ऑडियो मेट्री की गई फिजियो थेरेपिस्ट राणा प्रताप सिंह द्वारा अभिभावकों को थेरेपी के बारे में परामर्श दिया गया, स्पेशल एजुकेटर्स रविन्द्र चौरसिया, दीपक कुमार, राजेंद्र कुमार उपस्थिति होकर दिव्यांग बच्चों का पंजीयन किया गया,।प्रधानाध्यापक शैलेंद्र कुमार शर्मा, सहायक अध्यापक -धर्मेंद्र विश्वकर्मा, दिव्या कटारे, सोनिया,रश्मि सहायक लेखाकार जितेंद्र कुमार उपस्थित रहकर कैंप में सहयोग किया ।, कैंप में ब्लॉक मऊ रानीपुर के दिव्यांग बच्चों के साथ साथ उनके अभिभावक उपस्थित रहे। सभी का आभार जिला समन्वयक समेकित शिक्षा रतनेश कुमार त्रिपाठी ने व्यक्त किया।

## बेतवा में डूबे भाइयों के घर पहुंचे बबीना विधायक, परिजनों को बंधाया ढांढस

प्रातः काल एक्सप्रेस

झाँसी। बेतवा नदी में नाव पलटने से डूबे दो सगे भाइयों महेन्द्र (24) और मनीष (19) के निधन पर बबीना विधायक राजीव सिंह पारीछा ने कटरा (थाना के पीछे) स्थित उनके घर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने मृतकों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।

परिजनों की स्थिति देखकर विधायक भावुक हो गए। उन्होंने पीड़ित परिवार को राशन, तेल, आटा सहित रोजमर्रा की सामग्री उपलब्ध कराई। साथ ही उपजिलाधिकारी और तहसीलदार से फोन पर बात कर आपदा राहत, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना योजना और विधवा पेंशन का लाभ दिलाने के निर्देश दिए।विधायक ने कहा कि एक साथ दो जवान बेटों को खोना बेहद हृदय विदारक है। यह केवल राजू रायकवार के परिवार का नहीं, बल्कि पूरे बरुआसागर का दुख है। सरकार से मिलने वाली आर्थिक सहायता, बच्चों की शिक्षा और अन्य जरूरी मदद के लिए वह परिवार के साथ हर कदम पर खड़े हैं। गौरतलब है कि मछली देखने गए दोनों भाइयों की नाव पलटने से बेतवा में डूबकर मौत हो गई थी। 29 घंटे के रेस्क्यू के बाद बुधवार को दोनों के शव बरामद हुए थे।

## सपा प्रदेश सचिव हृदय नारायण प्रजापति ने कहा- पिछड़ों, दलितों को सम्मान सिर्फ सपा में

### रानीगंज विधानसभा अध्यक्ष शेर बहादुर यादव के नेतृत्व में हुई बड़ी बैठक

प्रातःकाल एक्सप्रेस

रानीगंज, प्रतापगढ़। रानीगंज विधानसभा क्षेत्र के बाहीपुर गांव में शुक्रवार को प्रजापति समाज की विशाल बैठक ने सियासी हलचल तेज कर दी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर आयोजित इस बैठक में सैकड़ों की संख्या में प्रजापति समाज के लोगों ने हिस्सा लिया और 2027 में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का ऐलान किया।बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव हृदय नारायण प्रजापति का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी अंबिका प्रसाद प्रजापति ने की, जबकि कुशल संचालन प्रकाश विश्वकर्मा ने किया। पूरे कार्यक्रम का आयोजन रानीगंज विधानसभा अध्यक्ष शेर बहादुर यादव के नेतृत्व में किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि हृदय नारायण प्रजापति ने कहा, समाजवादी पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जिसने प्रजापति समाज समेत सभी पिछड़े, दलित और वंचित वर्गों को असली सम्मान दिया है। बाबा साहब और लोहिया जी के सपनों को सिर्फ अखिलेश यादव ही पूरा कर सकते हैं। 2027 का चुनाव सिर्फ सरकार बदलने का नहीं, बल्कि पीडीए के स्वाभिमान का चुनाव है।उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अभी से बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करें और गांव-गांव जाकर समाजवादी नीतियों को पहुंचाएं।इस अवसर पर सपा जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी, रानीगंज विधानसभा अध्यक्ष शेर बहादुर यादव, राजेंद्र यादव, योगेश प्रजापति, संदीप प्रजापति, सलीम प्रधान (जिला उपाध्यक्ष), पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष यादव, लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष देवी लाल, कमलेश विश्वकर्मा, रामू यादव, गोपी प्रधान सहित सैकड़ों पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।अंत में सभी ने हाथ उठाकर ष्2027 में अखिलेश यादव जिंदाबाद, समाजवादी पार्टी जिंदाबादष् के नारों के साथ संकल्प लिया।

## विप्र सेवा सुरक्षा एवं एकता मंच ने बढ़ाया मदद का हाथ

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। बाबागंज क्षेत्र के रायगढ़-कुटलिया गांव निवासी कैंसर पीड़ित लालता प्रसाद पांडेय का कच्चा मकान लगातार बारिश के चलते ढह गया। आशियाना उजड़ने से परिवार के सामने रहने और गृहस्थी चलाने का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।परिवार की दयनीय स्थिति की जानकारी मिलने पर विप्र सेवा सुरक्षा एवं एकता मंच ने मदद के लिए पहल की। मंच की अपील पर 70 दानदाताओं ने सीधे पीड़ित परिवार के खाते में 40 हजार रुपये से अधिक की सहयोग



राशि भेजी। आर्थिक संकट से जूझ रहे परिवार के लिए यह सहयोग बड़ी राहत माना जा रहा है।शुक्रवार को मंच के पदाधिकारियों और सदस्यों ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उनकी स्थिति की जानकारी ली और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस दौरान विजय कुमार द्विवेदी, चंद्रकांत द्विवेदी, योगेश पांडेय, आदर्श शुक्ला, अंकित मिश्रा, तनुज पांडेय, प्रिंस प्रशांत, अभिनव शुक्ला, विनीत शुक्ला, आकाश द्विवेदी, डीएम पांडेय, चंचल, हिमांशु पांडेय,शशांक शुक्ला इशू आदि मौजूद रहे।महज दो महीने पहले गठित हुआ विप्र सेवा सुरक्षा एवं एकता मंच लगातार जरूरतमंद परिवारों की मदद के लिए आगे आ रहा है। मंच का कहना है कि विपदा की घड़ी में किसी जरूरतमंद को अकेला महसूस न होने देना ही सेवा का वास्तविक उद्देश्य है।मंच ने सहयोग करने वाले सभी 70 दानदाताओं और सदस्यों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि सेवा, सुरक्षा और एकता के संकल्प के साथ जरूरतमंदों की मदद का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

## तरसौरा में गंगा की बाढ़ से करीब 100 बीघा फसल जलमग्न

### धान, शकरकंद, लौकी, मिर्च, करेला व परवल की फसल प्रभावित, कछार में बनी किसानों की झोपड़ियां भी डूबीं

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। गंगा का जलस्तर बढ़ने से सिराथू तहसील क्षेत्र के तरसौरा गांव में कछार में बोई गई करीब 100 बीघा फसल जलमग्न हो गई है। खेतों में पानी भरने से धान, शकरकंद, लौकी, मिर्च, करेला और परवल की फसल प्रभावित हुई है। अचानक खेतों में पानी भरने से किसानों के सामने फसल खराब होने और आर्थिक नुकसान की चिंता खड़ी हो गई है।

तरसौरा गांव के कछारी क्षेत्र में बड़ी संख्या में किसान हर वर्ष गंगा की उपजाऊ जमीन पर विभिन्न फसलों की खेती करते हैं। गंगा का जलस्तर सामान्य रहने पर यहां अच्छी पैदावार होती है, लेकिन जलस्तर बढ़ने के साथ ही कछार में पानी फैलने लगता है। इस बार भी गंगा का पानी बढ़ने से खेतों में पानी पहुंच गया और देखते ही देखते फसलें जलमग्न हो गईं। कई स्थानों पर फसल पूरी तरह पानी में डूब गई है।ग्रामीणों के अनुसार, हीरालाल की तीन बीघा, देवतादीन की तीन बीघा शकरकंद, सुरेश की तीन बीघा धान व शकरकंद, गुलाब की पांच बीघा शकरकंद, लल्लूराम की तीन बीघा धान, शकरकंद व लौकी, अंगद की तीन बीघा धान व शकरकंद तथा रमाकांत की पांच बीघा धान, शकरकंद व लौकी की फसल प्रभावित हुई है।इसी तरह गया प्रसाद की तीन बीघा शकरकंद, राजेंद्र की चार बीघा धान व शकरकंद, बसंत लाल की पांच बीघा धान, शकरकंद व लौकी तथा अमर सिंह की छह बीघा धान, शकरकंद व लौकी की फसल पानी में डूब गई है। अवधेश की छह बीघा में बोई गई धान, शकरकंद, लौकी और परवल की फसल भी प्रभावित हुई है। गयाप्रसाद मुखिया की तीन बीघा करेला तथा सूरजमल की तीन बीघा धान व शकरकंद की फसल भी जलमग्न बताई जा रही है।

कछार में फसलों की रखवाली के लिए किसानों ने खेतों के आसपास अस्थायी झोपड़ियां भी बना रखी थीं। गंगा का पानी बढ़ने से इनमें भी पानी भर गया है। कई झोपड़ियां आधे से अधिक पानी में डूब गई हैं। इससे किसानों को फसल की निगरानी करने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि कछार में खेती पर मौसम और गंगा के जलस्तर का सीधा असर पड़ता है। फसल तैयार होने के समय जलस्तर बढ़ने से किसानों की पूरी मेहनत और लागत प्रभावित हो जाती है। करीब 100 बीघा क्षेत्र में फसल प्रभावित होने से नुकसान का आकलन करने और प्रभावित किसानों को राहत दिलाने की मांग उठने लगी है।

### एसडीएम ने सर्वे कराने का दिया भरोसा

एसडीएम सिराथू पद्मेश श्रीवास्तव ने बताया कि गंगा का जलस्तर बढ़ने से यदि किसानों की फसल प्रभावित हुई है तो उसका सर्वे कराया जाएगा। सर्वे में जो किसान नियमानुसार दायरे में आएंगे, उन्हें शासन से मिलने वाली सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

## पूर्व विधायक विक्रम सिंह ने गांवों में किया जनसंवाद, सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

प्रातःकाल एक्सप्रेस



फतेहपुर। पूर्व विधायक विक्रम सिंह ने ग्राम बस्तापुर, वलीदपुर मजरे अलादातपुर, बहलोलपुर और कसेरुवा में जनसंवाद कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान ग्रामीणों ने फूल-माला पहनाकर उनका स्वागत किया और सरकार की योजनाओं का लाभ मिलने पर खुशी जताई।विक्रम सिंह ने ग्रामीणों का हालचाल जाना और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है। उन्होंने ग्रामीणों से पात्रता के अनुसार योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याओं और कार्यों से संबंधित प्रार्थना पत्र पूर्व विधायक को सौंपे। विक्रम सिंह ने संबंधित मामलों के निस्तारण का प्रयास करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में राकेश पटेल प्रधान, सुरेंद्र मौर्य, जितेंद्र मौर्य, ब्रजेश, सर्वेश पाल, रामनरेश पटेल, कुलदीप पाल, जय सिंह पटेल, सुरेंद्र प्रजापति, अखिलेश गुप्ता, सुरेश पटेल, अशोक पासवान, विनोद पाल, सिद्धू पासी, शिवबली पासवान, महेश साहू, संजय साहू सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# सहारनपुर पुलिस की नशा तस्करों के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही



प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। थाना सरसावा की मिशन शक्ति/एण्टीरोमियों पुलिस टीम द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 02 शातिर नशा तस्कर अभियुक्तगण गिरफ्तार गिरफ्तार, कब्जे से 25 ग्राम अवैध स्मैक नाजायज बरामद पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, सहारनपुर द्वारा परिक्षेत्र सहारनपुर में मादक पदार्थों/नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबन्धित दवाओं की तस्करी,बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिए ठोस एवं समन्वित कार्यवाही हेतू परिक्षेत्र सहारनपुर के तीनो जनपदो में 'ऑपरेशन सवेरा' - 'नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर' अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष प्रवेश कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना सरसावा की मिशन शक्ति/एण्टीरोमियों पुलिस टीम द्वारा गस्त/चैकिंग के दौरान 02 शातिर नशा तस्कर अभियुक्तगण 1.सलमान पुत्र जमील निवासी मौ0 कस्सावान कस्बा व थाना सरसावा जिला सहारनपुर व 2.अभियुक्ता शाहिन पत्नि मामून नि0 मौ0 मिर्धान कस्बा व थाना सरसावा जनपद सहारनपुर को कस्बा सरसावा मरगज मस्जिद के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त/अभियुक्ता के कब्जे कुल 25 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त/अभियुक्ता के विरुद्ध थाना सरसावा पर मु0अ0सं0 297/2026 धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त/अभियुक्ता उपरोक्त द्वारा मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के संबंध में ईस्ट-वेस्ट लिंको की जाँच की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त/अभियुक्ता के विरुद्ध अन्य आवश्क विधिक कार्यवाही कर समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सिंह के नेतृत्व में सहारनपुर पुलिस का पैदल मार्च

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। शुक्रवार (जुमे) की नमाज़ एवं आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए रखने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर अभिनंदन सिंह द्वारा अन्य पुलिस अधिकारीगण के साथ पुलिस बल, पीएसी एवं अर्धसैनिक बल के साथ जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में पैदल मार्च किया गया। पैदल मार्च के दौरान प्रमुख बाजारों, मुख्य मार्गों, चौराहों, संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थानों, धार्मिक स्थलों एवं मस्जिदों के आसपास भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। पुलिस बल द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए आवश्यक चेकिंग की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सिंह द्वारा ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को पूर्ण सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने, संवेदनशील स्थानों पर प्रभावी निगरानी रखने तथा किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान पुलिस अधिकारियों द्वारा स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों एवं आमजन से संवाद कर शांति, सौहार्द एवं आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की गई। साथ ही अफवाहों पर ध्यान न देने एवं सोशल मीडिया पर भ्रामक/आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित न करने हेतु जागरूक किया गया। आमजन से अपील की गई कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि अथवा कानून-व्यवस्था से संबंधित सूचना तत्काल पुलिस को दें तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करें।



सहारनपुर पुलिस द्वारा जुमे की नमाज़ एवं आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जनपदभर में निरंतर पैदल गश्त, फ्लैग मार्च, वाहन गश्त एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस, पीएसी एवं अर्धसैनिक बल पूरी तरह सतर्क एवं मुस्तैद हैं।

# ड्रोन निगरानी के बीच शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई जुमे की नमाज



प्रातः काल एक्सप्रेस

चिलकाना। सहारनपुर कलेक्ट्रेट में बुलडोजर कार्रवाई के दौरान मस्जिद ध्वस्त किए जाने के बाद शुक्रवार को सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर नगर एव ग्रामीण क्षेत्र में जुमे की नमाज शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। नगर में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा, वहीं ड्रोन के माध्यम से भी निगरानी की गई। थाना चिलकाना प्रभारी अक्षय शर्मा ने मजिस्ट्रेट के साथ नगर में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस अधिकारियों ने संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी बनाए रखी। पुलिस बल की तैनाती और प्रशासन की सतर्कता के बीच जुमे की नमाज़ शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई।

# चिलकाना में धूमधाम से निकली पंचायती छड़ियों की शोभायात्रा



प्रातः काल एक्सप्रेस

चिलकाना। नगर चिलकाना में पंचायती छड़ियों की शोभायात्रा निकाल बसेरे का आयोजन श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ किया गया। रोहिला धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से छड़ियों का पूजन किया। इसके बाद ढोल-नगाड़ों और बैंड-बाजों के साथ छड़ियों को नगर भ्रमण के लिए ले जाया गया। शोभायात्रा चिलकाना के विभिन्न गली-मोहल्लों से होते हुए पुनः रोहिला धर्मशाला पहुंची। यहां छड़ियों का विधि-विधान से पूजन किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं को कढ़ी, चावल और हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। बड़ी संख्या में नगरवासियों ने प्रसाद ग्रहण कर जाहरवीर जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में सुंदर भगत, सभासद अनुपम जैन, प्रदीप रोहिला, संदीप सिंघल, रमेश कश्यप, लाला कुसुम चंद, संजय ठेकेदार, भूरा बाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

# होमगार्ड्स स्वयंसेवकों को मिलेगा कैशलेस इलाज का लाभ, आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश

## होमगार्ड्स संवाद सम्मेलनः डीजी ध्रुवकान्त ठाकुर ने दिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा के निर्देश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। जिला कमांडेंट होमगार्ड मनीष दुबे ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि विगत दिनांक 10 सितंबर, 2026 को ध्रुवकान्त ठाकुर, पुलिस महानिदेशक/कमाण्डेन्ट जनरल होमगार्ड्स, उत्तर प्रदेश द्वारा पुलिस लाइन सभागार, सहारनपुर में मण्डलीय जनपदों के वैतनिक एवं अवैतनिक अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ संवाद सम्मेलन किया गया।

संवाद सम्मेलन में उत्तर प्रदेश शासन होमगार्ड्स अनुभाग द्वारा निर्गत शासनादेश के अनुसार होमगार्ड्स स्वयंसेवकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ प्रदान किये जाने हेतु आयुष्मान कार्ड निर्गत किये जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये गये तथा कर्मचारियों से उनकी समस्याओं को सुना गया और नियमों के अन्तर्गत उनका समाधान किये जाने का आश्वासन दिया गया। संवाद सम्मेलन में संजीव कुमार शुक्ला, डिप्टी कमाण्डेन्ट जनरल होमगार्ड्स पश्चिम परिक्षेत्र आगरा, कृपाशंकर पाण्डेय, डिवीजनल कमाण्डेन्ट होमगार्ड्स सहारनपुर, मनोज कुमार, जिला कमाण्डेन्ट होमगार्ड्स सहारनपुर, मनीष दूबे, जिला कमाण्डेन्ट होमगार्ड्स शामली व अंकिता श्रीवास्तव, जिला कमाण्डेन्ट होमगार्ड्स मुजफ्फरनगर उपस्थित रहे।

# सेवा संकल्प पखवाड़ा को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक



प्रातः काल एक्सप्रेस

चिलकाना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन के अवसर पर सेवा संकल्प पखवाड़ा अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक सुल्तानपुर चिलकाना सभागार में आयोजित की गई। बैठक में कार्यकर्ताओं ने अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। मुख्य वक्ता बिजेंद्र चौधरी ने बताया कि जन्मदिन के अवसर पर सभी बूथों पर 200 दीपक जलाकर अभियान की शुरुआत की जाएगी। उन्होंने अभियान के तहत बच्चों की प्रतियोगिता, आंगनबाड़ी बहनों का सम्मान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सुशासन पर वीडियो बनाना तथा सेवा ज्योति कलश यात्रा के माध्यम से लाभार्थियों को जोड़ने सहित 12 कार्यक्रमों की जानकारी दी। बैठक में मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा, संजय नंबरदार, डॉक्टर प्रमोद, विनय कश्यप, सुमन सैनी, रामनाथ धीमान, प्रिंस इमाम,मौल्हड़ चौधरी, अंकित काम्बोज,नेहा राणा, नाथी राम कश्यप, ओमप्रकाश,आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महंगाई और पिछड़े वर्गों के अधिकारों को लेकर सपा ने सरकार पर साधा निशाना

## अमरनाथ मौर्य बोले- 2027 में साइकिल का बटन दबाकर पीडीए सरकार बनाएं

प्रातः काल एक्सप्रेस

असोथर/फतेहपुर। नगर पंचायत असोथर के मुराइन मोहल्ले में शुक्रवार को समाजवादी पार्टी की ओर से पीडीए पंचायत एवं जन चौपाल का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधानसभा प्रभारी एवं प्रदेश सचिव अमरनाथ सिंह मौर्य ने सरकार पर महंगाई और पिछड़े, दलित व कमजोर वर्गों के अधिकारों को लेकर निशाना साधा। अमरनाथ मौर्य ने कहा कि बढ़ती महंगाई से गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों का बजट बिगड़ गया है। उन्होंने किसानों को खाद के लिए परेशानी होने, गांवों में शराब की दुकानें बढ़ने और सरकारी स्कूलों को बंद करने के प्रयास का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि संविधान ने गरीब, पिछड़े, दलित और वंचित वर्गों को अधिकार दिए हैं, लेकिन वर्तमान सरकार इन अधिकारों को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से 2027 के विधानसभा चुनाव में एकजुट होकर समाजवादी पार्टी के पक्ष में मतदान करने और पीडीए सरकार बनाने के लिए गांव-गांव जनजागरूकता अभियान चलाने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष मनोज यादव ने की, जबकि आयोजन निवर्तमान जिला महासचिव फतेहपुर डीजी कुशवाहा ने किया। इस मौके पर सोनू वर्मा, नरेंद्र प्रजापति, रमेश चंद्र पासवान, बाबू यादव, हरेंद्र निषाद, शंकर मौर्य सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी मौजूद रहे। अयाह शाह विधानसभा क्षेत्र के नरैनी, मनावा, कौंडर, बेरीव, सरकी और सेमौर में भी पीडीए पंचायत व जन चौपाल आयोजित की गई।



# छात्राओं को किया सुरक्षा के प्रति जागरूक



प्रातःकाल एक्सप्रेस

नागल। राजकीय महिला महाविद्यालय कोटा में प्राचार्या प्रोफेसर यामिनी पांडे के संरक्षण व रेंजर्स प्रभारी डॉ कल्पना राव के निर्देशन में आयोजित महिला सुरक्षा व जागरुकता कार्यक्रम में महिला उपनिरीक्षक वर्षा कुशवाहा ने छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 112, 1930, 1090, 108 आदि की जानकारी देकर उनकी उपयोगिता बताई। छात्राओं को डिजिटल अरेस्टिंग, साइबर फ्रॉड, नशा मुक्ति से सावधान रहने को कहा गया। कहा कि छात्राएं अनजान व्यक्तियों के बहकावे में आकर यूज एंड थ्रो पदार्थ न बने, बल्कि बिना डरे अपनी पढ़ाई कर अपने मां-बाप का नाम रोशन करें। इस दौरान डॉ वर्तिका ढिल्लन, प्रो संतोष चौधरी, मशकूर चौधरी, कांस्टेबल बबीता, पारुल आदि रहे।

# जहरीले जंतु के काटने से इलाज के दौरान किशोरी की मौत

प्रातः काल एक्सप्रेस

कड़ा/कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के कानेमई गांव में बीती रात घर के अंदर बक्से में सो रहीं नाबालिक किशोरी को किसी जहरीले जंतु ने काट लिया, इलाज के दौरान किशोरी की मौत हो गई। सैनी कोतवाली क्षेत्र के कानेमई गांव निवासी दिव्यांशी पुत्री जगतपाल 14 वर्ष गांव के एक स्कूल के कक्षा चार की छात्रा थी, जगतपाल ने बताया कि दिव्यांशी बीती रात घर के अंदर बक्से के ऊपर सो रही थी, इस दौरान किसी जहरीले जंतु ने काट लिया , हालत बिगड़ने पर परिजन आनन फानन में इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए जहां इलाज के दौरान किशोरी की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने औपचारिकता पूरी कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। दिव्यांशी दो भाई व दो बहनों में सबसे छोटी थी , किशोरी की मौत की खबर पर घर में रोना पीटना मच गया।

# भादो अमावस्या के अवसर पर गंगेश्वर घाट पर उमड़ा आस्था का सैलाब

## गंगा स्नान को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, हर-हर गंगे के जयघोष से गूंजा नौबस्ता घाट

प्रातः काल एक्सप्रेस

अलीपुर/फतेहपुर। थाना सुल्तानपुर घोष क्षेत्र के नौबस्ता स्थित गंगेश्वर घाट पर भादो अमावस्या के पर्व पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भोर से ही आसपास के गांवों के अलावा दूर-दराज क्षेत्रों से श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। गंगा सनन के बाद श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। अमावस्या के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। सनन के बाद घाट पर पूजा-पाठ, दान-पुण्य और धार्मिक अनुष्ठान किए गए। महिलाओं और बच्चों की भी बड़ी संख्या में मौजूदगी रही। दिनभर घाट परिसर हर-हर गंगे और जय मां गंगे के जयघोष से गूंजता रहा। वहीं, नौबस्ता गांव में अमावस्या के अवसर पर मेले का भी आयोजन किया गया। मेले में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। बच्चों ने खिलौने, खाने-पीने की वस्तुओं समेत अन्य सामानों की खरीदारी की और विभिन्न प्रकार के झूलों का आनंद उठाया। मेले में लगी दुकानों और मनोरंजन के साधनों के चलते पूरे दिन चहल-पहल बनी रही। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए घाट पर सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर स्थानीय स्तर पर निगरानी रखी गई। गंगा सनन के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो, इसके लिए पुलिस की मौजूदगी भी रही। अमावस्या पर्व के चलते नौबस्ता क्षेत्र में दिनभर धार्मिक और मेले जैसा माहौल बना रहा।



# थाना रामपुर मनिहारान पुलिस ने 1 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार कर कब्जे से 1 अवैध चाकू किया बरामद

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में लूट, नकबजनी, चोरी, छिनैती आदि आपराधिक घटनाओं की रोकथाम हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार संघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक रामपुर मनिहारान राकेश कुमार के कुशल नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर थाना रामपुर मनिहारान पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान अभियुक्त अरुण उर्फ मांगा पुत्र जनेश्वर निवासी ग्राम बागाखेड़ी थाना रामपुर मनिहारान सहारनपुर को शहरी पुल के नीचे से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध चाकू बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना रामपुर मनिहारान पर मु0अ0सं0 286/26 धारा 4/25 आर्मस एक्ट पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।





## 'एनिमल चल गई, तो चलो सब वायलेंस करते हैं...' फिल्म इंडस्ट्री की भेड़-चाल वाली सोच पर बोलीं

# करीना कपूर

करीना कपूर जल्द ही मेघना गुलजार के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'दायरा' में नजर आने वाली हैं. पृथ्वीराज सुकुमारण भी इस क्राइम मिस्ट्री थ्रिलर फिल्म का हिस्सा हैं. 18 सितंबर को ये पिक्चर बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली है. करीना इस समय फिल्म के प्रमोशन में बिजी चल रही हैं. इस बीच उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री की हर्ड मेंटैलिटी यानी भेड़-चाल वाली सोच पर बात की है. उन्होंने अपने कजिन भाई रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' का जिक्र करते हुए इस बात पर जोर दिया है कि अगर कुछ एक चीज चल जाती है, तो सब उसी तरफ चल पड़ते हैं.



करीना कपूर ने यूट्यूब चैनल Yuvaa के साथ बातचीत में कहा, दर्शक हमारी सोच से कहीं ज्यादा समझदार हैं. उन्हें अच्छी तरह पता होता है कि कौन सी फिल्म अच्छी है और वो उसे देखना चाहते हैं. इसलिए आज सिर्फ ये बात नहीं है कि ये एक यंग लव स्टोरी है, उसमें एक गाना होना चाहिए. ये चीजें बहुत पुरानी हो चुकी हैं कि अभी वायलेंस चल रही है, एनिमल चल गई है, तो चलो सभी वायलेंस कर लेते हैं.

**अब चीजें बदल रही हैं- करीना कपूर**

आगे करीना कपूर ये भी कहती हैं, हमलोग हर्ड मेंटैलिटी के हैं. लेकिन ऐसे भी फिल्ममेकर्स हैं, जो कुछ अलग बनाना चाहते हैं, जो आपकी सोच को झकझोरते हैं और जिनकी अपनी फैन फॉलोइंग है. मुझे लगता है कि अब चीजें बदल रही हैं. अब दर्शक ट्रेलर देखकर समझ जाते हैं और कहते हैं कि मुझे ये फिल्म देखनी है.

**ऑडियंस मदद करेगी- करीना कपूर**

करीना ने ये भी कहा, मुझे ये भी समझ आया है कि फिल्ममेकर्स ये कहकर फिल्म नहीं बना सकते हैं कि ये कॉमेडी है, तो लोग कॉमेडी तो देखने ही जाएंगे. तो ये नहीं है कि हर एक फिल्म 200 करोड़, 500 करोड़ का एक बेंचमार्क सेट करने वाली है. इसलिए हमें लगता है कि हमलोगों को चीजें थोड़ी-बहुत बदलनी चाहिए और ऑडियंस उसमें हमारी मदद करेगी.

## 80s ट्रेंड में शामिल हुए

# कियारा और सिद्धार्थ

## AI से बनी तस्वीर ने जीता फैंस का दिल

अगर कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा 1980 के दशक के बॉलीवुड कपल होते तो कैसे दिखते? एआई के एक वायरल ट्रेंड ने सोशल मीडिया पर लोगों को ऐसा इमेजिन करने का मौका दिया है. सेलिब्रिटी और नेटिजन्स रेट्रो ऐरा के तस्वीरों में अपने लुक को रीक्रिएट कर रहे हैं. इस ट्रेंड को फॉलो करते हुए एक्ट्रेस कियारा आडवाणी ने अपनी और सिद्धार्थ की एक एआई तस्वीर शेयर की है, जिसमें दोनों 80 के दशक के स्टार्स की तरह दिख रहें हैं.



कियारा ने बुधवार, 9 सितंबर को इंस्टाग्राम स्टोरी पर ये तस्वीर शेयर की, जिसमें में कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा बिल्कुल 80 के दशक के हीरो हीरोइन जैसे नजर आ रहे हैं. सिद्धार्थ ने डबल डेनिम आउटफिट पहना है. इसके साथ उन्होंने डार्क एविएटर सनग्लासेस लगाए हैं, जो उनके लुक को पुराने जमाने के बॉलीवुड हीरो जैसा बना रहे हैं. वहीं, कियारा ने पिंक कलर की पफ स्लीव वाली ड्रेस, हूप ईयररिंग्स और चूड़ियां पहनी हैं. उनका पूरा लुक 80 के दशक की बॉलीवुड एक्ट्रेसेस की याद दिला रहा है. कियारा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर इसे शेयर किया और तस्वीर के साथ लिखा, 80 के दशक में वापसी. वहीं एक्ट्रेस ने सिद्धार्थ की आने वाली फिल्म 'द वन' का रोमांटिक गाना 'समझो ना' भी लगाया है.

**फैंस हुए दिवाने**

कियारा और सिद्धार्थ की ये तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है. फैंस को दोनों का रेट्रो लुक काफी पसंद आ रहा है. फैंस ने उनकी तस्वीरों पर जमकर प्यार बरसाना शुरू कर दिया. एक फैन ने लिखा, ये अक्षय कुमार और रवीना टंडन जैसे लग रहे हैं दूसरे फैन ने लिखा, कितना प्यारा कपल है.

**कियारा और सिद्धार्थ के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स**

कियारा आडवाणी हाल ही में गीतू मोहनदास की फिल्म 'टॉक्सिक- ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन अप्स' में नजर आई थीं. कियारा के साथ फिल्म में यश, नयनतारा, तारा सुतारिया, हुमा कुरैशी और रुक्मिणी वसंत भी थे. वहीं सिद्धार्थ मल्होत्रा इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'द वन' को लेकर चर्चा में हैं , जिसमें उनके साथ तमन्ना भाटिया, श्वेता तिवारी, सुनील ग्रोवर और मनीष पॉल भी नजर आएंगे.



## शाहरुख खान ने क्यों ठुकराई तिग्मांशु धूलिया की 'घमासान'? पूरी कहानी सुनकर कह दिया NO




फिल्ममेकर तिग्मांशु धूलिया इन दिनों अपनी अगली फिल्म 'घमासान' के प्रमोशन में बिज़ी हैं. उनकी इस फिल्म में अरशद वारसी और प्रतीक गांधी लीड रोल में हैं. अब एक हालिया इंटरव्यू में तिग्मांशु धुलिया ने खुलासा किया कि प्रतीक गांधी फिल्म के लिए उनकी पहली पसंद नहीं थे. उन्होंने बताया कि वो इस फिल्म के लिए शाहरुख खान को लेना चाहते थे और उन्होंने शाहरुख को फिल्म का ऑफर भी दिया था, लेकिन किंग खान ने फिल्म करने से इनकार कर दिया था.

तिग्मांशु धूलिया ने बॉलीवुड हंगामा को दिए एक इंटरव्यू में बताया कि 'घमासान' की स्क्रिप्ट पूरी होने के बाद उन्हें इसे शाहरुख खान को सुनाया था. फिल्म में प्रतीक गांधी पुलिसवाले के किरदार में हैं. यही पुलिसवाले का रोल तिग्मांशु चाहते थे कि शाहरुख खान करें. वो बताते हैं, जब मैंने इस फिल्म की स्क्रिप्ट लिख ली, तो मैं शाहरुख खान के पास गया था, जो रोल अभी प्रतीक गांधी ने निभाया है, उसके लिए.

तिग्मांशु आगे बताते हैं, उन्होंने कहानी सुनी और वो तो शाहरुख खान हैं, उनका दिल किसी फुटबॉल फील्ड जैसा है. और ये भी है कि हम दोनों एक दूसरे को दिल से के वक्त से जानते हैं और फिल्म जीरो में तो मैंने उनके पिता का रोल निभाया था..तो उन्होंने स्क्रिप्ट सुनी और मुझसे कहा, 'यार तिशु, मैं इस तरह की रियलिस्टिक पिक्चर नहीं करता हूं यार.

**अरशद वारसी क्या बोले ?**

बातचीत के दौरान अरशद वारसी ने कहा कि वो शाहरुख के फैसले को समझते हैं. उन्होंने कहा कि वो किंग खान को लार्जर-दैन-लाइफ रोल्स में ही देखना पसंद करेंगे. अरशद कहते हैं,मैं समझ गया. मैं भी उन्हें टॉम क्रूज की तरह ही देखना पसंद करूंगा. बस. बेचारे अगर कुछ रिएलिस्टिक करेंगे तो मुझे दिक्कत हो जाएगी.

**कब रिलीज होगी 'घमासान' ?**

'घमासान' में अरशद वारसी ने महाराज नाम के एक डाकू का रोल निभाया है. वहीं प्रतीक गांधी एसटीएफ चीफ के रोल में हैं. फिल्म के ट्रेलर को अच्छा रिस्पॉन्स मिला है. ये फिल्म 11 सितंबर को जी5 पर स्ट्रीम होगी.

## अपना रॉकस्टार काज़ी है उधर...पहली बार बिग बॉस देखेंगे अरिजीत सिंह



सलमान खान का कॉन्ट्रोवर्शियल रिएलिटी शो बिग बॉस 20 का आगाज हो चुका है. 6 सितंबर से शो शुरु हुआ है, जिसमें 16 कंटेस्टेंट्स ने हिस्सा लिया है. इस लिस्ट में फेम गुरुकुल के विनर सिंगर काजी तौकीर भी शामिल हैं. जब से काजी घर में गए हैं उनका एक अलग ही अंदाज देखने को मिल रहा है. वो अपने गानों और हरकतों से सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं. उनका रॉकस्टार मीम भी काफी वायरल हो रहा है. इसी बीच सिंगर अरिजीत सिंह ने भी अपने पुराने दोस्त को सपोर्ट किया है.

दरअसल, काजी और अरिजीत सिंह दोनों ने ही फेम गुरुकुल में हिस्सा लिया था और अरिजीत रनरअप रहे थे. वहीं, काजी शो के विनर बने थे. लेकिन दोनों की दोस्ती आज भी बरकरार है. अक्सर काजी अपने सोशल मीडिया पर अरिजित सिंह के साथ तस्वीरें शेयर भी करते रहते हैं. इस बीच अरिजीतने काजी को सपोर्ट करने के लिए बिग बॉस देखने का ऐलान भी कर दिया है.

**काजी को मिला अरिजीतसिंह का सपोर्ट**

बता दें कि, अरिजीत सिंह ने कभी भी बिग बॉस नहीं देखा है. लेकिन इस बार वो अपने दोस्त के खातिर बिग बॉस देखने वाले हैं.

इस बात का ऐलान सिंगर ने खुद किया है. उन्होंने कहा है कि अपने रॉकस्टार उधर है इसलिए सपोर्ट करना तो बनता है. अरिजीतने एक्स पर पोस्ट कर लिखा- 'मैं पहली बार बिग बॉस देखने वाला हूं. अपना रॉकस्टार काजी है उधर'.

**कुछ समय पहले अरिजीत-काजी की हुई थी मुलाकात**

कुछ समय पहले काजी तौकीर ने अरिजीत सिंह के होमटाउन में उनसे मुलाकात की थी. दोनों ने साथ में वक्त बिताया और शहर में घूमने-फिरने का भी मजा लिया. दोनों की साथ में तस्वीरें और वीडियो देखकर उनके फैंस काफी खुश हुए थे. अब अरिजीत सिंह के काजी के सपोर्ट में सामने आने पर भी उनके फैंस काफी पसंद कर रहे हैं.

**अरिजीत सिंह का वर्कफ्रंट**

अरिजीत के वर्कफ्रंट की बात करें तो, सिंगर ने प्लबैक सिंगिंग से संन्यास ले लिया है. इस बात का ऐलान सिंगर ने खुद किया था, जिसके बाद उनके फैंस भी काफी निराश हुए थे. हालांकि, अरिजीत एल्बम और लाइव कॉन्सर्ट लगातार कर रहे हैं.

## नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया-राहुल के खिलाफ ईडी की याचिका पर सुनवाई टली, 9 अक्टूबर को होगी अगली सुनवाई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई टाल दी। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 9 अक्टूबर को तय की है। जस्टिस मनोज जैन की एकल पीठ ने मामले को स्थगित करते हुए अगली तारीख निर्धारित की। ईडी ने राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश के 16 दिसंबर 2025 के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें अदालत ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दायर ईडी की अभियोजन शिकायत पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया था।

ट्रायल कोर्ट ने शिकायत को कानून के तहत सुनवाई योग्य नहीं माना था। इस मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के अलावा कांग्रेस ओवरसीज प्रमुख सैम पित्रोदा, सुमन दुबे, सुनील भंडारी, यंग इंडियन और डोटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड को भी प्रस्तावित आरोपी बनाया गया है। ईडी का कहना है कि ट्रायल कोर्ट ने यह मानकर कानून की गलत व्याख्या की कि निजी शिकायत से उत्पन्न अनुसूचित अपराध के आधार पर पीएमएलए के तहत अभियोजन शिकायत दायर नहीं की जा सकती।

## ब्रिक्स शिखर सम्मेलन: 20 से अधिक देशों और प्रमुख वैश्विक संगठनों के शीर्ष नेता दिल्ली पहुंचेंगे

**नई दिल्ली।** भारत की मेजबानी में 12 और 13 सितंबर को नई दिल्ली में होने वाले 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में सदस्य देशों, साझेदार देशों, क्षेत्रीय संगठनों और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के शीर्ष नेता हिस्सा लेंगे। सम्मेलन में दुनिया के कई राष्ट्राध्यक्ष, प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री और वैश्विक संगठनों के प्रमुख शामिल होंगे। ब्रिक्स के 10 सदस्य देशों में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी, दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन और इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबीय अहमद अली सम्मेलन में भाग लेंगे। ब्राजील की ओर से विदेश मंत्री माउरो विएरा, सऊदी अरब की ओर से विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान अल सऊद और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की ओर से अबू धाबी के क्राउन प्रिंस एवं अबू धाबी एग्जीक्यूटिव काउंसिल के चेयरमैन शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे।

## राष्ट्रपति मुर्मु और पीएम मोदी से मिले प्रिंस रहीम आगा खान पंचम, भारत-आगा खान नेटवर्क सहयोग पर चर्चा

**नई दिल्ली।** शिया इस्माइली मुसलमानों के 50वें वंशानुगत इमाम (आध्यात्मिक नेता) और आगा खान डेवलपमेंट नेटवर्क के चेयरमैन, प्रिंस रहीम आगा खान पंचम ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। बातचीत के दौरान, राष्ट्रपति मुर्मु ने आगा खान डेवलपमेंट नेटवर्क के कार्यों की सराहना की। राष्ट्रपति सचिवालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया, 'प्रिंस रहीम आगा खान पंचम ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने आगा खान डेवलपमेंट नेटवर्क के कामों की सराहना की और कहा कि इससे पता चलता है कि कैसे सरकार के साथ मिलकर काम करने वाली गैर-लाभकारी संस्थाएं लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार कर सकती हैं।' इससे पहले दिन में, उपराष्ट्रपति सीपी. राधाकृष्णन ने आगा खान के साथ बैठक की, जिसमें खेल और शिक्षा सहित कई क्षेत्रों में भारत और आगा खान डेवलपमेंट नेटवर्क के बीच सहयोग को और मजबूत करने पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान, दोनों नेताओं ने कट्टरपंथ को खत्म करने की जरूरत को दोहराया और इस बात पर जोर दिया कि बातचीत ही शांति, स्थिरता और साझा समृद्धि का रास्ता है।

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई का बड़ा एक्शन: 5 नए केस दर्ज, 12 ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली घर खरीदारों के साथ धोखाधड़ी के मामलों में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर कड़ा रुख अपनाते हुए बिल्डरों और वित्तीय संस्थानों के संदिग्ध गठजोड़ पर बड़ा शिकंजा कसा है। सीबीआई ने विभिन्न बिल्डरों और वित्तीय संस्थानों के अज्ञात अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, अमानत में खयानत और आधिकारिक पद के दुरुपयोग के आरोप में 5 नए आपराधिक मामले दर्ज किए हैं। इनमें से 4 मामले ओजोन ग्रुप और उसकी संबंधित संस्थाओं के बेंगलुरु व मुंबई स्थित प्रोजेक्ट्स के खिलाफ हैं, जबकि 1 मामला मेसर्स विवान्सा बाल्सम ) के बेंगलुरु प्रोजेक्ट से संबंधित है। प्राथमिकी दर्ज करने के साथ ही जांच एजेंसी ने 10 सितंबर 2026 को बेंगलुरु, मुंबई और पुणे के 12 ठिकानों पर व्यापक तलाशी अभियान चलाया। सीबीआई की यह कार्रवाई बिल्डरों और वित्तीय संस्थानों के अधिकारियों के बीच उस कथित सांठगांठ की जांच के तहत की गई है, जिसके चलते मासूम घर खरीदारों के साथ बड़े पैमाने पर वित्तीय फर्जीवाड़ा किया गया। वर्षों से इन बिल्डरों की धोखाधड़ी का दंश झेल रहे बड़ी संख्या में होमबायर्स ने राहत की गुहार लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

# सीएम की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई

### दिल्ली में एसडीआरएफ के गठन से आपदा की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य को मिलेगी गति: रेखा गुप्ता

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने प्राकृतिक और मानवीय आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने की क्षमता को और मजबूत करने की दिशा में बड़ा निर्णय लिया है। दिल्ली सरकार अब अपनी राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) का गठन करेगी। इससे आपदा की स्थिति में प्रशिक्षित और विशेषज्ञ बल को घटनास्थल पर शीघ्र पहुंचाने, राहत एवं बचाव कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा जान-माल के नुकसान को कम करने में सहायता मिलेगी।

एसडीआरएफ के गठन के साथ ही दिल्ली सरकार अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों और सिविल डिफेंस वॉलंटियरों को भी विशेष प्रशिक्षण दिलाएगी ताकि आपदा की स्थिति में उपलब्ध स्थानीय मानव संसाधन आवश्यक कौशल और बेहतर समन्वय के साथ राहत एवं बचाव कार्यों में योगदान दे सकें। इस विषय को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में दिल्ली सचिवालय में एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में एनडीआरएफ अधिकारियों ने दिल्ली में एसडीआरएफ के गठन से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी।

उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि दिल्ली में एसडीआरएफ 1100



जवान के बटालियन का गठन किया जा सकता है। यह बटालियन राज्य सरकार के अधीन कार्य करेगी और उसके आदेश पर आपदा की स्थिति में घटनास्थल पर तेजी से पहुंचकर प्रभावी राहत व बचाव कार्य कर सकेगी। एनडीआरएफ अधिकारियों ने बताया कि प्रस्तावित एसडीआरएफ के जवानों को आवश्यक प्रशिक्षण एनडीआरएफ उपलब्ध कराएगी। दिल्ली की भौगोलिक स्थिति और स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विशेष उपकरण आदि में एनडीआरएफ सहायता करेगी। एसडीआरएफ के गठन के बाद दिल्ली सरकार अपने फायर विभाग के स्टाफ और सिविल डिफेंस वॉलंटियरों को भी प्रशिक्षण दिलाएगी ताकि आपदा के समय विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल के साथ राहत-बचाव कार्य किए जा सकें। सरकार का मानना है कि आपदा के समय राहत और बचाव में सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा त्वरित प्रतिक्रिया है। एसडीआरएफ के गठन, फायर विभाग एवं सिविल डिफेंस वॉलंटियरों के प्रशिक्षण से राजधानी की आपदा प्रबंधन व्यवस्था को अधिक मजबूत और प्रभावी बनाया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि वे आपदा प्रबंधन से जुड़े उपकरणों की लिस्ट व उनके भंडारण की जानकारी संबंधित विभागों को साझा करें ताकि दुर्घटना या आपदा के समय उन्हें तुरंत उपलब्ध कराया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में अपनी एसडीआरएफ का गठन लंबे समय से अपेक्षित था।

## अभाविप के संभावित प्रत्याशियों ने डूसू चुनाव के लिए किया नामांकन, जनसंपर्क अभियान तेज

**नामांकन पत्रों की जांच के बाद इन्हीं संभावित प्रत्याशियों में से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव और संयुक्त सचिव पदों के लिए अंतिम प्रत्याशियों का चयन किया जाएगा।**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ (डूसू) चुनाव को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने अपनी चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं। संगठन की ओर से घोषित संभावित प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। नामांकन करने वालों में आलोक अत्री, इशू मौर्य, लक्ष्य राज सिंह, नितिन तंवर, रिया छावड़ी, तान्या मावी और यश डबास शामिल हैं। नामांकन पत्रों की जांच के बाद इन्हीं संभावित प्रत्याशियों में से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव और संयुक्त सचिव पदों के लिए अंतिम प्रत्याशियों का चयन किया जाएगा। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही अभाविप ने विद्यार्थियों के बीच अपना जनसंपर्क अभियान भी तेज कर दिया है। अभाविप कार्यकर्ता दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों में पीजी-टू-पीजी और क्लास-टू-क्लास अभियान चला रहे हैं। इस दौरान विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं, अपेक्षाओं और सुझावों को जाना जा रहा है। सत्य निकेतन की घटना के बाद विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित आवास व्यवस्था का मुद्दा भी अभाविप के अभियान में प्रमुखता से शामिल है। संगठन के 'आखिर कब तक?' अभियान के तहत पीजी सर्वेक्षण कर आवासीय क्षेत्रों की समस्याओं और सुरक्षा मानकों की जानकारी जुटाई जा रही है। अभाविप ने विद्यार्थियों के लिए पर्याप्त, सुरक्षित और सुलभ छात्रावास उपलब्ध कराने, नए छात्रावासों के निर्माण में तेजी लाने तथा विद्यार्थी-बहुल क्षेत्रों में संचालित पीजी और किराये के भवनों में सुरक्षा मानकों का प्रभावी पालन सुनिश्चित करने की मांग की है। संगठन ने अपने प्रचार अभियान में डूसू के माध्यम से पिछले वर्षों में किए गए कार्यों को भी विद्यार्थियों के सामने रखना शुरू किया है। इनमें 1000 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की स्थापना, स्टूडेंट फैसिलिटी सेंटर, डूसू इंटर्नशिप, पीजी सीटों में वृद्धि, मूल्यांकन शुल्क में कमी, 'मदारी', 'कैंपस कलाकार' और पिंक बूथ जैसी पहल, यू-बस सेवा की शुरुआत तथा स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार जैसे मुद्दे शामिल हैं। अभाविप कार्यकर्ता कॉलेजों, पीजी और कक्षाओं में विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी प्राथमिकताओं को समझ रहे हैं। संगठन का कहना है कि विद्यार्थियों से मिलने वाले सुझावों और अपेक्षाओं के आधार पर आगामी दिनों में घोषणापत्र तैयार किया जाएगा। अभाविप दिल्ली के मंत्री सार्थक शर्मा ने कहा कि डूसू चुनाव को लेकर संगठन के कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ विद्यार्थियों के बीच हैं। उन्होंने कहा कि नामांकन के बाद संवाद अभियान को और व्यापक किया जाएगा। उनके मुताबिक अभाविप केवल चुनाव के समय नहीं, बल्कि पूरे वर्ष विद्यार्थियों के बीच रहकर उनकी समस्याओं को समझने और समाधान के लिए काम करने में विश्वास रखता है।

## सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी एस.सी.एल. दास ने ली डीईआरसी के अध्यक्ष पद की शपथ

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी एस.सी.एल. दास को दिल्ली विद्युत नियामक आयोग (डीईआरसी) के अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। दास ने इस अवसर पर पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।

इस अवसर पर आशीष सूद ने एस.सी.एल. दास को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि उनके व्यापक प्रशासनिक अनुभव का लाभ दिल्ली के विद्युत क्षेत्र को मिलेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार बिजली क्षेत्र में पारदर्शिता, जवाबदेही और उपभोक्ता हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है।

एस.सी.एल. दास के अनुभव और प्रशासनिक दक्षता से दिल्ली विद्युत नियामक आयोग के कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी। सूद ने कहा कि डीईआरसी की भूमिका दिल्ली में विद्युत क्षेत्र के नियमन, उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा तथा बिजली वितरण से संबंधित



महत्वपूर्ण मामलों के नियमन में अहम है। ऊर्जा मंत्री ने उम्मीद जताई कि दास अपने अनुभव और विशेषज्ञता के माध्यम से आयोग के दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करेंगे।

## दिल्ली में हॉस्टल संकट पर एलजी ने लिया बड़ा एक्शन

### आशीष सूद की अध्यक्षता में बनी 20 सदस्यीय जांच समिति

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने उपराज्यपाल टी.एस. संधू के उस फैसले का स्वागत किया, जिसमें सत्य निकेतन में हाल ही में पीजी बिल्डिंग गिरने की घटना के बाद छात्रों के रहने की व्यवस्था और सुरक्षा पर विचार करने के लिए उनकी अध्यक्षता में एक समिति बनाने का निर्णय लिया गया है। सूद की अध्यक्षता वाली हाई-पावर्ड कमेटी को राष्ट्रीय राजधानी में हॉस्टल की कमी का आकलन करने और छात्रों, खासकर दूसरे राज्यों से शहर आने वाले छात्रों के लिए सुरक्षित आवास के नए विकल्प तलाशने का काम सौंपा गया है। 20 सदस्यों वाली इस कमेटी में दिल्ली के मुख्य सचिव, पुलिस कमिश्नर, एमसीडी कमिश्नर, डीडीए के वाइस-चेयरपर्सन, चीफ फायर ऑफिसर, दिल्ली यूनिवर्सिटी के वाइस-चांसलर, अन्य यूनिवर्सिटीज के वाइस-चांसलर और सरकारी अधिकारी शामिल हैं। 'एक्स' पर एक पोस्ट में, सूद ने कमेटी के गठन का स्वागत किया और कहा, 'दिल्ली के छात्रों के लिए सुरक्षित, किफायती और पर्याप्त आवास सुनिश्चित करना एक मुख्य प्राथमिकता है। मैं माननीय उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू द्वारा छात्र आवास और सुरक्षा पर एक हाई-पावर्ड कमेटी के गठन का स्वागत करता हूं। '

सूद ने कहा, 'कमेटी हॉस्टल की कमी का आकलन करेगी, यूनिवर्सिटीज और सरकारी एजेंसियों के माध्यम से आवास के नए विकल्प



तलाशेगी, उपयुक्त सरकारी संपत्तियों की पहचान करेगी और दिल्ली भर में छात्रों के लिए सुरक्षित, किफायती और अच्छी तरह से विनियमित आवास की दिशा में काम करेगी। हम सब मिलकर दिल्ली में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों के लिए एक मजबूत सपोर्ट सिस्टम बनाएंगे। ' दक्षिण दिल्ली के सत्य निकेतन में इमारत गिरने की दुखद घटना, जिसमें सात लोगों की जान चली गई थी, के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शहर की तैयारी और बड़ी आपात स्थितियों के दौरान प्रतिक्रिया को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी के लिए एक समर्पित राज्य आपदा आपातकालीन राहत बल (एसडीईआरएफ) स्थापित करने की प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू कर दी है। बड़ी आपदाओं और आपात स्थितियों के दौरान विशेष सहायता के लिए दिल्ली अब तक राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ), दिल्ली अग्निशमन सेवा और स्थानीय पुलिस पर निर्भर रही है। प्रस्तावित राज्य-स्तरीय बल का उद्देश्य प्रतिक्रिया समय को कम करना, एजेंसियों के बीच समन्वय में सुधार करना और आपदाओं से निपटने की दिल्ली की क्षमता को मजबूत करना है। यह कदम भूकंप के प्रति दिल्ली की संवेदनशीलता को देखते हुए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि राष्ट्रीय राजधानी उच्च-जोखिम वाले भूकंपीय क्षेत्र-4 में आती है, साथ ही गंभीर बाढ़ और अन्य आपात स्थितियों का खतरा भी है जिनके लिए तत्काल और विशेष बचाव कार्यों की आवश्यकता होती है। दिल्ली सचिवालय में दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों और एनडीआरएफ के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच एक बैठक के दौरान एक आधुनिक और अत्याधुनिक एसडीईआरएफ टीम स्थापित करने के लिए आवश्यक इनपुट और सिफारिशों पर चर्चा की गई।

## भारत-जापान रक्षा साझेदारी को नई मजबूती 'एक्सरसाइज वीर गार्डियन 2026' के लिए जापानी फाइटर जेट पहुंचे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने कहा कि 'एक्सरसाइज वीर गार्डियन 2026' के लिए जापानी एयर सेल्फ-डिफेंस फोर्स (जेएएसडीएफ) के फाइटर एयरक्राफ्ट की भारत की पहली यात्रा दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग के और गहरे होने का प्रतीक है। मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर लिखा, 'भारत-जापान रक्षा साझेदारी में एक अहम पड़ाव! एक्सरसाइज वीर गार्डियन 2026 के लिए जेएएसडीएफ फाइटर एयरक्राफ्ट की भारत की पहली यात्रा, दोनों देशों के फाइटर एयरक्राफ्ट को शामिल करने वाला दूसरा संयुक्त अभ्यास है। इससे पहले 2023 में 'वीर गार्डियन 23' के दौरान आईएएफ के फाइटर एयरक्राफ्ट ने पहली बार जापान का दौरा किया था।' मंत्रालय ने कहा, 'फाइटर एयरक्राफ्ट की आपसी तैनाती एक महत्वपूर्ण पहल है, जो भारत-जापान रक्षा सहयोग के और गहरे होने का प्रतीक है। यह अभ्यास इंटरऑपरेबिलिटी (आपसी तालमेल) को बढ़ाएगा, रणनीति के



आदान-प्रदान को आसान बनाएगा और संयुक्त गतिविधियों के माध्यम से ऑपरेशनल स्किल्स में सुधार करेगा, जिससे इंडो-पैसिफिक में दीर्घकालिक सहयोग और स्थिरता की नींव मजबूत होगी। '

इससे पहले दिन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जेएएसडीएफ एफ-2 की भारत की पहली यात्रा का स्वागत किया और इसे दोनों देशों के बीच रक्षा साझेदारी के लिए एक 'अहम पड़ाव' बताया। उन?होंने कहा कि 'एक्सरसाइज वीर गार्डियन' जैसे आपसी आदान-प्रदान भारत और जापान के बीच तालमेल को और मजबूत करते हैं।

# महापौर ने 176 नए स्वच्छता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**निगम स्वच्छता संसाधन बढ़ाने और सफाई के कार्य में निरंतर व तीव्र गति से कार्य कर रहे हैं।**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही ने नगर निगम के मुख्यालय, सिविक सेंटर से दक्षिण क्षेत्र में घर-घर कचरा संग्रहण एवं कचरा परिवहन व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से 176 नए स्वच्छता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर प्रवेश वाही ने कहा कि दक्षिण क्षेत्र में 176 नए स्वच्छता वाहनों की तैनाती दिल्ली की स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। निगम स्वच्छता संसाधन बढ़ाने और सफाई के कार्य में निरंतर व तीव्र गति से कार्य कर रहे हैं। महापौर ने कहा कि इन स्वच्छता वाहनों की तैनाती दक्षिण क्षेत्र के पांच वार्डों वसंत विहार, वसंत कुंज, ग्रीन पार्क, ग्रेटर कैलाश और सी.आर. पार्क में की जा रही है। इनमें 150 प्राथमिक कचरा संग्रहण वाहन शामिल हैं, जिनमें 112 टिपर तथा




38 ई-रिक्शा एवं थ्री-व्हीलर हैं। इन वाहनों के माध्यम से घर-घर जाकर कचरा संग्रहण व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 26 द्वितीयक वाहन रिफ्यूज कलेक्टर, हुक लोडर, टाटा-407, जेसीबी और बॉबकैट कचरे के परिवहन, उठान और प्रबंधन की क्षमता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

महापौर ने कहा कि वर्तमान में इन वार्डों में प्रत्येक वार्ड के लिए औसतन लगभग 10 प्राथमिक कचरा संग्रहण वाहन उपलब्ध हैं। नए वाहनों की तैनाती के बाद यह संख्या बढ़कर लगभग 30 वाहन प्रति वार्ड हो जाएगी। इससे घर-घर कचरा संग्रहण की आवृत्ति और कवरेज में उल्लेखनीय सुधार होने के साथ-साथ संवेदनशील स्थानों पर कचरा जमा होने की समस्या को रोकने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि इन वाहनों की तैनाती से संबंधित वार्डों में कचरा संग्रहण क्षमता लगभग 2.5 गुना तक बढ़ेगी। महापौर ने कहा कि एमसीडी का उद्देश्य नागरिकों को समयबद्ध और प्रभावी घर-घर कचरा संग्रहण की सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वार्ड में प्राथमिक कचरा संग्रहण वाहनों की संख्या में वृद्धि से न केवल कवरेज बेहतर होगा, बल्कि कचरा संग्रहण की आवृत्ति भी बढ़ेगी। महापौर ने कहा कि स्वच्छ दिल्ली के निर्माण में निगम के साथ-साथ नागरिकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है और सभी नागरिकों से कचरे का उचित पृथक्करण एवं निर्धारित व्यवस्था के अनुसार कचरा सौंपने की अपील की। स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा कि स्वच्छता और कचरा प्रबंधन एमसीडी की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं। दक्षिण क्षेत्र के पांच महत्वपूर्ण वार्डों में आधुनिक एवं पर्यावरण-अनुकूल वाहनों की तैनाती से जमीनी स्तर पर स्वच्छता सेवाओं की कार्यक्षमता में सुधार होगा।

# भविष्य को लेकर दबाव न लें: विजेंद्र गुप्ता

### 'प्रयास करते रहे और राष्ट्र निर्माण में सार्थक योगदान करें'

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ीमल कॉलेज, सुखदेव कॉलेज, लॉ सेंटर-ढ्ढ, लॉ सेंटर-ढ्ढढ्ढ तथा शहीद भगत सिंह कॉलेज के विद्यार्थियों ने दिल्ली विधानसभा का भ्रमण किया। यह भ्रमण युवा संपर्क कार्यक्रम के तहत युवाओं को कक्षा और पाठ्य पुस्तकों से आगे बढ़कर लोकतांत्रिक संस्थाओं को प्रत्यक्ष रूप से समझने और अनुभव करने का अवसर प्रदान करने की दिशा में जारी पहल का हिस्सा था।

इस अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक पृष्ठभूमि से आए छात्रों को लोकतंत्र, संवैधानिक मूल्यों, सार्वजनिक जीवन तथा युवाओं की जिम्मेदारियों से जुड़े विषयों पर संवाद का अवसर मिला। इस मौके पर दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि भविष्य को लेकर दबाव न लें। प्रयास करते रहे, सीखते रहें, जिज्ञासु बने रहें और राष्ट्र निर्माण में अपनी ओर से हर संभव योगदान दें। भारत के भविष्य को आकार देने में प्रत्येक युवा की महत्वपूर्ण भूमिका है। विद्यार्थियों के साथ संवाद के दौरान विजेंद्र गुप्ता ने उन्हें अपनी जीवन-यात्रा को लेकर आत्मविश्वास बनाए रखने तथा शैक्षणिक, व्यावसायिक या सामाजिक दबावों को अपनी क्षमताओं पर हावी न होने



देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने-अपने क्षेत्र में देश के विकास में योगदान दे सकता है और राष्ट्र निर्माण केवल राजनीति या सार्वजनिक जीवन तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा, 'आप भविष्य में जो भी पेशा चुनें, उसे ईमानदारी, उत्कृष्टता और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना के साथ निभाएं। ' विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती जागरूक और जिम्मेदार नागरिकों पर निर्भर करती है। उन्होंने छात्रों को विभिन्न विचारों को सुनने, प्रश्न पूछने तथा किसी विषय पर अपनी राय बनाने से पहले उसे समझने की आदत विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मतभिन्नता और बहस एक जीवंत लोकतंत्र के स्वाभाविक एवं आवश्यक तत्व हैं, बशर्ते वे संवैधानिक मूल्यों और परस्पर सम्मान की भावना के दायरे में हों।विद्यार्थियों ने विजेंद्र गुप्ता के साथ विधायिका के कामकाज, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की भूमिका, लोकतांत्रिक भागीदारी तथा नागरिकों और सार्वजनिक संस्थाओं के बीच संबंधों से जुड़े विभिन्न विषयों पर संवाद किया। इस दौरान छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और समकालीन मुद्दों के साथ-साथ बदलते भारत में युवा नागरिकों की भूमिका पर अपने विचार भी साझा किए। छात्रों ने दिल्ली विधानसभा परिसर का निर्देशित भ्रमण भी किया। उन्हें विधानसभा की विशिष्ट स्थापत्य शैली तथा भारत के संसदीय इतिहास में इसके महत्वपूर्ण स्थान से परिचित कराया गया। डॉक्यूमेंट्री और प्रस्तुतियों के माध्यम से छात्रों को इस भवन के केंद्रीय विधान सभा से जुड़े ऐतिहासिक संबंध तथा इससे जुड़ी महत्वपूर्ण हस्तियों और ऐतिहासिक घटनाक्रमों की जानकारी दी गई। छात्रों को विधानसभा की स्मृति एवं विरासत पर आधारित कॉफी टेबल बुक 'एक शताब्दी यात्रा' से भी परिचित कराया गया, जिसमें विधानसभा की ऐतिहासिक यात्रा और समृद्ध संसदीय विरासत को संकलित किया गया है।

# सत्य निकेतन इमारत हादसा: मुख्य आरोपी शुभम त्यागी अभी भी फरार, पुलिस ने तेज की तलाश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के सत्य निकेतन में हुए दर्दनाक इमारत हादसे के मामले में अभी भी एक मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दिल्ली पुलिस 'हॉस्टल डेज' पीजी के संचालक शुभम त्यागी की तलाश तेज कर रही है, जो घटना के बाद से फरार है। सत्य निकेतन में पांच मंजिला इमारत गिरने से सात लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें पांच छात्र और दो मजदूर शामिल थे, जबकि पांच अन्य घायल हो गए थे। इस मामले में अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, जांचकर्ताओं ने गिरफ्तार आरोपी सुधांशु लोवनीश का मोबाइल फोन फोरेंसिक जांच के लिए भेजा है। पुलिस उसके कॉल रिकॉर्ड, चैट और अन्य डिजिटल डेटा की बारीकी से जांच कर रही है, ताकि पता चल सके कि हादसे के तुरंत बाद उसने किससे संपर्क किया और क्या बातचीत हुई। डिजिटल सबूतों से घटना के पीछे की पूरी साजिश और लापरवाही को समझने में मदद मिलेगी। जांच में सामने आया है कि हादसे वाले दिन इमारत के ग्राउंड फ्लोर पर बड़े पैमाने पर निर्माण और मरम्मत का काम चल रहा था। सूत्रों ने बताया कि दुकान के लिए जगह बनाने के चक्कर में ग्राउंड फ्लोर की एक दीवार हटा दी गई थी। कथित तौर पर कमर्शियल फायदे के लिए ग्राउंड फ्लोर पर विस्तार का काम किया जा रहा था, जिसने इमारत की नींव को कमजोर कर दिया। इसके अलावा, कई दिनों की बारिश के बाद बेसमेंट में कचरा और पानी भर गया था। उसे साफ करने के बाद वहां मरम्मत का काम शुरू किया गया था। जांच में यह भी पता चला है कि बेसमेंट के लेवल को ग्राउंड फ्लोर के बराबर लाने के लिए कथित तौर पर वहां तीन ट्रक मलबा डाला गया था, जिससे इमारत पर अतिरिक्त दबाव पड़ा। पुलिस ने इस मामले में अब तक इमारत के मालिक के बेटे महेश, लेबर कॉन्ट्रैक्टर सानोज कुमार और पीजी ऑपरेटर सुधांशु लोवनीश को गिरफ्तार किया है। वहीं, इमारत के मालिक 81 वर्षीय हरिराम गुप्ता और उनकी 75 वर्षीय पत्नी उर्मिला भी न्यायिक हिरासत में हैं। पुलिस के अनुसार, फरार आरोपी शुभम त्यागी और गिरफ्तार सुधांशु मिलकर 'हॉस्टल डेज' नाम से पीजी चला रहै।